राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 346
लखनऊ, मंगलवार 18 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





विजेता को सांसद अशोक रावत ने किया सम्मानित 11

सर्पदंश में घबराएं नहीं, अस्पताल पहुंचें : ब्रजेश पाठक 05


# भाजपा की टीम नवीन में यूपी का दबदबा

## रेखा वर्मा, तारिक मंसूर, स्मृति ईरानी व हरीश द्विवेदी को अहम जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।

भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को अपनी नवीन राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी। इस टीम में संगठन को मजबूत करने के साथ उत्तर प्रदेश को भी खास प्रतिनिधित्व दिया गया है। नई टीम में उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय मंत्री और विभिन्न मोर्चों में कई नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। वहीं सोशल मीडिया और मीडिया से जुड़े दायित्वों में भी बदलाव किया गया है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में उत्तर प्रदेश से रेखा वर्मा और प्रो. तारिक मंसूर को जिम्मेदारी मिली है। राष्ट्रीय महामंत्री पद पर स्मृति ईरानी और हरीश द्विवेदी को शामिल किया गया है। राष्ट्रीय मंत्री के तौर पर उत्तर प्रदेश से डॉ. भोला सिंह और संगीता यादव को जिम्मेदारी दी गई है।

मोर्चों में भी उत्तर प्रदेश को महत्वपूर्ण स्थान मिला है। अमरपाल मौर्य को ओबीसी मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि कुंवर बासित अली को अल्पसंख्यक मोर्चे की कमान सौंपी गई है। इस तरह प्रदेश से संगठन के कई महत्वपूर्ण स्तरों पर



रेखा वर्मा
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

प्रो. तारिक मंसूर
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

स्मृति ईरानी
राष्ट्रीय महामंत्री

हरीश द्विवेदी
राष्ट्रीय महामंत्री

प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है और दो मुस्लिम चेहरों को भी तरजीह दी गई है।

नई टीम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के तौर पर वसुंधरा राजे सिंधिया, तीरथ सिंह रावत, राम माधव, बैजयंत जय पांडा, डी. पुरंदेश्वरी, वर्षाबेन नरेंद्रभाई दोशी, डॉ. भारती प्रवीण पवार, सरदार मनप्रीत सिंह बादल, लाल सिंह आर्य, प्रो. एस. नागराज और डॉ. मधुचंद कर को जिम्मेदारी मिली है।

संगठन में बी.एल. संतोष को राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बनाया गया है। शिवप्रकाश और सौदान सिंह को राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) की जिम्मेदारी मिली है। राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में विनोद तावड़े, सुनील बंसल, बिप्लब कुमार देब, डॉ. सतीश पूनिया, गजेंद्र पटेल और संजय भाटिया को जिम्मेदारी दी गई है।

राष्ट्रीय मंत्री के पद पर कविता पाटीदार, के. सुरेंद्रन, डॉ. प्रदीप वर्मा, जगदीश ईश्वरभाई पटेल, डॉ. संदीप पाठक, फांग्नोन कोन्याक, अनिल एंटनी, डॉ. एम. वेंकटेश, मनोज तिग्गा, सिद्धार्थ शंभु, डॉ. स्वदेश सिंह, मृगांका देव बर्मन, रोहन गुप्ता और जय प्रकाश को शामिल किया गया है।

पीयूष गोयल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और राजेश मंगल को राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। तरुण चुघ को राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी तथा महेंद्र पांडे को राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी मिली है।

नॉर्थ ईस्ट संयोजक के रूप में डॉ. संबित पात्रा और सह-संयोजक के रूप में राजीव बब्बर को जिम्मेदारी दी गई है। प्रकोष्ठ संकुल संयोजक विष्णु दत्त शर्मा तथा सह-संयोजक ऋतुराज सिन्हा और विष्णु वर्धन रेड्डी बनाए गए हैं।

मोर्चों में डॉ. हेमांग जोशी को युवा मोर्चा, रूप कुमारी चौधरी को महिला मोर्चा, बंसीलाल गुर्जर को किसान मोर्चा, शिवेश कुमार राम को एससी मोर्चा और डॉ. मन्नालाल रावत को एसटी मोर्चा की जिम्मेदारी दी गई है।

मीडिया की कमान अनिल बलूनी को मीडिया संयोजक के रूप में दी गई है। आशीष उषा अग्रवाल, प्रदीप भंडारी और सिद्धार्थ यादव मीडिया सह-संयोजक बनाए गए हैं। सबसे अहम बदलावों में सोशल मीडिया संगठन भी शामिल है। दीपक म्हस्के को सोशल मीडिया संयोजक बनाया गया है। उनके साथ प्रीति गांधी, शिवानंद द्विवेदी, आलोक भट्ट और अरुण यादव को सोशल मीडिया सह-संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है।

नई टीम में कुल 65 पदों पर जिम्मेदारियां घोषित की गई हैं। उत्तर प्रदेश से जुड़े नेताओं को संगठन के शीर्ष पदों से लेकर मोर्चों और राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न जिम्मेदारियों में स्थान मिलने से 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश संगठन की भूमिका और महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वर्ष 2027 होने वाले विधानसभा चुनाव वाले 7 राज्यों में से 4 राज्यों को प्रतिनिधित्व मिला है। उत्तर प्रदेश से 8, उत्तराखंड से 4, गुजरात से 4 और पंजाब से 2, यानी कुल 18 चेहरे नई टीम में शामिल हैं। वहीं गोवा, मणिपुर और हिमाचल प्रदेश से कोई नाम नहीं है।

### पंकज-धर्मपाल ने दी बधाई

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी निष्ठा व समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने तथा जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने में योगदान देंगे।

# लखीसराय मंदिर में भगदड़, 8 की मौत



लखीसराय के अशोकधाम मंदिर में मची भगदड़ के बाद का दृश्य।

**हादसा 1**

- करंट की अफवाह से मची अफरा-तफरी

एजेंसी, पटना।

बिहार के लखीसराय जिले में सावन की तीसरी सोमवारी पर अशोकधाम मंदिर में जलाभिषेक के लिए उमड़ी भारी भीड़ के बीच सोमवार सुबह भगदड़ मच गई। हादसे में आठ महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। अलग-अलग रिपोर्टों में घायलों की संख्या 14 से लेकर दो दर्जन से अधिक बताई गई है। कुछ घायलों की हालत गंभीर है।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, अशोकधाम हॉल्ट स्टेशन के पास श्रद्धालुओं की कतार लगी थी। इसी दौरान बिजली का पोल गिरने या तार टूटने की घटना के बाद भीड़ में करंट फैलने की अफवाह फैल गई। इससे श्रद्धालुओं में अचानक दहशत फैल गई और लोग सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। भीड़ के दबाव में बैरिकेडिंग का एक हिस्सा टूट गया और कई लोग एक-दूसरे के ऊपर गिर पड़े।

प्रशासन के अनुसार, घटना के समय मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। अशोकधाम हॉल्ट पर दो ट्रेनों के एक साथ या लगातार पहुंचने से श्रद्धालुओं की संख्या अचानक बढ़ गई। इससे पहले से मौजूद भीड़ पर दबाव और बढ़ गया।

हादसे के बाद घायलों को लखीसराय सदर अस्पताल समेत आसपास के अस्पतालों में पहुंचाया गया। अस्पताल में बड़ी संख्या में परिजन अपने लापता या घायल स्वजन की तलाश करते नजर आए। प्रशासन और पुलिस की टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। घटना की वास्तविक वजह और सुरक्षा व्यवस्था में हुई चूक की जांच की जा रही है।

## होटल में भीषण आग से छह श्रद्धालुओं की मौत

**हादसा 2**

- पं. बंगाल के तारापीठ के होटल में लगी आग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के तारापीठ मंदिर के सामने स्थित एक होटल में आज तड़के लगी आग में कम से कम छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और अन्य कई लोग झुलस गए। इन लोगों को रामपुरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झुलसे लोगों की स्थिति को देखते हुए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। बताया गया है कि तारापीठ थाने से कुछ ही दूरी पर स्थित पांच मंजिला होटल 'विदेशिनी' में सोमवार सुबह करीब साढ़े चार बजे यह हादसा हुआ। होटल के बिजली आपूर्ति केंद्र में अचानक विस्फोट के बाद आग लगी। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, बिजली के तारों में खराबी के कारण विस्फोट हुआ। इस दौरान अधिकांश श्रद्धालु सो रहे थे।

## नागचंद्रेश्वर मंदिर में भगदड़ 13 घायल, कई बेहोश

**हादसा 3**

- करंट की अफवाह से अफरा-तफरी

**उज्जैन।** सावन के तीसरे सोमवार और नागपंचमी के संयोग पर उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर परिसर में सोमवार को भारी भीड़ के बीच भगदड़ मच गई। नागचंद्रेश्वर मंदिर के दर्शन के लिए लगी लंबी कतार में अचानक करंट फैलने की अफवाह से श्रद्धालुओं में दहशत फैल गई। भीड़ का दबाव बढ़ने से कई लोग एक-दूसरे के ऊपर गिर गए। हादसे में 13 श्रद्धालुओं के घायल होने की जानकारी सामने आई है। नागचंद्रेश्वर मंदिर के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। रिपोर्टों के अनुसार करीब 40 हजार लोग कतार में थे। भीड़ इतनी अधिक थी कि कई स्थानों पर दबाव बढ़ गया। कुछ श्रद्धालुओं के बेहोश होने की भी जानकारी सामने आई है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,55,810/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,42,850/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,16,910/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,50,000/किग्रा |



# कोटेदारों को मुख्यमंत्री योगी की बड़ी सौगात

- कमीशन 90 से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति क्विंटल किया
- कोटेदारों अब कहलायेंगे अन्नपूर्णा भवन संचालक



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कोटेदारों को बड़ी सौगात देते हुए उनके कमीशन में बढ़ोतरी की है। अब सार्वजनिक वितरण प्रणाली की रीढ़ माने जाने वाले कोटेदार 'अन्नपूर्णा भवन संचालक' कहलाएंगे। लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ई-पास आधारित कोटेदार कमीशन प्रणाली का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अन्नपूर्णा भवन संचालकों का कमीशन 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की। इसके अलावा कमीशन में 25 रुपये प्रति क्विंटल और बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार को पत्र भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार उचित मूल्य विक्रेताओं के सम्मान और उनकी आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उचित मूल्य की दुकानों को अन्नपूर्णा भवन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके लिए इस वर्ष 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अन्नपूर्णा भवन में दुकान के साथ वेयरहाउस की सुविधा भी होगी।

### 39 प्रकार की खाद्य सामग्री अब होगी उपलब्ध

सीएम ने कहा कि अन्नपूर्णा भवनों से अब 39 प्रकार की खाद्य सामग्री बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। संचालकों को कमीशन प्रणाली के तहत सरकार को अपना फीडबैक देने की सुविधा भी मिलेगी। इससे राशन वितरण व्यवस्था में आने वाली समस्याओं की जानकारी सीधे सरकार तक पहुंच सकेगी और व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकेगा। योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले कोटेदार शब्द को लेकर लोगों की धारणा अच्छी नहीं थी। सरकार ने ई-पॉस मशीनों और सिंगल डोरस्टेप डिलीवरी के माध्यम से राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाई। अब एफसीआई के गोदाम से सीधे उचित मूल्य की दुकान तक राशन पहुंचाया जा रहा है। इससे राशन वितरण में बिचौलियों की भूमिका कम हुई।

### संक्षिप्त समाचार

**पुरानी गाड़ियों के लिए ई-10 का विकल्प**

नई दिल्ली। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने पुरानी गाड़ियों के लिए ई-10 पेट्रोल का अलग विकल्प उपलब्ध कराने का सुझाव दिया है, जबकि नई गाड़ियों में ई-20 ईंधन जारी रखने की बात कही है।

**जनगणना-2027 शुरू**

नई दिल्ली। देश में जनगणना-2027 का पहला चरण शुरू हो गया है। पहाड़ी और बर्फीले क्षेत्रों में 17 से 31 अगस्त तक लोग खुद ऑनलाइन स्व-गणना कर सकेंगे, जबकि इस बार सामान्य जनगणना में जाति संबंधी जानकारी भी जुटाई जाएगी।

**दो और पायलट ड्रग टेस्ट में पाजीटिव**

नई दिल्ली। एयर इंडिया के दो और पायलट प्रारंभिक ड्रग स्क्रीनिंग में नॉन-नेगेटिव पाए गए हैं। दोनों को उड़ान ड्यूटी से हटाकर उनके नमूने पुष्टि जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

**राहुल गांधी ने हेमंत सोरेन को लिखा पत्र**

नई दिल्ली। झारखंड में भर्ती परीक्षाओं को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों के समर्थन में राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर प्रदर्शनकारी छात्रों से व्यक्तिगत रूप से मिलने और उनकी समस्याओं का समाधान करने की अपील की है।

**पूर्व जज गिरिबाला पर दहेज सहित कई धाराएं**

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बहुचर्चित एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को भोपाल की विशेष अदालत में 636 पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी है। मामले में सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ सिंह को आरोपित बनाया गया है।

**अमेरिकी ड्रोन 30 महीने की लीज पर लेगा भारत**

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना के लिए दो एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन अमेरिका से 30 महीने के लिए लीज पर लिए जाएंगे। अमेरिका से 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन खरीदने का सौदा फाइनल न होने पर यह रास्ता निकाला गया है। लगभग 1,943 करोड़ रुपये के इस समझौते पर सोमवार को नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए।

# सीजेपी के बाद अब दिमागी नक्सल पार्टी

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस के भाषण में इस्तेमाल किए गए 'दिमागी नक्सल' शब्द के बाद सोशल मीडिया पर इसे लेकर नया सियासी व्यंग्य सामने आया है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' के बाद अब सोशल मीडिया पर 'दिमागी नक्सल पार्टी' नाम से एक नया पेज चर्चा में है।

इंस्टाग्राम पर सामने आए इस पेज से महज 24 घंटे में एक लाख से अधिक लोग जुड़ गए, जबकि दो दिनों के भीतर इसके फॉलोअर्स की संख्या 1.8 लाख से अधिक पहुंच गई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पेज के बायो में





- प्रधानमंत्री के भाषण के बाद नई चर्चा शुरू
- दो दिन में 1.8 लाख बने फॉलोअर्स

इसका उद्देश्य 'सोचो, रिसर्च और विरोध करो' बताया गया है। खुद को 'दिमागी भारतीय' बताने वाले फाउंडर का भी उल्लेख किया गया है।

पार्टी के नाम से बनाए गए सोशल मीडिया अकाउंट में खुद को भगत सिंह की विचारधारा का अनुयायी बताया गया है। सोमवार को इस कथित पार्टी की ओर से इंस्टाग्राम अकाउंट पर साइबर अटैक किए जाने का आरोप भी लगाया गया। हालांकि, इस पेज को किसने बनाया है, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। इसे लेकर सियासी हलकों में चर्चा का बाजार गर्म है।

### हां, मैं दिमागी नक्सल हूं : केजरीवाल



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'दिमागी नक्सली' वाले बयान पर निशाना साधते हुए खुद को भी 'दिमागी नक्सली' बताया। उन्होंने कहा कि जो लोग भाजपा और केंद्र सरकार से सवाल करेंगे तथा देश में बेहतर सुविधाओं की मांग करेंगे, उन्हें 'दिमागी नक्सल' कहा जाएगा।

### महबूबा मुफ्ती भी जमात में शामिल



दिमागी नक्सली को लेकर देश की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है। पीडीपी की अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के बयान पर पलटवार करते हुए खुद को भी दिमागी नक्सली बताया है।

### झारखण्ड : सीजीएल समेत सभी एग्जाम व रिजल्ट रद्द

एजेंसी, रांची। झारखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित धांधली और अनियमितताओं को लेकर जारी छात्रों के आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार ने विवादित एजेंसी टीडीपीएल द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं, परिणाम और चयन प्रक्रिया को रद करने का निर्णय लिया है। इसमें जेएसएससी-सीजीएल भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक हुई छोटी-बड़ी गड़बड़ियों की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार के लिए काम करेगी। परीक्षा संचालन के लिए पहले से एसओपी निर्धारित है, यदि उसका पालन होता तो ऐसी गड़बड़ियां नहीं होतीं।

**समृद्ध टिप्पणी** — अगले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय टीम में यूपी को तरजीह

# जातीय समीकरण साधने के साथ अखिलेश के पीडीए का भी तोड़



सुरेश बहादुर सिंह
राजनीतिक संपादक

लखनऊ।

भारतीय जनता पार्टी के लिए उत्तर प्रदेश कितना महत्व रखता है, नितिन नवीन की नई टीम को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है। संगठन में हुए बदलाव से जाहिर होता है कि भाजपा ने जातीय समीकरण में संतुलन बनाते हुए अखिलेश यादव के पीडीए फार्मूले का तोड़ प्रस्तुत किया है।

भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम में उत्तर प्रदेश को महत्वपूर्ण हिस्सेदारी मिली है। पार्टी ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नई टीम में राज्य के कई नेताओं को अहम जिम्मेदारियां दी हैं। इनमें दो नेताओं को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, दो को राष्ट्रीय महासचिव और दो नेताओं को मोर्चा अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है।नई टीम में यूपी से डॉ. तारिक मंसूर और अन्य नेताओं को महत्वपूर्ण दायित्व दिए गए हैं। पार्टी की इस नई व्यवस्था को आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भी अहम माना जा रहा है। नई राष्ट्रीय टीम के गठन के साथ ही प्रदेश के नेताओं की भूमिका बढ़ी है। पिछले लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव में यह चर्चा जोरों पर थी कि मुस्लिम मतदाताओं के धडे ने दोनों चुनावों में भाजपा के पक्ष में मतदान किया था। इस बार दो-दो मुस्लिम नेताओं को संगठन में तरजीह देकर खासतौर से अल्पसंख्यक वोटों में अपना दायरा और बढ़ाने की कोशिश है।

भाजपा की ओर से घोषित नई टीम में सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरणों को भी साधने की कोशिश दिखाई दे रही है। पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन की ओर से घोषित टीम में यूपी के नेताओं को मिली जिम्मेदारियां आगामी चुनावी रणनीति में प्रदेश के महत्व को भी दर्शाती हैं।



माना जा रहा है कि नई टीम के जरिए संगठन को चुनाव से पहले और अधिक सक्रिय एवं मजबूत करने की तैयारी है। स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। 2024 में अमेठी लोकसभा चुनाव हारने के बाद वे केंद्रीय मंत्रिमंडल से बाहर हुई थीं, लेकिन पार्टी के चुनावी अभियानों में सक्रिय रहीं। 2026 के पश्चिम बंगाल चुनाव में उन्होंने बंगाली में प्रचार किया। उनकी नई भूमिका को 2027 के उत्तर प्रदेश चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। स्मृति एक जोरदार वक्ता हैं। कांग्रेस और खासतौर पर गांधी नेहरू परिवार पर हमेशा आक्रामक हैं। उनकी आक्रामकता को विधानसभा चुनाव के माध्यम से भुनाने की कोशिश होगी। प्रदेश में एक बड़ा संदेश आम है कि भाजपा से ब्राह्मण नाराज है।

यही कारण है कि ब्राह्मण समाज को साधने के लिए हरीश द्विवेदी को पार्टी में राष्ट्रीय मनमंत्री जैसी अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। हरीश द्विवेदी की अपने समाज में अच्छी पकड़ है। कुछ विवादों लेकिन 2024 में जब उनका टिकट काट दिया गया, तो इसको लेकर ब्राह्मणों में खासी नाराजगी देखी गई थी। यही कारण था कि भाजपा प्रत्याशी चुनाव हार गया और बस्ती लोकसभा सीट भाजपा की झोली में चला गया था। हरीश द्विवेदी की पूर्वांचल के ब्राह्मणों में अच्छी पकड़ है, जिसका लाभ आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिल सकता है।

भाजपा ने रेखा वर्मा और संगीता यादव को संगठन में जगह देकर पूर्वांचल और तराई बेल्ट में पिछड़े मतदाताओं को अपने पाले में लाने का प्रयास किया है। संगीता यादव के माध्यम से अखिलेश के सजातीय वोटों में सेंधमारी करने की जुगत है। जहां तक रेखा वर्मा की बात है, तो तराई क्षेत्र के केवल कुर्मी समाज ही नहीं अन्य पिछड़े वर्ग में भी उनकी अच्छी खासी पकड़ है। उनके माध्यम से सपा के पीडीए के 'पी' को डेंट करने की कोशिश होगी। भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम में संगठन के अनुभवी नेताओं के साथ कई नए चेहरों को भी जगह दी गई है।

नितिन नवीन के नेतृत्व में बनाई गई टीम में वसुंधरा राजे सिंधिया, राम माधव, बैजयंत जय पांडा और स्मृति ईरानी समेत कई प्रमुख नेताओं को अहम जिम्मेदारियां मिली हैं। बी.एल. संतोष राष्ट्रीय संगठन महासचिव के पद पर बने रहेंगे, जबकि पीयूष गोयल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं 13 नेताओं को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गए प्रमुख नेताओं में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, राम माधव, बैजयंत जय पांडा, डी. पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, डॉ. भारती प्रवीण पवार और पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल शामिल हैं।

### फर्रुखाबाद : एक ही परिवार के तीन लोगों सहित चार कांवड़िया डूबे

समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद। पांचाल घाट पर सोमवार भोर में गंगा स्नान के दौरान एक ही परिवार के तीन लोगों समेत चार कांवड़िया गहरे पानी में डूब गए। घटना के बाद घाट पर अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ तथा स्थानीय गोताखोरों की मदद से चारों की तलाश शुरू कराई गई। गंगा में तेज बहाव के कारण दोपहर तक किसी का पता नहीं चल सका। शाहजहांपुर जिले के नयागांव खुदागंज निवासी योगेश (17) पुत्र प्रमोद सक्सेना, उसके चाचा विकास (25) पुत्र सोनपाल सक्सेना, चचेरे चाचा कमल (23) पुत्र सत्यपाल और गांव के अर्जुन (17) पुत्र राजेश प्रजापति समेत करीब 10 लोग रविवार देर रात पांच बाइकों से कांवड़ लेकर पांचाल घाट पहुंचे थे। सोमवार सुबह करीब 4:30 बजे सभी उत्तरी बंधा के पास गंगा स्नान के लिए पहुंचे। बताया गया कि कुछ साथी बाइकों के पास खड़े रहे, जबकि योगेश समेत चारों युवक स्नान करने के लिए गंगा में उतरे थे।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।**



शासन की मंशानुरूप आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से तहसील बलरामपुर सदर में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को एक-एक कर गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने प्राप्त प्रकरणों के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों से आवश्यक जानकारी लेते हुए शिकायतों का नियमानुसार एवं समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन की प्राथमिकता का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसमें प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को अधिकारी पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता से लें। शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता के रूप में न किया जाए, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने भूमि विवाद एवं राजस्व से संबंधित मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करते हुए नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरण, जिनका निस्तारण मौके पर जाकर ही संभव है, उनमें स्थलीय निरीक्षण अवश्य किया जाए, तथा दोनों पक्षों को सुनते हुए नियमानुसार समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समयसीमा के भीतर निस्तारित किया जाए। किसी भी स्तर पर अनावश्यक रूप से प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी नियमित समीक्षा किए जाने तथा शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण से आमजन का प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत होता है। सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की नियमित समीक्षा करें तथा यह सुनिश्चित करें कि शिकायतकर्ता को एक ही समस्या के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, पंचायती राज, विद्युत, कृषि, पूर्ति, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें एवं समस्याएं प्राप्त हुईं। संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया ध्वजारोहण

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।**





कलेक्ट्रेट परिसर में पूरे सम्मान एवं गरिमामय वातावरण में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के उपरांत जिलाधिकारी सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय ध्वज को अभिवादन किया तथा राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना से ओत-प्रोत नजर आया। इस अवसर पर देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर बलिदानियों के त्याग, संघर्ष एवं योगदान का स्मरण किया गया। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के आदर्शों एवं उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए जनपद एवं राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया। वही पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा 80वां स्वतंत्रता दिवस 2026 के शुभ अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर में ध्वज रोहण कर राष्ट्र ध्वज को सलामी दी गई जिसमें समस्त अधिकारी/कर्मचारी गण द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया।

## खबरें एक नजर में

### स्वतंत्रता दिवस पर सीएमओ कार्यालय में फहराया तिरंगा

**बलरामपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगान के साथ देश की स्वतंत्रता एवं राष्ट्र की एकता-अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने जिला मेमोरियल चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय पहुंचकर भर्ती मरीजों का कुशलक्षेम जाना तथा उन्हें फल वितरित किए। उन्होंने मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। सीएमओ ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की सेवा, मानवता और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। स्वास्थ्य विभाग का प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

### राशन दुकानदारों के लाभांश में बढ़ोतरी

**अम्बेडकरनगर।** प्रदेश सरकार ने उचित दर विक्रेताओं को बड़ी राहत देते हुए उनके लाभांश में बढ़ोतरी कर दी है। अब उचित दर विक्रेताओं को 90 के स्थान पर 125 प्रति कुंतल लाभांश मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ स्थित लोकभवन से प्रदेश के 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं के हित में इस व्यवस्था का शुभारंभ किया। इसके साथ ही सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी के तहत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली भी शुरू की गई। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार, अम्बेडकरनगर में किया गया। इस दौरान जिला पंचायत प्रशासक श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधु वर्मा, जिलाधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप देव पटेल, जिला पूर्ति अधिकारी समेत बड़ी संख्या में उचित दर विक्रेताओं ने कार्यक्रम देखा और मुख्यमंत्री का संबोधन सुना।

### सड़क हादसे में तीन कांवरियों की मौत

**प्रयागराज।** सराय इनायत थाना क्षेत्र के सरबतीपुर गांव के पास बीती रात बारिश के दौरान तेज रफ्तार बाइक और आरओ वाटर ले जा रहे ऑटो की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक ही मोटरसाइकिल पर सवार तीन कांवरियों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक तीनों कांवरिये तेज रफ्तार बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान बाइक कांवर भंडारे के लिए आरओ वाटर ले जा रहे ऑटो से टकरा गई। हादसे में थरवई निवासी शिव प्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, फाफामऊ निवासी अशोक कुमार और थरवई निवासी लल्लू गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई।प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, बीती रात बारिश के दौरान तेज रफ्तार में बाइक चलाने के चलते हादसा हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### छात्रा की मौत से परिवार में मचा कोहराम

**अम्बेडकरनगर।** बसखारी थाना क्षेत्र के मसड़ा मोहनपुर गांव में सोमवार को उस समय मातम पसर गया, जब 25 वर्षीय बीटीसी छात्रा अंशिका उर्फ प्रीति शर्मा का शव नहर में मिला। बेटी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जिस बेटी के बेहतर भविष्य को लेकर परिजन सपने संजो रहे थे, उसकी अचानक मौत ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। गांव निवासी प्रहलाद शर्मा की पुत्री अंशिका घर से नहर की ओर जाने की बात कहकर निकली थी। कुछ देर बाद उसके नहर में जाने की जानकारी सामने आई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से अंशिका को नहर से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### एटीएम से हुई पचपन हजार की ठगी

**मसौली बाराबंकी।** थाना व कस्बा मसौली के मोहल्ला कटरा निवासी ललित कुमार के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाते से आनलाइन 55 हजार रुपये निकाल लिए। ठग ने खाते से 4 बार रुपये निकाले हैं। जबकि पीड़ित ने न तो किसी को ओटीपी बताया और न ही बैंक खाते से संबंधित किसी को जानकारी दी पीड़ित ने शाखा प्रबंधक सहित स्थानीय पुलिस को हुई ठगी की तहरीर दी है। बताते चले कि थाना व कस्बा मसौली के मोहल्ला कटरा निवासी ललित कुमार पुत्र रामचरित का खाता संख्या 302302010014566 यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा मसौली मे संचालित है गत 14 अगस्त को पहले 25 हजार फिर 3 बार मे 30 हजार रुपये निकल गये है मोबाइल फोन पर आये मैसेज देखकर होश उड़ गये। पीड़ित ने जिसकी शिकायत शाखा प्रबंधक सहित स्थानीय पुलिस को दी है।

### सरयू का जलस्तर बढ़ा, तराई के गांवों में घुसा बाढ़ का पानी

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** सरयू नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के तराई इलाकों में बाढ़ का खतरा गहरा गया है। सोमवार को गुनौली, ढेमा, टिकरी, कोयलावर और जलालपुर समेत कई गांवों में पानी पहुंच गया। इससे ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई और जनजीवन प्रभावित हो गया। हालात का जायजा लेने के लिए एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय ने खुद मोर्चा संभाला। लाइफ जैकेट पहनकर वे नदी के बीच बसे गुनौली गांव पहुंचे और ग्रामीणों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की।

# आजादी को संजोए रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारीः राजेश

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**



बड़े संघर्ष और असंख्य बलिदानों के बाद हमें आजादी मिली है। इस आजादी को सुरक्षित, सुदृढ़ और गौरवशाली बनाए रखना वर्तमान पीढ़ी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यह उदगार आल इंडिया बैंक ऑफ बड़ौदा एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी एवं भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार ने व्यक्त किया द्य वह स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हुडसा संस्था द्वारा समदरिया स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे द्य उन्होंने बच्चों से राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने तथा अनुशासन, शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता विनय शुक्ल ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों के त्याग, संघर्ष और समर्पण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने नई पीढ़ी से स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की। डॉ. बबली द्विवेदी ने प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन और धैर्य के साथ निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य कादंबरी ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि शिम्पी यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा अमर शहीदों को समर्पित कई भावपूर्ण नाट्य प्रस्तुतियां दी गईं। रूपा चतुर्वेदी के निर्देशन में प्रस्तुत 'सिन्दूर ऑपरेशन' ने उपस्थित दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया और खूब सराहना प्राप्त की।

बच्चों की प्रस्तुतियों में देशभक्ति, शौर्य, त्याग और राष्ट्रप्रेम की भावनाएं स्पष्ट रूप से दिखाई दीं। समारोह में दिलीप कुमार, अधिवक्ता विनोद द्विवेदी, दिलीप मालवीय तथा डॉ. अमृत लाल पटेल ने भी अपने विचार व्यक्त किए द्य हुडसा के सचिव डॉ मणि शंकर द्विवेदी ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अमन मौर्य, सरिता सिंह, वंदना प्रजापति, गुंजा सिंह, हर्षिता राजपाल, आकृति मौर्या, नैन्सी यादव, हुमा हैदर, शादमीन, राधा, कमलेश कुमार, संदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।**

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के निर्देशन एवं मिशन शक्ति अभियान के नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीम द्वारा विभिन्न गांवों, कस्बों एवं विद्यालयों में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जनपद बलरामपुर के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा पुलिस द्वारा क्षेत्र में जाकर ग्राम चौपाल एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों एवं सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। कार्यक्रम में दहेज प्रथा, बाल विवाह, महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध (डिजिटल अरेस्ट), गुड टच-बैड टच तथा महिला अधिकारों से जुड़े विभिन्न कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बाल विवाह एवं दहेज प्रथा को सामाजिक कुरीति एवं दण्डनीय अपराध बताते हुए संबंधित कानूनों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान के तहत मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने की अपील की गई। इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने के लिए भी नागरिकों को जागरूक किया गया।

## अपंजीकृत मच्छर भगाने वाली अगरबत्तियों पर सख्ती

**समृद्धि न्यूज़, अम्बेडकरनगर।** बाजार में बिक रही अपंजीकृत ब्रांड की मच्छर भगाने वाली अगरबत्तियों को लेकर कृषि रक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने नागरिकों से ऐसी अगरबत्तियों की खरीद और इस्तेमाल न करने की अपील की है। साथ ही कीटनाशक विक्रेताओं, किराना कारोबारियों और फुटकर दुकानदारों को इनके भंडारण, प्रदर्शन और बिक्री से दूर रहने की चेतावनी दी गई है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी के अनुसार बाजार में स्वीट नाइट, डिनोसर, कंफर्ट समेत अन्य ब्रांड नामों से मच्छर भगाने वाली अगरबत्तियां बेचे जाने की जानकारी सामने आई है। इनमें मीपरफ्लूथ्रिन जैसे कीटनाशक के अनधिकृत प्रयोग की शिकायत है। विभाग के मुताबिक केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड एवं पंजीकरण समिति द्वारा इन उत्पादों को अगरबत्ती के रूप में मानव उपयोग के लिए पंजीकृत अथवा स्वीकृत नहीं किया गया है। विभाग ने बताया कि मीपरफ्लूथ्रिन युक्त धुएं के लगातार संपर्क में आने से सांस लेने में परेशानी, अस्थमा, फेफड़ों से जुड़ी समस्याएं और आंखों में जलन जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है। कृषि रक्षा विभाग ने लोगों से अपने और परिवार के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अपंजीकृत ब्रांड की मच्छर भगाने वाली अगरबत्तियों का क्रय और उपयोग तत्काल बंद करने की अपील की है। नागरिकों से केवल केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड द्वारा पंजीकृत एवं स्वीकृत मच्छररोधी उत्पादों का ही इस्तेमाल करने को कहा गया है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने जनपद के सभी कीटनाशक विक्रेताओं, किराना व्यापारियों और फुटकर दुकानदारों को ऐसे उत्पादों का भंडारण, प्रदर्शन अथवा बिक्री नहीं करने के निर्देश दिए हैं। जांच के दौरान किसी प्रतिष्ठान पर इन उत्पादों का भंडारण या विक्रय पाए जाने पर कीटनाशक अधिनियम, 1968 एवं संबंधित नियमों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत कटौती को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज, मसौली बाराबंकी।**

अघोषित विद्युत कटौती एव लो वोल्टेज की समस्याओं को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लाक अध्यक्ष भगौती प्रसाद वर्मा की अगुवाई मे विद्युत उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर उपकेंद्र की क्षमता बढ़ाये जाने की मांग की है। भाकियू ब्लाक अध्यक्ष भगौती प्रसाद वर्मा के की अगुवाई मे सौपे गये ज्ञापन मे प्रति दिन शाम को होने वाली विद्युत कटौती को खत्म किया जाए तथा लो वोल्टेज की समस्या को दूर किया जाय। वर्ष 2024 मे ग्राम पंचायत सैदनपुर मे विद्युत उपकेंद्र की स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराई गयी थी लेकिन अभी तक उपकेंद्र की स्थापना नही की गयी है। भाकियू कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक माह बिल रीडिंग कराने की मांग की है तथा बिल की वसूली व्यवस्था के अनुसार होनी चाहिए न की बिजली चोरी व कार्यवाही की जाय और उपभोक्ताओं की बगैर जानकारी के एक किलो वाट के विद्युत कनेक्शनो को दो किलो वाट मे किये गये कनेक्शनो को सही किया जाय तथा 11 हजार लाइन के ढीले तारों को सही कराये जाने की मांग की है। भाकियू ब्लाक अध्यक्ष भगौती प्रसाद वर्मा के साथ आये सिरौलीगौसपुर तहसील अध्यक्ष रामस्जीवन वर्मा ने चेतावनी दी है की यदि 23 अगस्त तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 25 अगस्त को धरना दिया जायेगा।

# 4 हजार तोतों को शिकारियों के चंगुल से कराया मुक्त, वन दरोगा विजय कुमार शुक्ल सम्मानित

**समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।**



वन्यजीव संरक्षण एवं वन अपराधों की रोकथाम के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले वन दरोगा विजय कुमार शुक्ल को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वन विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनके द्वारा वन्यजीव तस्करी के खिलाफ लगातार की जा रही कार्रवाई की विभागीय अधिकारियों ने सराहना की। विजय कुमार शुक्ल पुत्र स्व. रामनारायण शुक्ल जो कि सहबाजगंज, थाना सहजनवा, जनपद गोरखपुर के निवासी हैं। वर्तमान में वह तिलकोनिया रेंज के अंतर्गत रजही सेक्शन प्रभारी के पद पर तैनात हैं। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए विजय कुमार शुक्ल की टीम अब तक लगभग 4,000 तोतों को शिकारियों के चंगुल से मुक्त करा चुकी है। इसके अलावा कछुआ तस्करी के मामलों में भी प्रभावी कार्रवाई करते हुए तस्करों को पकड़कर जेल भेजा गया। वन्यजीवों को तस्करों के कब्जे से मुक्त कराने के बाद उन्हें नियमानुसार प्राकृतिक वातावरण में पुनर्वासित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई है। इसके साथ ही कुसम्ही वन क्षेत्र में विरासत वाटिका, पौधरोपण एवं नगर वन की स्थापना जैसे कार्यों में भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध कटान के विरुद्ध लगातार कार्रवाई से वन अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगा है। वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति उनकी कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए मुख्य वन संरक्षक डॉ. बोनिक चन्द्र ब्रह्मा, डीएफओ गोरखपुर शुभम सिंह एवं एसडीओ गोरखपुर विनीत सिंह द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# जलाभिषेक के लिए आए शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से हुई फूलों की वर्षा

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।**



अवसानेश्वर महादेव मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को जलाभिषेक एवं पूजन अर्चन करने आये श्रद्धालुओं पर मंडलायुक्त राजेश कुमार व डीआईजी अयोध्या सोमेन वर्मा द्वारा हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गयी। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार सोमवार को गोमती नदी के तट पर स्थित अवसानेश्वर महादेव मंदिर एवं भगवान शिव की आराधना करने आए शिव भक्तों पर दोनो अधिकारियों द्वारा हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। हेलीकॉप्टर से उड़ान भरकर मंदिर परिसर के आसमान पर सुबह9 बजे सबसे पहले पहुंचे अधिकारियों ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर हर हर महादेव एवं भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठा। यह ऐतिहासिक क्षण उस समय सामने आया जब हजारों शिवभक्त अवसानेश्वर महादेव का जला- भिषेक करने के लिए मंदिर परिसर में उपस्थित थे। उसी दौरान आसमान से गुलाब की पंखुड़ियों की बौछार होने लगी।

इस दौरान हर-हर महादेव के जयघोष और गुलाब की सुगंध से माहौल दिव्यता से भर गया। इस ऐतिहासिक मौके पर विधायक दिनेश रावत, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती आरती रावत, जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा, युवा नेता शक्ति सिंह मोहित सिंह अतुल गोस्वामी रामतीरथ वर्मा , पंकज दीक्षित संतोष श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त मौजूद रहे।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के 8वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



सभा में मुख्य अतिथि गोंडा सदर से विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने कहा कि अटल जी का जीवन अटल है, युवाओं को उनसे धैर्य, अनुशासन और चरित्र में अटल रहना सीखना चाहिए। विधायक गोंडा ने कहा मेरे गांव को स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के तहत जोड़ा गया, जिस रास्ते से चल कर मैं आया हूं। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने अटल जी की पंक्ति 'कदम मिला कर चलना होगा' पढ़कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बलरामपुर सदर विधायक पलटूराम और तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने अटल जी के हास्य व्यंग्य के संस्मरण सुनाए। नगर पालिका अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने शब्द सुमन अर्पित किया। तदुपरांत कार्यक्रम आयोजक अंजली मिश्रा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि अटलजी न सिर्फ़ समाज और राजनीति में अपितु परिवार में भी सदैव समन्वय रखते थे। राष्ट्रीय राजनीति में रहते हुए भी उनमें बाल मन की सरलता और ऋषि चित्त की सहजता थी, वह हमेशा हमें स्नेह से दुलराते और हमारी हर छोटी बड़ी जिद पूरी करते। अटल जी भारतीय राजनीति में सुचिता के प्रतीक पुरुष हैं मैं उन्हें भावपूर्ण, अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। कार्यक्रम में श्रद्धांजलि होने के उपरांत सैकड़ों महिलाओं को साड़ी और भोजन वितरित किया गया।

# खेल रहा बालक सर्पदंश का हुआ शिकार

## उपचार के दौरान मौत

**समृद्धि न्यूज़, मसौली बाराबंकी।**



रविवार की शाम घर के बाहर खेल रहे चार वर्षीय बालक को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौलीगौसपुर लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान रात करीब नौ बजे उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार चौकी सआदतगंज क्षेत्र के ग्राम जालिमपुरवा निवासी बालकृष्ण वर्मा का चार वर्षीय पुत्र शिवांश वर्मा रविवार शाम करीब पांच बजे घर के बाहर लगी इंटरलॉकिंग पर खेल रहा था। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। बच्चे की चीख सुनकर परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे तो शिवांश सांप के काटने से तड़प रहा था। परिजन तत्काल शिवांश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौलीगौसपुर लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया लेकिन रात करीब नौ बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शिवांश के पिता लखनऊ स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही वह सीएचसी पहुंचे। चिकित्सकों द्वारा बालक को मृत घोषित किए जाने की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

# श्री कल्पनाथ सिंह स्मृति ओम साहित्य सम्मान से सम्मानित किए गए डॉ. चंद्रभाल सुकुमार

## श्रद्धा के साथ ठा. कल्पनाथ सिंह को किया गया सादर- नमन

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**



एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में सम्मिलित बाल कविता मन के भोले भाले बादल, गीत काल तुमसे क्यों डरूं मैं? कृतियां डायनासोर और शेर सिंह,हरखू महतो, पत्थरों पर तैरता आकाश , धूप के घरौंदे , गुलमोहर फिर नवाब हो गया, सकरी गली का आखिरी मोड़ जैसी दो दर्जन से अधिक कृतियों के रचनाकार ठा. कल्पनाथ सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित' सादर -नमन' कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धा के साथ याद किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने दीप प्रज्वलित कर मां शारदे को पुष्पांजलि अर्पित कर सरस्वती पुत्र ठाकुर कल्पनाथ सिंह को पुष्पांजलि दी कार्यक्रम अध्यक्ष पद्मश्री डॉ विद्या बिंदु सिंह ,विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की प्रधान संपादक डॉक्टर अमिता दुबे, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संस्थान से डॉक्टर रश्मि शील , अवधी ध्वजवाहक डॉ राम बहादुर मिश्र, नागरी प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी सम्माननीय अतिथि बनारस के डॉक्टर चंद्रभाल सुकुमार न्यास के मुख्य सेवक सर्वेश कुमार सिंह, आदि सभी ने अपनी सुमनांजलि अर्पित कर 'सादर नमन' कार्यक्रम के मंच को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई जिसे कुमारी मायरा ने प्रस्तुति दी दूरदर्शन उद्घोषिका किरण भारद्वाज ने बाबूजी रचित मातृभूमि वंदना प्रस्तुत की रणधीर सिंह ने पत्थरों पर तैरता आकाश पुस्तक पर अपनी समीक्षा प्रस्तुत की डॉक्टर कंचन गुप्ता ने बाबूजी रचित कहानी काना कौवा का वाचन किया श्रीमती आराधना त्रिवेदी ने बाबूजी रचित गजल की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के केंद्र में प्रतिष्ठित हिंदी साहित्य पुरस्कार श्री कल्पनाथ सिंह स्मृति ओम साहित्य सम्मान से बनारस के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ चंद्रभाल सुकुमार को अलंकृत किया गया जिसमें उन्हें अंग वस्त्र प्रशस्ति पत्र, पुष्प गुच्छ, माल्यार्पण एवं सम्मानित धनराशि प्रदान की गई।


नरेंद्र दामोदरदास मोदी
प्रधानमंत्री
भारत


बलदेव सिंह औलख
कृषि राज्य मंत्री
(उ.प्र.)


सूर्य प्रताप शाही
कृषि मंत्री
(उ.प्र.)


योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री
(उ.प्र.)

# स्वतंत्रता दिवस
## रक्षाबंधन
## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
### की हार्दिक शुभकामनाएं!


आशुतोष मोहन अग्निहोत्री
जिलाधिकारी


देवेन्द्र सिंह
अपर जिलाधिकारी




राजेन्द्र कुमार श्रीवास
मुख्य विकास अधिकारी


संतोष कुमार
उप कृषि निदेशक, कन्नौज

**योजनाएं**

- सीएम कुसुम सोलर पम्प योजना
- एग्रीस्टेक योजना (फार्मर रजिस्ट्री)
- कृषि यंत्रीकरण
- प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना (एग्रीजंक्शन योजना)
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
- डिजिटल क्रॉप सर्वे



# स्वतंत्रता दिवस
## रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
### की हार्दिक शुभकामनाएं!


बृजेश पाठक
उप मुख्यमंत्री (उ.प्र.)


आशुतोष मोहन अग्निहोत्री
जिलाधिकारी


राजेन्द्र कुमार श्रीवास
मुख्य विकास अधिकारी


देवेन्द्र सिंह
अपर जिलाधिकारी


डॉ. विकास चंद्रा
मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कन्नौज

"निस्वार्थ सेवा ही मेरा धर्म, मानवता ही मेरी पूजा और समाज का हित ही मेरा संकल्प है।"

**डॉ. सरित दुबे**
रेड क्रॉस सोसाइटी
उपसभापति/सचिव
कन्नौज















विवेकानंद की जयंती पर हुआ निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन


स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक कार्यों में डॉ. सरित द्विवेदी के योगदान अतुलनीय-डीएम


टीबी के मरीजों को बांटी पोषण पोटली व ग्लूकोज

टीबी के मरीज को पोषण पोटली देते प्राइवेट नर्सिंग होम एसोसिएशन के


कन्नौज में रेड क्रास ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, बांटे कंबल

नवयुग समाचार संवाददाता सीबू सैनी


स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़

## खबरें एक नजर में

### कथा कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश मंत्री



शाहजहांपुर। विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश मंत्री पुवायां के गांव नगरिया नवासी ठाकुर वीरेंद्र सिंह उर्फ काले एक कथा कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ शामिल हुए। उन्होंने सीएम के साथ कथा श्रवण की और पुण्य लाभ अर्जित किया। इस दौरान वीरेंद्र सिंह उर्फ काले और सांसद रवि किशन, मंत्री दयाशंकर सिंह आदि मौजूद रहे।

### पिकअप को बचाने के चक्कर में चूने से लदा ट्रक पलटा



जैतीपुर, शाहजहांपुर। जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव शिकारपुर के पास सोमवार को तिलहर-दातागंज स्टेट हाईवे पर चूने से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा अलग हो गया। हालांकि चालक बाल-बाल बच गया। ट्रक चालक ने अपना नाम दीपू सिंह बताया। उसके अनुसार, वह ट्रक में चूना लादकर हरियाणा के हिसार जा रहा था। इसी दौरान शिकारपुर गांव के पास सामने आई एक पिकअप को बचाने के प्रयास में ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद ट्रक का आगे का हिस्सा अलग हो गया और सड़क किनारे चूना फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई।

### जैतीपुर पुलिस ने दिल्ली से आरोपी को पकड़ा



गढ़िया रंगीन, शाहजहांपुर। पुलिस ने वांछित अभियुक्तों गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ थाना गढ़िया रंगीन में युवती को शादी के उद्देश्य से बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज था। पुलिस के मुताबिक ग्राम खुबपुर आचितपुर निवासी शिवपाल की तहरीर पर अभियुक्त सौरभ उर्फ गोलू पुत्र जयवीर के खिलाफ मु0अ0स0 18/26धारा 137/2/बीएन एस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में अभियुक्त की लगातार तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने 15 अगस्त करीब दोपहर 1.00 बजे दिल्ली के जागीरपुरी थाना क्षेत्र स्थित मकान नंबर 1614 सी ब्लॉक की चौथी मंजिल के कमरे में सौरव उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधि कर्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त की उम्र 24 वर्ष बताई गई है। कार्रवाई करने वाली पुलिस रजनीश कुमार, आरक्षी अजय कुमार और महिला आरक्षी मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।

### पुवायां में 23 अगस्त तक होगी श्री शिव पुराण कथा

पुवायां, शाहजहांपुर। नगर में सावन माह के पावन अवसर पर श्री शिव पुराण की अमृतवर्षा का आयोजन किया जा रहा है। श्री राम कथा सेवा समिति की ओर से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। आयोजकों के अनुसार कथा का आयोजन 17 अगस्त से 23 अगस्त 2026 तक सावित्री क्लीनिक के सामने, ओम प्लाजा, बाबा श्री सिद्धेश्वर नाथ धाम, डाक बंगला रोड, पुवायां में किया जाएगा। कथा व्यास पं. आशीष पांडेय महाराज श्रद्धालुओं को शिव पुराण की कथा का रसपान कराएंगे। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक तथा रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। कार्यक्रम में आचार्य प्रवीन दीक्षित महाराज, शाहजहांपुर का भी आशीर्वाद प्राप्त होगा। सावन माह में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

### यादव महासभा ने पूर्व जि.पं. अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि

तिलहर-शाहजहांपुर। यादव महासभा की ओर से राजेंद्र सिंह यादव के आवास पर शोकसभा आयोजित की गई। इसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्वर्गीय वीरेंद्र सिंह यादव के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोकसभा में यादव समाज के लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य और सहनशक्ति प्रदान करने की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि वीरेंद्र सिंह यादव का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से क्षेत्र ने एक मिलनसार और सामाजिक व्यक्तित्व खो दिया है। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, बलराम सिंह, सुरेश सिंह, जयेंद्र सिंह, मृत्युंजय कुमार, प्रमोद कुमार, विजयपाल, करण सिंह, राजीव, बबलू और वीरेंद्र सिंह सहित यादव समाज के लोग मौजूद रहे।

# लिंटर गिरने से चाचा-भतीजे की मौत, महिला घायल

- बचाव कार्य में ग्रामीणों ने की कड़ी मशक्कत, पुलिस को दी सूचना

समृद्धि न्यूज़, पुवायां, शाहजहांपुर।





गांव मुड़िया कुर्मियात में बने मकान का लिंटर अचानक भरभराकर गिरने से दो वर्षीय बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई। महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने के लिए बचाव कार्य शुरू किया। जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई मौके पर पहुँची पुलिस ने मलवे में दबे लोगों को बमुश्किल निकाला। जिसमें चाचा व भतीजे की मौत हो गई और महिला गम्भीर घायल हो गई जिसे बण्डा के सीएचसी ले जाया गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार की सुबह गांव मुड़िया कुर्मियात निवासी 26 वर्षीय राजन पुत्र सकटे, 27 वर्षीय काजल पत्नी अरविंद व काजल का दो वर्षीय पुत्र आरब बरसात होने के कारण अपने पक्के मकान में बैठे हुए थे। भीषण बारिश के चलते पड़ोसी की कच्ची दीवार उनकी पक्की दीवार पर गिर गई जिससे उनके मकान का लिंटर भरभराकर गिर पड़ा। लिंटर के मलबे में तीनों दब गए। लिंटर गिरने से आसपास चीख पुकार मच गई। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुँचे लिंटर के मलबे को हटाना शुरू कर दिया।इसी बीच पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य में जुट गई। मलबे में दबे तीनों लोगों को बाहर निकाला गया। जिसमें दो वर्षीय आरब व उसके चाचा राजन की मौत हो गई। काजल की हालत गम्भीर देखते हुए उन्हें बण्डा सीएचसी भेजा गया। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जिसके बाद राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर पहुँची। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है।

### परिजनों को एसडीएम व सीओ बंधाया ढांढ़स

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम सदानन्द सरोज सीओ प्रवीण मालिक, नायब तहसीलदार समेत कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने परिजनों को ढाढ़स बंधाया ओर आपदा राहत के तहत मृतकों के परिजनों को चार चार लाख रुपये मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

### घायल का डीएम एसपी ने जाना हाल

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र एवं सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल काजल के स्वास्थ्य एवं उपचार की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को घायल का समुचित एवं प्राथमिकता के आधार पर उपचार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की तथा संबंधित अधिकारियों को पीड़ित परिवार को नियमानुसार हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## राम की सेवा और अधर्म के नाश के लिए हुआ हनुमान का जन्म



शाहजहाँपुर। खिरनीबाग रामलीला मैदान में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथा व्यास प्रशांत प्रभु महाराज ने हनुमान जी के जन्म का दिव्य प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान उन्होंने हनुमान जी के जन्म के उद्देश्य, बाल लीलाओं और प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी अनन्य भक्ति का विस्तार से वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि हनुमान जी भगवान शिव के अंशावतार हैं। उनका अवतरण धर्म की रक्षा, अधर्म के विनाश और प्रभु श्रीराम की सेवा के लिए हुआ। हनुमान जी ने अपने जीवन में भक्ति, शक्ति, बुद्धि और समर्पण का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जो आज भी प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी के लिए प्रभु श्रीराम की सेवा ही सर्वोच्च धर्म थी। समुद्र लांघने से लेकर माता सीता की खोज और लंका दहन तक उनके प्रत्येक कार्य में अद्भुत पराक्रम के साथ प्रभु के प्रति अटूट समर्पण दिखाई देता है। हनुमान जन्म का प्रसंग सुनते ही कथा पंडाल जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु भक्ति में डूबे नजर आए। कथा में व्यास पीठ का पूजन आचार्य विवेकानंद शास्त्री बनारस के द्वारा कराया गया। आज के आरती पूजन में अवधेश मिश्रा, श्री दत्त शुक्ला ब्लॉक प्रमुख कांट, मुनेश्वर सिंह ब्लॉक प्रमुख, अशोक गुप्ता उद्योगपति, हरि शरण बाजपेई, सीमा बाजपेई, रेनू मिश्रा, दिनेश गुप्ता, विश्व मोहन बाजपेई, अखिलेश सिंह, विष्णु मिश्रा, गौरव त्रिपाठी, नीरज बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने जन शिकायतों की सुनवाई कर दिए निर्देश



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसील में फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना। इस दौरान कुल 16 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 02 का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी शिकायते संपूर्ण समाधान दिवस, आईजीआरएस एवं जनता दर्शन सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो उन आवेदनों का मौके पर जाकर जांचकर्ता शिकायतकर्ता के साथ जियो टैग फोटो लेकर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण शिकायतकर्ता से बात करके किया जाए जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हो। उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा, एसडीएम सदर प्रभात कुमार राय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा


- बरेली महानगर मेयर पुत्र पार्थ गौतम हुए शामिल
- पालिका में ध्वजा रोहण के बाद गिरा तिरंगा

समृद्धि न्यूज़, तिलहर- शाहजहांपुर।



स्वतन्त्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नगर पालिका परिषद , नवीन मंडी स्थल व छात्र संगठन की ओर से नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई ! इस अवसर पर सभी हाथों में तिरंगा झंडा लेकर जय घोष करते नजर आए। महानगर बरेली के मेयर उमेश गौतम के बेटे पार्थ गौतम के मुख्य अतिथि बतौर उनके सानिध्य में नगर के बाईपास चौराहा पर अपरान्ह करीब ढाई बजे आयोजक सारांश गुप्ता ने सैकड़ों युवाओं के साथ तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। शहीद कुटी पर अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर यात्रा सम्पन्न हुई। उधर नवीन मंडी स्थल से सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह के सानिध्य में व्यापरियों ने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। जिसमें हरी मोहन गुप्ता, सौरभ गुप्ता रवि, अंकित श्री वास्तव समेत तमाम लोग शामिल रहे। इसी क्रम मे नगर पालिका में ईओ के साथ चेयरपर्सन हाजरा वेगम ने ध्वज रोहण किया। दुर्भाग्य वश अगले ही क्षण ध्वज नीचे गिरकर दीवार पर टंगा रह गया। ईओ सुनील कुमार के सानिध्य में पालिका से तिरंगा यात्रा शुरू होकर नगर के मुख्य चौराहा से विभिन्न मार्गों से होती हुई पालिका स्थित गांधी ग्राउंड पहुंची! यहां सभी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तिरंगा यात्रा में सभासद अभिषेक सिंह, सत्येंद्र सिंह, प्रधान लिपिक अयूब हुसैन, आरआई सुशांत कुमार, जेई पीयूष मिश्रा, जेई नितिन गुप्ता, एसआई राजीव कुमार, शाजिल अली खान, कमलदीप श्रीवास्तव, इस्लाम अली, मनोज कुमार सिंह, जुबैर अहमद, जान मोहम्मद, सीमा गुप्ता, अरविंद कुमार, नईम फरीदी, दीपक कुमार, विनय शुक्ला, मुकेश कुमार समेत विभिन्न कर्मचारी शामिल रहे।

## रामपुर में तैनात दरोगा की उपचार के दौरान मौत



रोजा, शाहजहांपुर। क्षेत्र के हथौड़ा गांव निवासी जनपद रामपुर में तैनात एसआई महेंद्र सिंह का लम्बी बीमारी के चलते राजकीय मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान निधन हो गया। श्री सिंह गले में कैंसर से पीड़ित थे। एसआई महेंद्र के पुत्र कपिल ने बताया कि उनके पिता महेंद्र सिंह मूलत- जनपद लखीमपुर खीरी के निवासी थे और हथौड़ा गांव में परिवार के साथ रहते थे। उनके पिता जनपद रामपुर के थाना भोट में तैनात थे और लंबे अरसे से गले में कैंसर से पीड़ित थे। जिनका इलाज लखनऊ मेडिकल कॉलेज से चल रहा था। रविवार की रात अचानक मुंह और नाक से खून निकलने लगा तो उन्हें उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां उनकी मौत हो गई।

## कांवरियों के लिए लगाए गए भंडारों में पहुंचे विधायक अरविंद, पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



कांट, शाहजहांपुर। श्रावण मास के पावन अवसर पर कांवरियों के लिए क्षेत्र में लगाए गए विभिन्न भंडारों में क्षेत्रीय विधायक अरविंद कुमार सिंह ने शिरकत की। विधायक ने भंडारों में पहुंचकर कांवरियों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत किया और उन पर पुष्पवर्षा कर भगवान भोलेनाथ के भक्तों का उत्साह बढ़ाया।इसके उपरांत विधायक अरविंद कुमार सिंह ने स्टेट हाईवे पर लगाई गई स्ट्रीट लाइटों का ग्रामपंचायत जरावन के गाँव वलीपुर स्टेट हाइवे पर लगे बटन को दबाकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया। स्ट्रीट लाइटों के संचालन को लेकर आने वाली शिकायतों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।कार्यक्रम के दौरान भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री संतोष कुमार दीक्षित, मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, जैनेन्द्र सिंह, शिव प्रताप भदौरिया, डॉ. रजनीश कश्यप, उजागर लाल, भगवान सिंह सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## टेंपो में तेज स्पीकर बजाने के विरोध पर हुए विवाद में चले लाठी-डंडे

- पूर्व सभासद पर जानलेवा हमला, दस हजार रुपये व मोबाइल लूट का आरोप

समृद्धि न्यूज़, तिलहर - शाहजहांपुर।



टेंपो में तेज स्पीकर बजाने के विरोध पर हुए विवाद में पूर्व सभासद पर हुएडिन दहाड़े जानलेवा हमला और दस हजार रुपये व मोबाइल लूट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी गई। पूर्व सभासद को लहूलुहान हालत में सीएचसी ले गया। जहां से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। नगर के मोहल्ला मोहल्ला सितारगंज निवासी पूर्व सभासद मो हारून पुत्र मसीत उल्ला ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह करीब नौ बजे बाईपास चौराहे पर गौशाला के समीप स्थित स्पेयर पार्ट्स की दुकान पर बैठा था इसी दौरान वीरपाल, रविंद्र, हिमांशु रजक समेत कई अज्ञात लोग दुकान पर पहुंचे और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों से मारपीट करने के साथ तमंचे की बट से उनके सिर पर वार किया। हमले में वह घायल हो गया। आरोप है कि आरोपियों ने उनका मोबाइल फोन और दस हजार रुपये छीन लिये। घायल हारून ने बताया कि 15 अगस्त की दोपहर करीब एक बजे उनकी दुकान के सामने एक टेंपो चालक धीरपाल तेज आवाज में स्पीकर बजा रहा था। विरोध करने पर हिमांशु रजक समेत कुछ लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। सूचना पर डायल 112 गाड़ी पहुंची और मामला शांत करा दिया था। रविवार को उसके साथ यह घटना हो गई। तहरीर में यह भी आरोप लगाया कि हिमांशु रजक चौराहे पर टेंपो चालकों से वसूली करता है। कोतवाल प्रभास चंद्र ने बताया कि मारपीट की घटना सामने आई है। दोनों तरफ से तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## संपूर्ण समाधान दिवस: सक्षम अधिकारी नदारद, तमाम फरियादी मायूस हो लौटे

समृद्धि न्यूज़, तिलहर-शाहजहांपुर।



शासन के अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम संपूर्ण समाधान दिवस में दोपहर साढ़े बारह बजे तक तहसील स्तरीय शीर्षस्थ अधिकारियों के मंचासीन न होने के चलते तमाम फरियादियों को वाट जोहते हुए मायूस हो बापस लौटना पड़ा। तदोपरांत पहुँचीं एसडीएम नीलिमा यादव ने समाधान दिवस में कुछ शिकायतें सुनीं। सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में दोपहर साढ़े बारह बजे तक एसडीएम नीलिमा यादव, सीओ विदुष सक्सेना व तहसीलदार अजहर अंसारी तक नहीं पहुंच सके। इस दौरान नायब तहसीलदार रूबी अंसारी, निवेदिता ठाकुर और अमित कुमार मंचासीन रहे। बरसात के बाबजूद उच्च अधिकारियों से फरियाद करने दूर दराज से पहुंचे लोगों को ढाई घंटे बाद तक सक्षम अधिकारियों के न आने से मायूस होकर लौटना पड़ा। इस मौके पर यदा कदा शिकायत कर्ताओं ने अपनी गुहार नायब तहसीलदारों को सुनाई। इसके बाद एसडीएम नीलिमा यादव सभागार पहुंची और उनसे ही फरियाद करने के लिए डटे रहे कुछ शिकायत कर्ताओं को उन्होंने सुना।

समाधान दिवस में राजस्व, भूमि विवाद, पुलिस, नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें लेकर फरियादी पहुंचे। जिन्हें एसडीएम ने सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। यहां गौर करना है कि हाल ही में हुए तिलहर थाना दिवस में भी साढ़े बारह बजे तक कोई सक्षम अधिकारी नहीं पहुंच सका था। इसके बाद ही आधे घंटे के लिए एसडीएम नीलिमा यादव ने थाना दिवस में पहुंचकर रस्म अदायगी भर की। चुनाव की सरगर्मियां तेज हो रही है। वहीं अधिकारी गण थाना दिवस व तहसील समाधान दिवस से दूरियाँ बनाते जा रहे हैं। इससे प्रशासनिक अमले पर एक सवालिया निशान अवश्य लग गया है।

## अग्रवंशी महिलाओं ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज महोत्सव

- आया सावन झूम के कार्यक्रम में गीत-संगीत, नृत्य और रैंप वॉक ने बांधा समां

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह समिति के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. संजीता अग्रवाल की अध्यक्षता में अग्रसेन भवन केरुगंज में हरियाली तीज महोत्सव 'आया सावन झूम के' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 300 से अधिक अग्रवंशी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों और सोलह श्रृंगार में सजकर गीत-संगीत, नृत्य और विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज बरेली की डायरेक्टर डॉ. ऋचा मूर्ति अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथियों अशोका फोम एंड फ्लोरेंस की डायरेक्टर शालू गोयल, सुमन अग्रवाल और निर्मल अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथियों एवं महिलाओं का तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। महोत्सव में हाउजी, प्रश्नोत्तरी और विभिन्न मनोरंजक खेलों के साथ एकल नृत्य एवं क्षेत्रीय परिधानों में रैंप वॉक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। करीब 75 महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुतियां दीं। ऐश्वर्या राय के गीतों पर प्रस्तुत एकल नृत्य और आकर्षक रैंप वॉक ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. संजीता अग्रवाल ने कहा कि हरियाली तीज भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन तथा प्रकृति के श्रृंगार का प्रतीक है। मुख्य अतिथि डॉ. ऋचा मूर्ति ने कहा कि अग्रवंशी महिलाओं ने अपनी प्रस्तुतियों से शाम को यादगार बना दिया।

### प्रतियोगिताओं में विजेताओं ने मारी बाजी

विवाहित वर्ग की एकल नृत्य प्रतियोगिता में वंदना अग्रवाल ने प्रथम, आशी अग्रवाल ने द्वितीय और नेहा अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अविवाहित वर्ग में वाणी अग्रवाल प्रथम, वर्णिका अग्रवाल द्वितीय और आंचल अग्रवाल तृतीय रहीं। रैंप वॉक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के पहनावे, स्टाइल, आत्मविश्वास, भाषा-शैली, रैंप वॉक, एक्सप्रेशन के साथ उनकी बौद्धिक क्षमता का भी आकलन किया गया। इसमें नेहा अग्रवाल प्रथम, मीनाक्षी अग्रवाल द्वितीय और ऋचा गर्ग तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन शिल्पी अग्रवाल और प्राची अग्रवाल ने किया। समिति की उपाध्यक्ष प्रीती अग्रवाल ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, प्रतिभागियों, संचालकों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संपन्न कराने में कोषाध्यक्ष गोपाल राम अग्रवाल और सचिव रवि अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

## ध्वजारोहण कर संविधान की शपथ दिलाई गई

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जीएफ़ कॉलेज में 15 अगस्त 2026 को भारत के 80 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान द्वारा महात्मा गांधी जी व भारत माता की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर की गई, तदुपरांत प्राचार्य ने ध्वजारोहण कर सभी को संविधान की शपथ दिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और छात्रों से आह्वान किया कि वे देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करें। उन्होंने शिक्षा के महत्व और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर बल दिया। इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. अब्दुल मोहेमन ने कहा कि हमें अपनी युवा शक्ति को भारत के निर्माण में लगाना चाहिए। बनस्पति विज्ञान विभाग की डॉ. शाज़िया बी ने आज़ादी की लड़ाई में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला। इतिहास विभाग के डॉ ज़मा खान ने स्वतंत्रता के इतिहास पर प्रकाश डाला, समाजशास्त्र विभाग की डॉ शाज़िया अंसारी ने कहा कि आज हमें शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बनाना चाहिए। अलवीरा, कौशल कुमार, कशिश,शान अली,श्रद्धा सिंह आदि ने आज़ादी की इस मशाल को नामक समूह गीत प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया।इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा कॉलेज में उत्कृष्ट योगदान देने और एपी आई में उच्च स्थान प्राप्त करने पर डॉ मो सईद अख्तर, डॉ नसीम अहमद और डॉ रईस को प्रमाण-पत्र एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो फैयाज अहमद ने उच्च शिक्षा निदेशक का सन्देश पढ़कर सुनाया।कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ मंसूर अहमद सिद्दीकी ने किया। इस अवसर पर शिक्षक- शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं एनसीसी, एनएसएस व रोवर्स रेंजर्स के स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## परशुरामपुरी में श्रद्धा और उत्साह के साथ पहुंची दूसरी कांवड़ यात्रा

- नाग पंचमी व सावन सोमवार के दुर्लभ संयोग पर हुआ जलाभिषेक

समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद शाहजहांपुर।



सावन मास और नाग पंचमी के पावन पर्व पर शाहजहांपुर के परशुरामपुरी क्षेत्र में भक्ति और उल्लास का अद्भुत नजारा देखने को मिला। नाग पंचमी और सावन सोमवार के दुर्लभ संयोग के अवसर पर नगरवासियों की दूसरी भव्य कांवड़ यात्रा धूमधाम से परशुरामपुरी पहुंची। इस यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र %बम-बम भोले% और %बाबा परशुराम की जय% के जयकारों से गूंज उठा, जिससे पूरे मार्ग में एक बेहद आध्यात्मिक और ऊर्जावान माहौल बना रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कांवड़ यात्रा तड़के सुबह 4 बजे पवित्र ढाई घाट से शुरू हुई थी। इस यात्रा में 200 से अधिक शिवभक्त और श्रद्धालु उत्साह के साथ शामिल हुए। ये सभी श्रद्धालु पवित्र गंगा नदी से 251 लीटर गंगाजल लेकर शाहजहांपुर नगर सीमा में दाखिल हुए। यात्रा का कुशल नेतृत्व केशव मिश्रा द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरी यात्रा के दौरान व्यवस्था और अनुशासन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। ?यात्रा के दौरान एक वाहन पर भगवान परशुराम की मनमोहक प्रतिमा विराजमान थी। श्रद्धालुओं के हाथों में भगवान परशुराम के निशान वाले भगवा ध्वज लहरा रहे थे। इस पूरी यात्रा में सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र एक विशेष झांकी रही, जिसमें बुलडोजर के ऊपर बैठे लोग और भगवान परशुराम के निशान वाले झंडे लगे हुए थे। यह झांकी देखने वालों के लिए खासी कौतूहल और आकर्षण का विषय रही। परशुराम मंदिर समिति के अनुसार, यात्रा के दौरान 101 कांवड़ियों द्वारा लाए गए 251 लीटर गंगाजल से परशुराम मंदिर में स्थापित ऐतिहासिक नर्मदेश्वर शिवलिंग का जलाभिषेक किया गया। यह धार्मिक अनुष्ठान विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। ?परशुराम मंदिर के सेवादार गोपाल शुक्ला ने इस दुर्लभ संयोग का महत्व बताते हुए कहा कि नाग पंचमी और सोमवार का एक ही दिन पड़ना अत्यंत शुभ संयोग है, जो वर्षों बाद आता है। इसी कारण से इस बार जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। ?इस ऐतिहासिक और भव्य कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में केशव मिश्रा, आयुष मिश्रा, शिव कुमार, सत्यम कायस्थ, टिट्टू, शेखर अवस्थी, गोलू शुक्ला, अंशुल, अनुभव, अमन, उमाकांत शुक्ला, कृष्णा पाठक, बबलू ठाकुर, विनीत अवस्थी, भुवनेश दीक्षित, विक्कू, शिवम, ओमप्रकाश दीक्षित, राजन, आकाश मिश्रा, रजत अग्निहोत्री, गौरव शुक्ला और सोमशेखर सहित सैकड़ों भक्तों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। यात्रा के संपन्न होने तक पूरे क्षेत्र में आस्था का सैलाब उमड़ा रहा।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

नगर प्रवेश के दौरान कांवड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए स्थानीय लोगों, सभासदों, समाजसेवियों और पुलिस प्रशासन ने मिलकर व्यापक तैयारियां की थीं। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। प्रशासन की मुस्तैदी से यात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ी।

श्री रतन सिंह मेमोरियल महाविद्यालय भूड़ा मैनारी पुवायाँ शाहजहांपुर

(आवश्यकता है स्नातक स्तर)

**कला संकाय के अंतर्गत**- हिंदी, अंग्रेजी, शिक्षा शास्त्र, इतिहास, समाज शास्त्र, गृह विज्ञान, राजनीति शास्त्र

**कृषि विज्ञान संकाय के अंतर्गत**- एग्रोनॉमी, मृदा विज्ञान, उद्यान विज्ञान, आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विज्ञान, कृषि प्रसार विज्ञान, कृषि अर्थशास्त्र, कृषि अभियंत्रण, कृषि पशु पालन विज्ञान, कृषि कीट विज्ञान, कृषि पादप रोग विज्ञान, कृषि सांख्यिकी

**विज्ञान संकाय के अंतर्गत**- जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान गणित।

**परास्नातक स्तर के अंतर्गत**-अंग्रेजी, समाज शास्त्र, गृह विज्ञान, शिक्षा शास्त्र

सभी विषय में एक एक पद

योग्यता व वेतन-यूजीसी/ विश्वविद्यालय के नियमानुसार

**आवेदक की प्रक्रिया**- इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी डॉक्यूमेंट्स लेकर कॉलेज में 15 दिन के अंदर संपर्क करे।

संपर्क सूत्र- 9990745119, 8317089702, 7800400015

# वंदे मातरम् के कथित अपमान के विरोध में भाजपा ने निकाला मशाल जुलूस

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।

वंदे मातरम् के कथित अपमान के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिला उपाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह के नेतृत्व में जनाक्रोश मशाल जुलूस निकाला। तिकोनिया पार्क से शुरू हुआ जुलूस डाकखाना चौराहा होते हुए कांग्रेस जिला कार्यालय के सामने पहुंचा। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रप्रेमी नागरिकों ने भी भाग लिया। जुलूस में शामिल लोगों के हाथों में तिरंगा और मशालें थीं। इस दौरान वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारे लगाए गए। कांग्रेस जिला कार्यालय के सामने कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन कर राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान का संदेश दिया।भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह ने कहा कि वंदे मातरम् स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली विरासत और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान का सम्मान प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता बरतने की अपील की।



मशाल जुलूस निकालते भाजपाई

जुलूस में जिला महामंत्री अयोध्या वर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रीति प्रकाश, आनंद द्विवेदी, आशीष सिंह, रानू रामेंद्र सिंह राना, पूजा गुप्ता, दिनेश चौरसिया, रीना जायसवाल, अखिलेश सिंह, डिंपल, अखिलेश जायसवाल, रेखा निषाद, सर्वेश मिश्रा, आकाश जायसवाल, अतुल सिंह, सुधांशु सिंह, गौरव मौर्य, शौर्य वर्धन सिंह, शानू सिंह, आकाश शर्मा, स्पर्श पांडे, सुभेंद्र सिंह, अनुराग शुक्ला, दीपक सिंह, ऋषभ वर्मा, अमोद सिंह, अजय वर्मा, आयुष पांडे, सन्नी हिंदू, शुभम दुबे, लवकुश गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, प्रदीप मिश्रा और उज्जवल मिश्रा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 160 शिकायतें

▶ 45 का मौके पर निस्तारण

समृद्धि न्यूज़, बल्दीराय, सुलतानपुर।

तहसील बल्दीराय में सोमवार को जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिलाधिकारी ने जनसामान्य की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 160 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 45 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए निर्धारित समय में प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। भूमि विवाद से जुड़े मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम से मौके पर जांच कर निस्तारण कराने को कहा गया। बाद में जिलाधिकारी ने तहसीलदार, राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों के साथ समीक्षा बैठक की। धारा-24 और विरासत से संबंधित लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बल्दीराय में लंबित प्रकरणों की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एक सप्ताह बाद शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।



समाधान दिवस में शिकायत सुनते डीएम इंद्रजीत सिंह

## आरएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सुलतानपुर नगर के शिवाजी शाखा के स्वयंसेवकों ने रविवार को सुदर्शन पार्क (शिव मंदिर) परिसर में श्रम-साधना (स्वच्छता) कार्यक्रम आयोजित किया। सुबह 6:30 से 7:30 बजे तक चले अभियान में स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में विभाग संघ चालक ए.के. सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत आदत नहीं, बल्कि नागरिक कर्तव्य भी है।

स्वच्छ वातावरण सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा करने के साथ संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोकने में भी सहायक है। इस दौरान प्रांत पर्यावरण संयोजक कृष्ण मोहन ने स्वच्छता और परोपकार के महत्व पर प्रकाश डाला।

# सहजौरा से कृष्णपुर ताला तक निकाली गई तिरंगा यात्रा



तिरंगा यात्रा निकालते पूर्व ब्लाक प्रमुख उमेश सिंह

समृद्धि न्यूज़, सतांव (रायबरेली)।

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को सहजौरा गांव से पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश सिंह के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों ग्रामीणों और युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

तिरंगा यात्रा सहजौरा गांव से प्रारंभ होकर करीब आठ किलोमीटर की दूरी तय करते हुए कृष्णपुर ताला पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के मार्ग में कुर्मियामऊ चौराहा, गुरुबख्शगंज, गढ़ी दूलाराय, गोझरी, कोंसा सहित कई स्थानों पर ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। जगह-जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ाया। यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश सिंह ने कहा कि आजादी के 80 वर्ष पूरे होने पर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना सभी का संकल्प है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया है। यात्रा ने ग्रामीणों और युवाओं में देशभक्ति का उत्साह और बढ़ाया।

# स्वतंत्रता दिवस पर समाजसेवी ने पूर्व सैनिकों का किया सम्मान



समृद्धि न्यूज़, कुड़वार सुल्तानपुर।

80वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर रामलीला मैदान स्थित सामुदायिक भवन में समाजसेवी द्वारा भूतपूर्व सैनिकों का सम्मानित किया गया। 15 अगस्त को रामलीला कमेटी कुड़वार के अध्यक्ष राम सूरत तिवारी द्वारा सामुदायिक भवन पर झंडारोहण किया गया।झंडारोहण के बाद आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी पंकज तिवारी व उनके भाई दीपक तिवारी ने क्षेत्र के पूर्व सैनिकों हौसला प्रसाद मिश्रा, महेन्द्र कुमार त्रिपाठी,श्याम सुन्दर सिंह, कैलाश चंद्र पाठक व राम सहाय उपाध्याय को साल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।उन्होंने बताया कि ऐसे कार्य करने की प्रेरणा उन्हें अपने पिता स्व अवधेश तिवारी से मिली थी। उनके द्वारा दिए गए संस्कारों के चलते इन दोनों भाइयों द्वारा लगातार समाजसेवा का कार्य किया जा रहा है।

# सर्पदंश में घबराएं नहीं, अस्पताल पहुंचें: ब्रजेश पाठक

▶ बारिश में सर्पदंश के मामलों पर डिप्टी सीएम के अस्पतालों को निर्देश

▶ जारी हुई एडवाइजरी

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।

बारिश के मौसम में सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए प्रदेश के सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों को अलर्ट कर दिया गया है। अस्पतालों में एंटी स्नेक वैनम (एएसवी) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। साथ ही सर्पदंश के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दूसरी जरूरी दवाओं का स्टॉक भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। खासकर तराई क्षेत्र के अस्पतालों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा गया है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि तराई क्षेत्र के अलावा सभी सरकारी अस्पतालों में एंटी स्नेक वैनम समेत सभी जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्पदंश में घबराएं नहीं, समय पर अस्पताल पहुंचें। अस्पतालों में डॉक्टर और कर्मचारियों की टीम को भी सतर्क रखा जाए, ताकि सर्पदंश के मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में पर्याप्त एंटी स्नैक वेनम व दूसरी दवाओं का स्टॉक है। मरीजों के भर्ती के भी पुख्ता इंतजाम है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान सांपों के बिलों में पानी भर जाता है। इससे सांप सुरक्षित स्थान की तलाश में बाहर निकल आते हैं। ऐसे में खेतों में काम करने वाले किसान और मजदूर विशेष सावधानी बरतें। सांप के काटने की आशंका होने पर मरीज को बिना देर किए नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अस्पतालों को यह भी निर्देश दिए हैं कि केवल गंभीर मरीजों को ही दूसरे बड़े अस्पताल में रेफर किया जाए। रेफर करने से पहले मरीज को प्राथमिक उपचार जरूर उपलब्ध कराएं। अस्पतालों की इमरजेंसी में 24 घंटे सर्पदंश का इलाज उपलब्ध है। डिप्टी सीएम ने लोगों से अपील की कि सर्पदंश की घटना होने पर घबराएं नहीं, घरेलू उपचार में समय बर्बाद करने के बजाय तुरंत अस्पताल पहुंचें।




## खबरें एक नजर में

### गोमती नदी में डूबे युवक का 700 मीटर दूर मिला शव

**सुलतानपुर।** कुरेभार थाना क्षेत्र के ग्राम मठिया बहादुरपुर में रविवार को गोमती नदी में डूबे युवक सूरज वर्मा पुत्र राम कृपाल वर्मा का शव सोमवार को बरामद कर लिया गया। शव घटनास्थल से करीब 700 मीटर की दूरी पर मिला। रविवार को युवक के डूबने की सूचना कूरेभार पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई गई। साथ ही एसडीआरएफ टीम को भी सूचना देकर मौके पर बुलाया गया था।सोमवार को तलाश के दौरान डूबने के स्थान से करीब 700 मीटर दूर युवक का शव बरामद हुआ। कूरेभार पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### तालाब में डूबने से नाबालिग की मौत

**डीह-रायबरेली।** शौच क्रिया के लिए सुबह घर से निकले बच्चे का शव तालाब में मिलने से परिजनों व ग्रामीणों में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। गोंदवारा गांव निवासी जगदीश पासवान का 11वर्षीय बेटा सुमित पासवान सोमवार की सुबह अपने खेत में बने अड्डे के पास स्थित तालाब पर शौच क्रिया के लिए गया। था शौच क्रिया करते समय उसका पैर फिसल जाने से वह तालाब में गिर कर डूब गया पास ही काम कर रहे गांव का एक व्यक्ति ने देखा और सूचना परिजनों को दिया मौके पर पहुंचे परिजन व ग्रामीण तालाब में कूद कर उसकी खोज करने लगे काफी देर बाद बच्चे को तालाब से बाहर निकला गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी बच्चे की मौत की खबर से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, मृतक अपने तीन बहनों व दो भाइयों में सबसे छोटा था पिता जगदीश मां माया व बहने ज्योति, अंतिमा, सोनिका व भाई ओंकार का रो-रा कर बुरा हाल है सूचना पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा भरवा कर पीएम के लिए भेज दिया हैं।

### नाबालिग से बनाया शारीरिक संबंध, भेजा जेल

**परसदेपुर रायबरेली।** एक व्यक्ति ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर लगभग एक वर्ष से शारीरिक संबंध बनाए रखा। जानकारी होने पर परिजनों ने थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया। पुलिस ने सम्बन्धित धाराओं में भेजा जेल। डीह थाना क्षेत्र की परसदेपुर चौकी अंतर्गत ग्राम फागू पर निवासी सुनील पटेल पुत्र राम बक्श पटेल ने गांव के ही एक नाबालिग लड़की से प्यार का झांसा देकर लगभग एक वर्ष से शारीरिक संबंध बना रहा था। लड़की की मां को जानकारी होने पर पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आनन-फानन में अभ्युक्त को पकड़ कर बी एन एस की धारा 65(1),115(2),352/351(3)व 5/6पाक्सो एक्ट में जेल भेज दिया।

### अनियंत्रित होकर पलटी कार

**रायबरेली।** प्रयागराज लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भदोखर थाना क्षेत्र के दरियापुर अंकित ढाबे के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। प्रयागराज से लखनऊ की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे खड्ड में जा गिरी। हादसे में कार सवार प्रयागराज के एक डॉक्टर और उनका परिवार गंभीर रूप से घायल हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार की रफ्तार काफी तेज थी। जैसे ही वाहन दरियापुर स्थित अंकित ढाबे के पास पहुंचा, अचानक चालक का नियंत्रण छूट गया और कार लहराते हुए सड़क से नीचे खड्ड में पलट गई।

# पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे सपा नेता हाउस अरेस्ट

कार्रवाई पर उठे सवाल

समृद्धि न्यूज़, रायबरेली।

प्रतापगढ़ में 13 अगस्त 2026 को संविदा लिपिक सौरभ विश्वकर्मा की हत्या के बाद पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे सपा नेताओं के प्रतिनिधि मंडल को प्रशासन की कार्रवाई का सामना करना पड़ा। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे एक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर शशिकांत शर्मा को उनके रायबरेली स्थित आवास पर ही हाउस अरेस्ट कर दिया गया। इस कार्रवाई पर सपा नेता डॉ शर्मा ने सवाल उठाते हुए कहा कि पीड़ित परिवार से मिलकर उनका दुख-दर्द साझा करना आखिर अपराध कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों का पीड़ित परिवार के साथ खड़ा होना केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है।उन्होंने कहा कि किसी परिवार ने जब अपना सदस्य खोया हो, तब उसके दुख में शामिल होना और उसे न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाना लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा है। पीड़ित परिवार से मिलने से रोके जाने की कार्रवाई से विपक्ष की आवाज और जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।सपा नेता ने सरकार से सवाल किया कि आखिर पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे लोगों को उनके आवास पर ही नजरबंद करने की आवश्यकता क्यों पड़ी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संवेदना, न्याय और सवाल पूछने के अधिकार को दबाया नहीं जाना चाहिए।



## उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में हुई वृद्धि

**समृद्धि न्यूज़, रायबरेली।** मुख्यमंत्री उ.प्र. योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन सभागार, लखनऊ में उचित दर विक्रेताओं को अतिरिक्त लाभांश वितरण की घोषणा के संबंध में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम का जनपद की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में सजीव प्रसारण कराया गया।

कार्यक्रम में संबंधित विधानसभा क्षेत्र के उचित दर विक्रेताओं को आमंत्रित किया गया तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया और उनके उद्बोधन को सुना गया।

कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संचालित कराने हेतु जिला पूर्ति अधिकारी तथा संबंधित उपजिलाधिकारियों को विधानसभावार नोडल अधिकारी नामित किया गया था।

# बी-पैक्स की ब्याजमुक्त कैश क्रेडिट सीमा 10 से बढ़कर हुई 15 लाख

▶ समितियों की उर्वरक भंडारण एवं उपलब्धता क्षमता बढ़ेगी

समृद्धि न्यूज़, रायबरेली।

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (बी-पैक्स) को उर्वरकों की सुचारू एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ब्याजमुक्त कैश क्रेडिट ऋण सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दिया है। सरकार के इस निर्णय से समितियों की उर्वरक भंडारण एवं उपलब्धता क्षमता बढ़ेगी और किसानों को बुवाई के समय खाद की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिला सहकारी बैंक रायबरेली के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने प्रदेश सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि ब्याजमुक्त कैश क्रेडिट सीमा बढ़ने से बी-पैक्स समितियों को अधिक मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने में सुविधा होगी। सहकारिता विभाग के अनुसार, बढ़ी हुई ऋण सीमा पर देय ब्याज का वहन राज्य सरकार द्वारा ब्याज अनुदान के रूप में किया जाएगा। इससे समितियों पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा और वे किसानों की जरूरत के अनुसार खाद एवं उर्वरक की व्यवस्था बेहतर ढंग से कर सकेंगी।

# एडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित



समृद्धि न्यूज़, झाँसी।

समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 12 ,पुलिस विभाग के 7, विद्युत के 3 व अन्य मामलों से संबंधित 7 प्रार्थना पत्रों सहित कुल 29 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से मौके पर 1 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को एडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सौंपते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर तहसीलदार अमृतलाल सहित पुलिस विभाग,स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग ,आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सखी ग्रुप का भव्य हरियाली तीज समारोह 2026 आयोजित

समृद्धि न्यूज़, परसदेपुर, रायबरेली।

विक्टोरिया होटल में सावन में हरियाली, मेहंदी की खुशबू, चूड़ियों की खनक और तीज की उमंग के बीच सखी ग्रुप द्वारा भव्य हरियाली तीज समारोह का आयोजन किया गया। सखी ग्रुप की आयोजक रेनू यादव, गुंजन कक्कड़, कंचन उपाध्याय, सुरभि कपूर, श्वेता वर्मा, सपना अग्निहोत्री एवं रीमा शुक्ला पिछले पाँच वर्षों से इस पारंपरिक पर्व को उत्साह, उमंग और सखी भाव के साथ मना रहीं हैं। इस वर्ष समारोह में डांस, सिंगिंग, गेम्स, ग्रैंड रैंप वॉक और तीज क्वीन सहित विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों, मेहंदी, संगीत और नृत्य से पूरा माहौल सावन के रंग में रंग गया। डांस प्रतियोगिता मे अलका तिवारी, सोनी कपूर, अमृता सिंह, नीलम वर्मा, मधुमिता चक्रवर्ती एवं दीप्ति मिश्रा ने शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। सिंगिंग प्रतियोगिता में आरती तिवारी, सावित्री शर्मा, रूबल मिश्रा, दीप्ति गुप्ता एवं शिखा रस्तोगी ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।




## होनहार वैज्ञानिक के संदिग्ध मृत्यु की सीबीआई जांच की मांग

**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।** जनपद के विकासखंड सिसवा क्षेत्र के ग्राम आसमान छपरा निवासी 22 वर्षीय युवा वैज्ञानिक राहुल सिंह पुत्र संजय सिंह की बीते 14 जुलाई 2026 को नोवोटल होटल हैनिमैन चौराहा गोमती नगर लखनऊ में संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई थी। जिसकी सैथवार मलल महासभा के सैकड़ो लोगों ने राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से देकर स्वर्गीय राहुल सिंह के मौत की सीबीआई जांच की मांग की है। और प्रेस वार्ता कर स्वर्गीय राहुल सिंह के मृत्यु की सीबीआई जांच की मांग की प्रेस वार्ता के दौरान तमाम सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। मांग पत्र में सैथवार मलल महासभा के लोगों ने सीबीआई जांच की मांग किया है।

# विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर आयोजित



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** 80वें निःशुल्क बहु विशेषज्ञ चिकित्सा शिविरस्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में अपेक्स एक्युपंचर सेंटर एंड पेन क्लिनिक द्वारा एक विशाल निःशुल्क बहु विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर संस्थान के केंद्र विकास नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एस. आर. ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन तथा एमएलसी पवन सिंह चौहान ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का उद्घाटन किया। अपेक्स एक्युपंचर सेंटर के निदेशक डॉक्टर जी पार्थ प्रतिम ने पवन सिंह जी को बुके देकर स्वागत किया। शिविर में एक्युपंचर चिकित्सा हेतु डॉक्टर जी. पार्थ प्रतिम, आयुर्वेद चिकित्सा हेतु डॉ राहुल जायसवाल, डॉक्टर सुमित श्रीवास्तव फिजियोथैरेपी, डॉ. राजेश पाल, डॉक्टर सुधांशु अग्रवाल दन्त चिकित्सा, श्री महावीर ऑप्टिकल्स नेत्र जांच, एवं पैथोलॉजिकल जांच अमित वर्मा व रितेश शर्मा ने सेवा प्रदान किया।

# कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रही स्वतंत्रता दिवस की धूम

समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों तथा विद्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी गई। विद्यालयों में बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली और देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष राजनेति कश्यप ने सभासदों के साथ ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान राष्ट्र की आन, बान और शान बनाए रखने के साथ विकसित भारत और स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने की शपथ ली गई। ब्लॉक मुख्यालय पर प्रशासक प्रमुख रंजना पासवान, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली में डॉ. धर्मेंद्र कुमार तिवारी, नेहरू इंटर कॉलेज सेमरी सुकरौली में प्रबंधक विवेक सिंह उर्फ बंटी सिंह व प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार ने ध्वजारोहण किया। ब्लॉक संसाधन केंद्र एवं कंपोजिट विद्यालय सुकरौली में बीईओ जया राय और नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप ने ध्वज फहराया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवतहा में अधीक्षक डॉ. अमित कुमार, डॉ. हेमंत वर्मा व डॉ. आरएनडी द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर में प्रधानाध्यापक विमलेश मिश्र तथा प्राथमिक विद्यालय देवतहा में प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा व सभासद कमलेश सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी। इस क्रम मे कंपोजिट विद्यालय वृंदावन राष्ट्रीय ध्वज फराकर सलामी दी गई।



## शिवालयों पर उमड़े भक्त

**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।** जनपद के प्रसिद्ध इटहिया शिव धाम, कटहरा शिव धाम, हरपुर महंत शिव मंदिर, करमहा, खुटहा आदि शिव मंदिरों पर श्रावण मास के तीसरे सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भोर से ही श्रदालु स्त्री- पुरुष, बच्चे - बच्चियों का समूह शिवालियों पर पहुंचकर हर हर महादेव के गूंज के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर बेलपत्र, भांग पत्र,धतूर,चावल,तिल गुड़,मधु आदि चढाकर पूजा अर्चना करते दिखे। भक्तों के आवागमन को व्यवस्थित रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस एवं महिला पुलिस तैनात दिखे। इटहिया धाम में जनपद के साथ-साथ पड़ोसी मुल्क नेपाल के श्रद्धालु आकर पंचमुखी शिवलिंग की पूजा अर्चना कर धन्य हो रहे हैं।

# कोटेदारों के लाभांश में वृद्धि को लेकर खड्डा में हुआ संवाद कार्यक्रम




समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) के लाभांश में वृद्धि की घोषणा के अवसर पर सोमवार को खड्डा ब्लॉक सभागार में कोटेदार संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद विजय कुमार दूबे एवं विधायक विवेकानंद पांडेय मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने प्रदेश सरकार के इस महत्वपूर्ण निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि लाभांश में वृद्धि से उचित दर विक्रेताओं के हितों को मजबूती मिलेगी।

उन्हें अपने कार्यों के प्रति और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा।

## वंदे मातरम् पर विवाद

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम् के संपूर्ण गायन को लेकर उठे विवाद ने एक बार फिर राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान और राजनीतिक दृष्टिकोण के बीच अंतर को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। ऐसे अवसर, जो राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के लिए होते हैं, यदि राजनीतिक विवाद का कारण बन जाएं तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। इस पूरे घटनाक्रम पर कांग्रेस को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर वंदे मातरम् के गायन को कथित रूप से रोकने का आरोप लगाते हुए सोनिया गांधी से माफी की मांग की है। दूसरी ओर, कांग्रेस की ओर से इस मामले में जो सफाई सामने आई है, उससे विवाद पूरी तरह समाप्त होता नहीं दिख रहा। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के वंशज की ओर से भी माफी की मांग किए जाने के बाद मामला और संवेदनशील हो गया है। वंदे मातरम् को लेकर विवाद कोई नया नहीं है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में इस गीत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। कांग्रेस के अनेक ऐतिहासिक अधिवेशनों में वंदे मातरम् का गायन हुआ और इसने स्वतंत्रता सेनानियों में राष्ट्रीय चेतना जगाने का काम किया। इसलिए यह सवाल स्वाभाविक है कि जिस संगठन ने कभी इसके गायन की परंपरा को आगे बढ़ाया, उसके कार्यक्रम में इसके स्वरूप को लेकर विवाद क्यों उत्पन्न हुआ।

हाल के वर्षों में वंदे मातरम् के सभी छंदों के गायन को लेकर भी राजनीतिक मतभेद सामने आते रहे हैं। सरकार की ओर से इसके डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर व्यापक कार्यक्रमों और संपूर्ण गीत के गायन पर जोर दिया गया। विपक्षी दलों ने इसके कुछ पहलुओं पर आपत्ति जताई। संसद में राष्ट्रीय गीत को राष्ट्रगान की तरह कानूनी संरक्षण देने संबंधी प्रस्ताव पर भी राजनीतिक मतभेद दिखाई दिए। इससे स्पष्ट है कि वंदे मातरम् अब केवल सांस्कृतिक या ऐतिहासिक विषय नहीं रह गया है, बल्कि राजनीतिक बहस का हिस्सा भी बन चुका है। यहां सबसे महत्वपूर्ण बात यह समझने की है कि किसी सरकार की नीतियों का विरोध करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन सरकार और राष्ट्र को एक मान लेना उचित नहीं है। किसी राजनीतिक दल को केंद्र सरकार की कार्यशैली, नीतियों या फैसलों से असहमति हो सकती है। वह संसद से लेकर सड़क तक उसका विरोध भी कर सकता है। लेकिन राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत जैसे प्रतीकों का सम्मान राजनीतिक मतभेदों से ऊपर होना चाहिए। स्वतंत्रता दिवस इसी भावना को याद करने का अवसर है। यह किसी एक दल या सरकार का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूरे देश का राष्ट्रीय पर्व है। ऐसे दिन राजनीतिक दलों से अपेक्षा होती है कि वे अपने मतभेदों को पीछे रखकर देश की एकता और अखंडता का संदेश दें। यदि किसी राष्ट्रीय गीत के गायन को लेकर ही राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो जाएं तो इससे समाज में अनावश्यक विभाजन पैदा होता है। वंदे मातरम् के संपूर्ण गायन को लेकर इतिहास भी हमें संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की सीख देता है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में कुछ वर्गों की आपत्तियों के बाद इसके केवल दो छंदों को सार्वजनिक गायन की परंपरा बनी। इसका उद्देश्य विभिन्न समुदायों के बीच स्वीकार्यता और सामाजिक समरसता बनाए रखना था। समय के साथ परिस्थितियां बदली हैं। इसलिए संपूर्ण गीत के गायन को लेकर चर्चा हो सकती है, लेकिन इस चर्चा का आधार इतिहास, संविधान, लोकतांत्रिक सहमति और सभी समुदायों की भावनाओं का सम्मान होना चाहिए। यह भी ध्यान रखना होगा कि किसी समुदाय की धार्मिक या सांस्कृतिक भावनाओं को लेकर अनावश्यक आरोप लगाने से समस्या का समाधान नहीं होता। वंदे मातरम् के सम्मान की बात करते हुए किसी समुदाय को निशाना बनाना भी उचित नहीं है। राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान तभी सार्थक होगा जब वह किसी राजनीतिक या धार्मिक पहचान के बजाय नागरिक भावना से प्रेरित हो। कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए यह अवसर आत्ममंथन का है। भाजपा को राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान के मुद्दे को राजनीतिक हथियार बनाने से बचना चाहिए, जबकि कांग्रेस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सरकार के विरोध और राष्ट्र के प्रतीकों के सम्मान के बीच स्पष्ट अंतर दिखाई दे। दोनों प्रमुख दलों की जिम्मेदारी है कि वे जनता के सामने ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करें, जिसमें राजनीतिक असहमति के बावजूद राष्ट्रीय प्रतीक सर्वोपरि रहें। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे जैसे प्रमुख विपक्षी नेताओं के स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों में शामिल होने या न होने को भी इसी व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए। विपक्ष का सरकार से असहमति रखना लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन राष्ट्रीय पर्वों पर सहभागिता से जनता के बीच सकारात्मक संदेश जाता है। ऐसे अवसरों पर राजनीतिक दूरी से अधिक राष्ट्रीय एकता को महत्व मिलना चाहिए। वंदे मातरम् के प्रति सम्मान केवल पूरा गीत गाने या न गाने से तय नहीं होना चाहिए। उसका वास्तविक सम्मान देश के प्रति जिम्मेदारी, नागरिक कर्तव्यों के पालन और स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों को आगे बढ़ाने से होगा। राष्ट्रीय गीत को लेकर बहस हो सकती है, लेकिन उसे राजनीतिक संघर्ष का स्थायी विषय बना देना उचित नहीं है। देश को आज ऐसे विमर्श की जरूरत है जिसमें राष्ट्रभक्ति किसी दल की बपौती न हो और असहमति को देशविरोध का प्रमाण न माना जाए। सरकार की आलोचना भी राष्ट्रहित में हो सकती है और सरकार का समर्थन भी लोकतांत्रिक अधिकार है। लेकिन राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान दोनों पक्षों की साझा जिम्मेदारी है।

### दो टूक




# पाकिस्तानियों को नागरिकता के राजनीतिक मायने


डॉ. रमेश ठाकुर

किसी पाकिस्तानी को आज के दौर में हिंदुस्तान में बसाना, उन्हें पनाह देना या फिर नागरिकता देनी वाली बात, शायद ही किसी के गले उतरे? बसाना तो दूर, ऐसा सोचना मात्र भी, सूरज का पूरब की जगह पश्चिम से निकलने जैसा माना जाएगा। पर, यह कोरी कल्पना पिछले दिनों हकीकत में तब्दील हुई। भारत में 56 साल पहले आए पाकिस्तानियों को नागरिकता दी गई है।

वह भी एकाध लोगों को नहीं, बल्कि हजारों को। सरकार ने पिछले महीने बकायदा एक रंगारंग कार्यक्रम कर, ढोल-नगाड़े बजाकर विस्थापित पाकिस्तानियों को नागरिकता प्रमाण पत्र बांटे। ताज्जुब यह भी है कि ऐसा चमत्कार हुकूमत ने ऐसे माहौल में किया, जब समूचे भारत में विभिन्न देशों के घुसपैठियों को निकालकर उन्हें खदेड़ने का अभियान केंद्रीय व राज्य स्तरों पर छिड़ा हो। इस अभियान की बानगी हमने हाल में संपन्न हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान भी देखा। जब दो बॉर्डर राज्य, असम और पश्चिम बंगाल, का चुनाव इसी मसले के इर्दगिर्द घूमा। घुसपैठियों के अलावा भारत में कुछ वर्षों से एनआरसी और सीएए का भी शोर है। बावजूद इसके सरकार ने पाकिस्तानियों को नागरिकता देने का बड़ा जाखिम उठाया। सरकार ने यह कदम क्यों उठाया? हालांकि, इस फैसले के सियासी मायने बहुतेरे हैं, जिसकी तस्वीर आने वाले दिनों में दिखाई भी देगी।

सरकार ने विस्थापितों को नागरिकता हिंदुस्तान के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में दी है। जिले का नाम है पीलीभीत जो नेपाल बॉर्डर से एकदम सटा हुआ है जिसकी पहचान बांसुरी निमार्ण के अलावा तराई क्षेत्र के लिए भी प्रसिद्ध है। पीलीभीत को मिनी पंजाब भी कहते हैं। प्राकृतिक सौंदर्य से लबरेज, जैव-विविधता के अलावा विश्व प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व तो है ही, धान की पैदावार के लिए भी जिला पूरे प्रदेश में विख्यात है। सरकार ने जिन परिवारों को बसाने का फैसला किया है उनमें बंगाली हिन्दू, बौद्ध, जैन और सिख शामिल हैं। भारत के नक्शे में देखें, तो पीलीभीत



हिंदुस्तान के एक अलहदे छोर पर बसा है जहां करीब पांच दशक से भी ज्यादा पहले पाकिस्तान से आए विस्थापित लोग बस गए थे। तभी, से वह विभिन्न सरकारों से नागरिकता मांगते आए हैं। सरकारी कागजों के मुताबिक पूर्वी पाकिस्तान से वर्ष 1959 से 1971 के बीच पाकिस्तान से पीड़ित होकर कुछेक परिवार भारत आए थे। शुरूआत में यह परिवार कई राज्यों में भटकते रहे, कहीं ठिकाना नहीं मिला। आखिरकार उन्हें बाद में यही जिला मुफीद लगा। पीलीभीत के अलावा कुछ नागरिकता रामपुर और बिजनौर में बसे विस्थापितों को भी दी गई है।

पीलीभीत के जिस क्षेत्र में यह परिवार रहते आए हैं वह जगह कभी विरान होती थी। इन लोगों ने इसे रहने लायक बनाया और उबड़खाबड़ जगहों पर मेहनत करके उसे खेतीबाड़ी के लिए तैयार किया। आज इस क्षेत्र में अच्छी फसलें उगती हैं। सभी के पास कागजी दस्तावेजों के रूप में भारतीय आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड इत्यादि पहले से मौजूद हैं। साथ ही लंबे वक्त से मतदान भी करते आए हैं। लेकिन नागरिकता और मालिकाना हक से वंचित थे, जिसे मौजूदा योगी सरकार ने पूरा कर दिया। ये परिवार पीलीभीत जिले के अमरिया, न्यूरिया, शारदा डैम की तलहटी सहित आसपास के क्षेत्रों में बसे हैं। सरकार ने उन्हें खेती और आवास के लिए जमीन तो पहले से दी हुई हैं। लेकिन मालिकाना हैसियत नहीं दी, जिसके लिए यह लोग दशकों जद्दोजहद कर रहे थे। प्रत्येक चुनावों में इनसे के झूठा आश्वासन हुआ। पूर्ववर्ती बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी की सरकारों ने भी इनको नागरिकता दिलवाने का दिलासा दिया। पर, कुछ राजनैतिक अड़चनों के चलते वादा पूरा नही कर पाए।

बीते 2022 के विधानसभा चुनाव में इनके साथ वादा किया गया था, जिसे अब पूरा किया गया। प्रदेश सरकार की पहल पर सभी पीड़ित परिवारों को सूचीबद्ध करके नागरिकता और मालिकाना के प्रमाण बांटे गए हैं। नागरिकता करीब 2500 परिवारों को दी गई हैं जिनकी कुल संख्या 15 हजार के आसपार है। ऐसा करके सरकार ने शायद विपक्षी दलों को बड़ा सियासी मुद्दा बैठे-बिठाए थमा दिया है। ये लोग वर्ष 1960 से 1975 के बीच धार्मिक प्रताड़ना के चलते पूर्वी बंगालादेश जो अब पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा है, से भारत आए थे और उत्तर प्रदेश के तराई के जिले पीलीभीत में आकर बसे। ये क्षेत्र पीलीभीत जिले की कलीनगर व पूरनपुर तहसीलों में आते हैं जहां ये करीब 25-26 गांवों में बसे हैं। पिछले महीने 29 जून को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जिले में दौरा हुआ जिसमें मुख्यमंत्री ने इनको ना सिर्फ नागरिकता के प्रमाण पत्र बांटे, बल्कि मालिकाना हक के सरकारी कागज भी दिए।

यह फैसला चुनाव के ऐन वक्त लिया गया। प्रदेश में मात्र 6-7 महीनों बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसलिए सरकार के इस निर्णय पर प्रदेश की राजनीति जमकर गर्माई हुई है। विपक्षी पार्टियों ने सीधे-सीधे एक बड़े वोटबैंक को साधने का आरोप मौजूदा सरकार पर लगाया है। पाकिस्तानी विस्थापियों को बसाने का यह पहला चरण है, अभी दूसरा चरण शेष है। 35 हजार लोग और हैं जो बहराईच, बाराबंकी, गोंडा, लखीमपुर, बिजनौर जैसे जिलों में बसे हैं। सभी को चिंहित किया जा चुका है, अगले कुछ महीनों बाद इन्हें भी मुकम्मल नागरिकता देने का फैसला हो चुका है। सरकारी आंकड़ों की माने तो प्रदेश के करीब सात-आठ जिलों में कुल 55 हजार विस्थापित पाकिस्तानियों की आबादी है, इनमें प्रत्येक वर्ष तेजी से इजाफा भी हो रहा है। 56 वर्ष पहले धार्मिक प्रताड़ना के रूप में मात्र 12 हजार 380 लोग आए थे। आबादी बढ़ाने के पीछे इनका मकसद था कि बढ़ी आबादी से सरकारों को वोटिंग का लालच देकर किसी भी दल पर दबाव बना सकेंगे। कमोबेश, हुआ भी वैसा ही। अपने योजनाओं में यह लोग आज सफल हुए हैं।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# पारंपरिक विशेषज्ञता पर आधुनिक कानून की मार

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारतीय सनातन परंपरा की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि यहां प्रकृति, वनस्पति और जीव-जंतुओं को मनुष्य के प्रतिद्वंद्वी के रूप में कभी नहीं देखा गया है। यह सभी तो जीवन के सहयात्री के रूप में हैं। इसी विचार के केंद्र में है भारत की नाग संस्कृति। भगवान शिव के कंठ का आभूषण वासुकी और भगवान विष्णु का शयन-आसन शेषनाग होना इस बात का प्रमाण है कि सनातन संस्कृति ने भयानक समझे जाने वाले जीवों को भी दिव्यता प्रदान की।

इस नाग संस्कृति और आम जनमानस के बीच की जीवंत कड़ी रहा है, सपेरा समुदाय (जिन्हें विभिन्न राज्यों में नाथ, जोगी, कालबेलिया या सपेला कहा जाता है)। सदियों से इस घुमंतू समुदाय ने मानव और वन्यजीव के बीच एक ऐसा अनूठा संतुलन बनाया, जिसे आधुनिक विज्ञान आज भी पूरी तरह समझने में असमर्थ है। परंतु, वर्ष 1972 के वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के एकतरफा क्रियान्वयन ने इस पूरी विशेषज्ञता को एक झटके में अपराध घोषित कर दिया। श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाने वाला नागपंचमी का त्योहार एक ओर प्रत्येक हिन्दू के लिए धार्मिक अनुष्ठान है, वहीं दूसरी ओर यह एक गहरी पारिस्थितिक सोच का परिणाम है। वर्षा ऋतु में जब सांप अपने बिलों से बाहर निकलते हैं, तब मनुष्यों और सांपों के बीच टकराव की संभावना बढ़ जाती है। सनातन परंपरा ने इस टकराव को टालने के लिए नागपूजा का विधान किया। इस विधान के सबसे बड़े पुरोहित सपेरा समुदाय के लोग थे। वे गांवों और शहरों में जाकर लोगों को सांपों के प्रति भयमुक्त करते थे, उनका दर्शन कराते थे और समाज के भीतर एक धार्मिक चेतना जगाते थे कि सांप मारने योग्य नहीं, बल्कि पूजनीय जीव है। यह समुदाय सांपों को क्षेत्रपाल (खेतों का रक्षक) मानता था, क्योंकि वे फसलों को नष्ट करने वाले चूहों का शिकार करते थे। इस प्रकार, नागपंचमी और सपेरों की उपस्थिति ने सदियों तक भारत में सांपों के लिए एक सुरक्षा कवच का काम किया, किंतु आज, जब सपेरा गलियों में नहीं दिखता, तो लोग आत्मरक्षा के नाम पर घरों में निकलने वाले सांपों को लाठियों से पीट-पीटकर मार डालते हैं। यह आधुनिकता की कैसी विडंबना है कि जिस कानून को सांपों को बचाने के लिए लाया गया था, उसी कानून ने सांपों के सबसे बड़े रक्षकों को ही उनसे दूर कर दिया। भारत सरकार ने जब 1972 में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम लागू किया, तो उसका उद्देश्य निश्चित रूप से वन्यजीवों की तस्करी और क्रूरता को रोकना था। मगर इस कानून का सबसे क्रूर प्रभाव भारत की अनुमानित 10 से 15 लाख की सपेरा आबादी पर पड़ा। बिना किसी पूर्व तैयारी, बिना किसी वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था और बिना किसी व्यवस्थित पुनर्वास के, सदियों पुराने एक पारंपरिक पेशे को रातों-रात गैर-कानूनी घोषित कर दिया गया। इस कानून के तहत सांपों को अनुसूची में शामिल किया गया, जिसके कारण सांप को पकड़ना, पास रखना या उसका प्रदर्शन करना 3 से 7 साल की जेल और गैर-जमानती अपराध बन गया। एक घुमंतू समुदाय, जिसके पास न तो खेती के लिए जमीन थी, न स्थायी मकान थे और न ही आधुनिक शिक्षा, वे एक ही झटके में अपनी ही जमीन पर अपराधी बना दिए गए। इस संबंध में ऑल इंडिया घुमंतू सपेरा विकास महासंघ जैसी संस्थाओं के आंकड़े बताते हैं कि इस कानून के बाद उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों में सपेरा समुदाय के लाखों परिवार घोर गरीबी, भुखमरी और सामाजिक अलगाव के दलदल में धकेल दिए गए। राज्य की नीतियों की आलोचना करते हुए यह प्रश्न उठना अनिवार्य है कि जब एक गरीब सपेरा अपनी आजीविका के लिए सांप रखता है, तो उसे क्रूरता और अपराध कहा जाता है, लेकिन जब वही राज्य चिड़ियाघर या सफारी के नाम पर हजारों जंगली जानवरों को लोहे के पिंजरों में कैद करता है और उनसे व्यावसायिक लाभ (टिकट) कमाता है, तो उसे संरक्षण और शिक्षा का नाम दे दिया जाता है। यह न्याय के किस सिद्धांत के अंतर्गत आता है? तर्क दिया जाता है कि चिड़ियाघरों में डॉक्टरों की टीम होती है और वैज्ञानिक रखरखाव होता है। परंतु, इस तर्क में सपेरा समुदाय के उस गहन पारंपरिक व्यावहारिक विज्ञान को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिसे उन्होंने पीढ़ियों के अनुभव से हासिल किया था। एक सपेरा केवल सांप की फुफकार या मिट्टी पर उसके रेंगने के निशान से उसकी प्रजाति, लिंग और व्यवहार की सटीक जानकारी दे सकता है। क्या किसी आधुनिक विश्वविद्यालय की डिग्री इस व्यावहारिक विशेषज्ञता का मुकाबला कर सकती है? कानून ने इस अनूठे ज्ञान को सहेजने के बजाय उसे नष्ट करना बेहतर समझा।

सपेरा जाति के पास केवल सांप पकड़ने का हुनर नहीं था, बल्कि उनके पास पारंपरिक औषधियों, जड़ी-बूटियों और सर्पदंश के इलाज का एक अमूल्य मौखिक खजाना था। चूंकि यह समुदाय घुमंतू था, इसलिए इनका ज्ञान किसी लिखित पुस्तक में नहीं, बल्कि एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में मौखिक रूप से ट्रांसफर होता था। जब कानून ने इस पेशे पर प्रतिबंध लगाया, तो नई पीढ़ी ने बदनामी और जेल के डर से इस काम से पूरी तरह दूरी बना ली। परिणाम यह हुआ कि वह पारंपरिक ज्ञान, जो भारत की स्वदेशी चिकित्सा पद्धति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, हमेशा के लिए लुप्त हो गया। आज जब भारत सरकार का आयुष मंत्रालय पारंपरिक चिकित्सा को पुनर्जीवित करने की बात करता है, तब सपेरा समुदाय के इस नष्ट हो चुके ज्ञान की भरपाई कैसे होगी, इस पर कोई नीति स्पष्ट नहीं है। ऐसा नहीं है कि सपेरा समुदाय के ज्ञान का इस्तेमाल करते हुए उनके पुनर्वास का कोई रास्ता नहीं था। इसका सबसे बड़ा और जीवंत प्रमाण तमिलनाडु की इरुला स्नेक कैचर्स इंडस्ट्रियल को-ऑपरेटिव सोसाइटी है। जब 1972 के कानून से इरुला जनजाति की आजीविका छिनी, तो प्रसिद्ध पर्यावरणविद रोमुलस व्हिटेकर के प्रयासों से सरकार ने एक बीच का रास्ता निकाला। सरकार ने इरुला समुदाय के लोगों को कानूनी रूप से सांप पकड़ने और उनका जहर निकालने का लाइसेंस दिया। आज, भारत में सांप के काटने से बचने वाली जीवन रक्षक दवाएं बनाने के लिए 80 प्रतिशत से अधिक जहर यही इरुला समुदाय अपनी विशेषज्ञता से निकालता है। इस सहकारी समिति से उन्हें सम्मानजनक रोजगार भी मिला और देश को जीवन रक्षक दवाएं भी। प्रश्न यह उठता है कि जो मॉडल तमिलनाडु के इरुला समुदाय के लिए सफल रहा, उसे उत्तर भारत के नाथ, जोगी और कालबेलिया सपेरा समुदायों के लिए पूरे देश में व्यापक स्तर पर क्यों नहीं लागू किया गया? उत्तर भारत के सपेरों को इस वैज्ञानिक प्रक्रिया से क्यों नहीं जोड़ा गया? यह राज्य तंत्र की प्रशासनिक उदासीनता और नीतिगत विफलता का एक बड़ा प्रमाण है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## हंगामों की भेंट चढ़ा मानसून सत्र

हंगामों की भेंट चढ़ा संसद का मानसून सत्र,
सत्तापक्ष को घेरे विपक्ष के पास न था अस्त्र।
जनता ने इन्हें भेजा था प्रश्नों का हिसाब लेने,
ये नेता उलझे रहे एक-दूजे को नीचा दिखाने।

कभी नारे, कभी शोर, कभी सदन में तकरार,
मुद्दे रह गए पीछे, बढ़ते रहा राजनीतिक वार।
यहाँ कुर्सियाँ चलती रहीं, बहसें 卐ठहरती卐 रहीं,
लोकतंत्र की उम्मीदें चुपचाप 卐सिसकती卐 रहीं।

करोड़ों की उम्मीदें लेकर जनता देखती रही,
संसद की उन दीवारों से आवाज़ पूछती रही।
卐मेरे सवालों का आखिर जवाब कौन देगा?卐
सत्ता हो या विपक्ष यह जिम्मेदारी कौन लेगा।

जन की आवाज लोकतंत्र की असली शक्ति,
संवाद से समाधान निकलेगा यहीं देशभक्ति।
हंगामे से नहीं, संवाद से समाधान निकलेगा,
यह संसद चलेगी तब ही तो देश आगे बढ़ेगा।



# आरोप लगा, नौकरी गई, क्या जांच हुई?

अभिषेक शुक्ल

12 जून 2026 का दिन डॉ. ममता सागर के लिए शायद यह एक सामान्य कार्यदिवस नहीं था। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डॉ. सागर की सेवा उसी दिन एक आदेश द्वारा समाप्त कर दी गई। इसके कुछ ही दिनों बाद, 23 जून को, विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार (एस्टेट) ने उन्हें आवंटित आवास खाली करने का निर्देश भी दे दिया।

डॉ. सागर ने इन आदेशों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी। उनका सवाल केवल यह नहीं था कि उन पर क्या आरोप लगाया गया, बल्कि यह भी था कि उस आरोप के आधार पर कार्रवाई किस प्रक्रिया से की गई। उनका कहना था कि आरोप के संबंध में कानून के अनुरूप कोई नियमित विभागीय जांच नहीं की गई। विश्वविद्यालय की ओर से भी इस तथ्य का प्रभावी खंडन नहीं किया जा सका। 31 जुलाई 2026 को उच्च न्यायालय ने सेवा समाप्ति और उसके आधार पर जारी आवास खाली करने के दोनों आदेश निरस्त कर दिए तथा विश्वविद्यालय को कानून के अनुसार नए सिरे से कार्यवाही करने की स्वतंत्रता दी। यह कहानी केवल एक कर्मचारी की सेवा समाप्ति की नहीं है। यह उस बुनियादी प्रश्न की ओर ले जाती है जो प्रत्येक अनुशासनात्मक कार्रवाई के केंद्र में होना चाहिए—क्या किसी व्यक्ति के विरुद्ध आरोप लग जाना ही उसके विरुद्ध प्रतिकूल कार्रवाई के लिए पर्याप्त है, या निर्णय तक पहुंचने की प्रक्रिया भी निष्पक्ष और विधिसम्मत होनी चाहिए? यहीं से प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। इनका मूल उद्देश्य यही है कि प्रशासनिक शक्ति का प्रयोग मनमाने ढंग से न हो और जिस व्यक्ति के अधिकार प्रभावित होने वाले हों, उसे निष्पक्ष, सार्थक और प्रभावी प्रक्रिया का अवसर मिले।

प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत किसी भी सभ्य विधिक व्यवस्था के मूलभूत तत्व हैं। इनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य अथवा किसी सार्वजनिक प्राधिकारी द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्ति मनमानी न हो तथा उससे प्रभावित व्यक्ति को निष्पक्ष, न्यायसंगत और तर्कसंगत प्रक्रिया प्राप्त हो। विशेष रूप से अनुशासनात्मक कार्यवाहियों में, जहां किसी कर्मचारी के सेवा अधिकार, प्रतिष्ठा और आजीविका दांव पर लगी होती है, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। ये सिद्धांत प्रशासनिक निर्णयों में निष्पक्षता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व का समावेश करते हैं तथा शक्ति के दुरुपयोग के विरुद्ध एक प्रभावी सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करते हैं। यद्यपि भारतीय संविधान में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का प्रत्यक्ष उल्लेख नहीं किया गया है, तथापि न्यायपालिका ने समय-समय पर अपनी व्याख्याओं के माध्यम से इन्हें संवैधानिक शासन का अभिन्न अंग बना दिया है। माननीय उच्चतम न्यायालय ने Maneka Gandhi v. Union of India (AIR 1978 SC 597) में यह प्रतिपादित किया कि संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत अपेक्षित प्रक्रिया केवल विधि द्वारा स्थापित होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका न्यायसंगत, निष्पक्ष और युक्तिसंगत होना भी आवश्यक है। इसी प्रकार State of Orissa v. Dr. (Miss) Binapani Dei (AIR 1967 स्ष्ट 1269) तथा A.K. Kraipak v. Union of India (AIR 1970 SC 150) जैसे निर्णयों में उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक निर्णयों को भी प्राकृतिक न्याय के मानकों के अनुरूप होना चाहिए, क्योंकि प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों के मध्य का अंतर समय के साथ काफी हद तक कम हो चुका है। प्राकृतिक न्याय का पहला और सर्वाधिक प्राचीन सिद्धांत यह है कि कोई भी व्यक्ति अपने ही मामले में न्यायाधीश नहीं हो सकता (Nemo Jude& in Causa Sua)। इस सिद्धांत का आधार यह धारणा है कि न्याय केवल किया ही नहीं जाना चाहिए, बल्कि होते हुए दिखाई भी देना चाहिए। अतः निर्णय लेने वाली प्राधिकारी निष्पक्ष होनी चाहिए तथा उसके मन में किसी प्रकार का पूर्वाग्रह, पक्षपात अथवा व्यक्तिगत हित नहीं होना चाहिए। यदि किसी निर्णयकर्ता के संबंध में यह युक्तिसंगत आशंका उत्पन्न हो जाए कि वह निष्पक्ष नहीं है, तो पूरी कार्यवाही संदेह के घेरे में आ सकती है। न्यायालयों ने अनेक अवसरों पर यह माना है कि पक्षपात की वास्तविक उपस्थिति से अधिक महत्वपूर्ण पक्षपात की युक्तिसंगत संभावना है, क्योंकि न्याय व्यवस्था में जनविश्वास बनाए रखना उतना ही आवश्यक है जितना कि वास्तविक निष्पक्षता सुनिश्चित करना।

प्राकृतिक न्याय का दूसरा और सर्वाधिक व्यापक सिद्धांत है—Audi Alteram Partem, अर्थात किसी व्यक्ति को बिना सुने दोषी नहीं ठहराया जा सकता। यह सिद्धांत केवल औपचारिक सुनवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रभावी और सार्थक अवसर प्रदान करने की अपेक्षा करता है। इसका अर्थ है कि जिस व्यक्ति के विरुद्ध कोई प्रतिकूल निर्णय प्रस्तावित है, उसे आरोपों की स्पष्ट जानकारी दी जाए, आरोपों के समर्थन में प्रयुक्त दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं, विभागीय गवाहों से जिरह करने का अवसर दिया जाए तथा अपने पक्ष में साक्ष्य प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए। दूसरे शब्दों में, सुनवाई का अवसर ऐसा होना चाहिए जो वास्तविक हो, न कि केवल औपचारिकता निभाने के लिए प्रदान किया गया हो। यदि किसी व्यक्ति को अपने बचाव का प्रभावी अवसर नहीं दिया जाता, तो पूरी कार्यवाही प्राकृतिक न्याय के उल्लंघन के कारण अवैध घोषित की जा सकती है। प्राकृतिक न्याय का तीसरा महत्वपूर्ण सिद्धांत यह है कि प्रत्येक निर्णय कारणयुक्त होना चाहिए। कारणयुक्त आदेश प्रशासनिक पारदर्शिता और उत्तरदायित्व का महत्वपूर्ण आधार है। जब कोई प्राधिकारी अपने निर्णय के समर्थन में कारण अभिलिखित करती है, तब यह स्पष्ट होता है कि उसने उपलब्ध तथ्यों, साक्ष्यों और विधिक प्रावधानों पर समुचित विचार किया है। कारणों का अभाव निर्णय को मनमाना बना सकता है और



न्यायिक समीक्षा के दौरान उसे अस्थिर कर सकता है। कारणयुक्त आदेश न केवल प्रभावित व्यक्ति को यह समझने में सहायता करता है कि उसके विरुद्ध निर्णय क्यों लिया गया, बल्कि उच्चतर न्यायिक अथवा प्रशासनिक मंचों को भी निर्णय की वैधता की जांच करने में सक्षम बनाता है। प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत किसी कठोर या अपरिवर्तनीय नियम-पुस्तिका का हिस्सा नहीं हैं। वे समय, परिस्थितियों और सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित होते रहते हैं। यही कारण है कि न्यायालयों ने उन्हें एक जीवंत अवधारणा के रूप में देखा है, जिसका अंतिम उद्देश्य न्याय की प्राप्ति और अन्याय की रोकथाम है। ए.के. क्रैपाक (A.K. Kraipak) के मामले में उच्चतम न्यायालय ने उल्लेख किया था कि प्राकृतिक न्याय के नियमों का उद्देश्य न्याय सुनिश्चित करना है और न्याय के विफल होने की संभावनाओं को समाप्त करना है।

अनुशासनात्मक कार्यवाही सामान्यतः किसी शिकायत, सूचना अथवा कर्मचारी के कथित दुराचरण के संज्ञान में आने के पश्चात प्रारम्भ होती है। अधिकांश मामलों में पहला चरण प्रारम्भिक जांच का होता है, जिसका उद्देश्य यह निर्धारित करना होता है कि उपलब्ध सामग्री के आधार पर प्रथम दृष्टया कोई मामला बनता है या नहीं। यदि प्रारम्भिक जांच में आरोप असत्य, दुर्भावनापूर्ण अथवा साक्ष्यविहीन पाए जाते हैं, तो सक्षम प्राधिकारी आगे की कार्यवाही प्रारम्भ करने से इंकार कर सकती है। इसके विपरीत, यदि उपलब्ध सामग्री आरोपों के समर्थन में पर्याप्त प्रतीत होती है, तो नियमित विभागीय जांच प्रारम्भ की जाती है। नियमित विभागीय जांच प्रारम्भ होने पर सामान्यतः एक प्रस्तुतिकरण अधिकारी और एक जांच अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं। प्रस्तुतिकरण अधिकारी विभाग की ओर से अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि जांच अधिकारी एक निष्पक्ष निर्णायक की भूमिका निभाता है। जांच अधिकारी की स्थिति किसी न्यायाधीश के समान होती है, इसलिए यह अपेक्षित है कि उसका मामले के परिणाम में कोई व्यक्तिगत हित न हो। सामान्यतः ऐसा व्यक्ति जिसने प्रारम्भिक जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो, उसे जांच अधिकारी नियुक्त नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग सकता है। इसके पश्चात कर्मचारी को आरोपपत्र प्रदान किया जाता है। आरोपपत्र विभागीय कार्यवाही की आधारशिला होता है और उसमें आरोपों का स्पष्ट एवं विशिष्ट विवरण, कथित उल्लंघित नियमों का उल्लेख, प्रस्तावित गवाहों की सूची तथा उन दस्तावेजों का विवरण होना चाहिए जिन पर विभाग भरोसा करना चाहता है। आरोपपत्र प्राप्त होने के बाद कर्मचारी को उन दस्तावेजों का निरीक्षण एवं प्रतिलिपि प्राप्त करने का अधिकार होता है, ताकि वह अपने बचाव की प्रभावी तैयारी कर सके।

जांच की कार्यवाही के दौरान कर्मचारी को अपना पक्ष रखने, विभागीय गवाहों से जिरह करने तथा अपने समर्थन में साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाता है। जहां मामला जटिल हो अथवा विभाग की ओर से विधि-प्रशिक्षित अधिकारी उपस्थित हो, वहां लागू सेवा नियमों के अधीन कर्मचारी को विधिक प्रतिनिधित्व की अनुमति भी प्रदान की जा सकती है। अनेक संस्थानों में कर्मचारी को रक्षा सहायक अथवा सहकर्मी की सहायता लेने का अधिकार भी प्राप्त होता है। इन सभी प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जांच केवल औपचारिक न होकर वास्तविक रूप से निष्पक्ष हो। जांच पूर्ण होने के पश्चात जांच अधिकारी उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रत्येक आरोप पर अपने निष्कर्ष दर्ज करते हुए एक जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है। यद्यपि यह प्रतिवेदन अनुशासनिक प्राधिकारी के लिए बाध्यकारी नहीं होता, तथापि यदि वह जांच अधिकारी के निष्कर्षों से असहमति व्यक्त करना चाहती है, विशेषकर तब जब कर्मचारी को दोषमुक्त पाया गया हो, तो उसे असहमति के कारण अभिलिखित करने होंगे तथा कर्मचारी को अपना पक्ष रखने का अवसर देना होगा। यह आवश्यकता भी प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों से ही उत्पन्न होती है। जांच प्रतिवेदन और कर्मचारी के प्रत्युत्तर पर विचार करने के पश्चात अनुशासनिक प्राधिकारी अंतिम निर्णय लेती है। वह कार्यवाही समाप्त कर सकती है अथवा लागू नियमों के अनुसार उपयुक्त दंड अधिरोपित कर सकती है। विशेष रूप से प्रमुख दंड अधिरोपित करते समय यह अपेक्षित है कि सभी वैधानिक और प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं का अक्षरशः पालन किया जाए।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### संपूर्ण समाधान दिवसः 22 में मात्र दो शिकायतें निस्तारित

**सरीला।** तहसील सभागार में सोमवार को एसडीएम विकास कुमार यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 22 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए एसडीएम ने एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतने तथा फरियादियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने को कहा। समाधान दिवस में सीओ शाहरुख, नायब तहसीलदार अखिलेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### राठ में संपूर्ण समाधान दिवस, 72 शिकायतें दर्ज

**राठ।** तहसील में सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक गोयल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें आठ का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व की 19, पुलिस की 17, विद्युत की आठ समेत अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों को औपचारिकता न मानकर गंभीरता से लिया जाए। आवश्यक मामलों में मौके पर जांच कर प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही या अनावश्यक विलंब मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने राजस्व व पुलिस विभाग को समन्वय से गंभीर मामलों को प्राथमिकता पर निस्तारण करने को कहा।

### किसानों को समय से बीज उपलब्ध, वितरण में तीन गुना बढ़ोतरी

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के निर्देशन में कृषि विभाग द्वारा किसानों को समय से गुणवत्तापूर्ण एवं उन्नतशील बीज उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान खरीफ एवं रबी कृषि वर्ष में किसानों की मांग और आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध कराया गया है। प्रभावी व्यवस्था के परिणामस्वरूप इस वर्ष जनपद में गत वर्ष की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक बीज का वितरण किया गया है। इससे बड़ी संख्या में किसानों को समय से प्रमाणित एवं उन्नतशील बीज उपलब्ध हो सका। अधिकारियों के अनुसार विभिन्न फसलों के बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए पारदर्शी तरीके से वितरण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को कृषि संबंधी आवश्यक सामग्री एवं सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं और बीज वितरण में किसी प्रकार की समस्या न हो। विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से कृषि उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि पर भी जोर दिया जा रहा है।

### शिवालयों में दुग्धाभिषेक को लगा रहा तांता

**बांदा।** खराब मौसम और लगातार हो रही बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था को नहीं डिगा सकी। सावन माह के तीसरे सोमवार और नागपंचमी के पर्व पर शिवालयों में दर्शनों के लिये भोलेनाथ के भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। नाग पंचमी के अवसर पर शहर के प्रमुख मंदिरों मुख्यतरू शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इस दौरान भक्तों ने भोलेबाबा का दुग्ध व जल से अभिषेक किया और मंदिर के सामने बैठे सपेरों द्वारा दिखाए जा रहे नागों का दर्शन कर उन्हें भी दूध चढ़ाया। नाग पंचमी का पर्व हिंदू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। नागों को देवतुल्य रूप में मानकर उनकी पूजा भी की जाती है। नागों के बारे में पौराणिक कथाओं के अनुसार अनेक किंदवंतियां प्रचलित हैं। जिसके चलते नागों की पूजा की जाती है। नाग पंचमी पर महिलाओं ने भी अपने घर के बाहर गोबर से नाग बनाकर घी गुड़ से उनकी पूजा अर्चना की और घर के आसपास बड़े दीयों में दूध भरकर रखा, ताकि नाग देव उसे ग्रहण कर सके और उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान करें। नागपंचमी के दिन जिले के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। शहर के प्रमुख शिव मंदिर बामदेवेश्वर में भक्तों की सुबह से ही भारी भीड़ रही, जहां लोगों ने भोलेबाबा का दर्शन कर नागों को दूध पिलाकर पुण्य अर्जित किया।

### नीलकंठ में डीएम ने जलाभिषेक कर किए दर्शन

**बांदा।** सावन माह के तीसरे सोमवार और नाग पंचमी को लेकर कालिंजर दुर्ग स्थित भगवान नीलकंठ मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। ह्नहर-हर महादेवङ्ग और ह्नबम-बम भोलेङ्ग के जयकारों से पूरा मंदिर शिवमय नजर आया। श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। ऐतिहासिक दुर्ग में मौजूद चौथी सदी में यह मंदिर नाग वंश के द्वारा बनाया गया था। नाग पंचमी में यहां पूजा पाठ और जलाभिषेक का विशेष महत्व है। दूर दराज से आये श्रद्धालु गंगाजल, बेलपत्र, दूध, धतूरा और पूजन सामग्री लेकर श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते रहे। जिलाधिकारी अमित आसेरी ने मंदिर पहुंचकर पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। जलाभिषेक करके शीश नवाते हुए सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

### जिला कारागार में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस



**झांसी।** जिला कारागार में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कारागार अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र एवं महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया। इसके बाद प्रभातफेरी एवं तिरंगा यात्रा निकाली गई इस अवसर पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक विनोद कुमार ने उत्कृष्ट कार्य, अच्छे आचरण एवं कार्यकुशलता के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कारागार में निरुद्ध बंदियों ने देशभक्ति गीत, कविता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नशामुक्ति सहित विभिन्न विषयों पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए गए। प्रख्यात कवियों ने कवि सम्मेलन एवं देशभक्ति गीतों के माध्यम से लोगों को भावविभोर किया।समापन अवसर पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बंदियों को सही दिशा एवं सदाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। चित्रकला, निबंध एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बंदियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए।कार्यक्रम में कारागार चिकित्साधिकारी डॉ. रामस्वरूप श्रीवास्तव, जेलर अजनी कुमार गुप्ता, आदित्य यादव, कुमार विप्लव सहित कारागार स्टाफ एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### खेरापति हनुमान मंदिर से 35 पीतल के घंटे चोरी

**महोबा।** महोबा जिले के ग्राम अटघार स्थित खेरापति हनुमान मंदिर से पीतल के लगभग 35 घंटे चोरी हो गए। मंदिर के पुजारी श्रीकांत तिवारी ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ चोरी का नामजद आरोप लगाते हुए खन्ना थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। यह घटना खन्ना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अटघार में हुई है। मंदिर में नियमित पूजा-पाठ करने वाले स्थानीय निवासी श्रीकांत तिवारी, पुत्र स्वर्गीय भगवती प्रसाद तिवारी ने बताया कि मंदिर परिसर में लगे पीतल के दर्जनों घंटे गायब पाए गए। चोरी हुए घंटों की संख्या लगभग 35 बताई जा रही है, जो मंदिर की शोभा बढ़ाते थे और भक्तों की आस्था का प्रतीक थे। पुजारी श्रीकांत तिवारी ने इस मामले को लेकर खन्ना थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह को लिखित शिकायत सौंपी है। अपनी तहरीर में उन्होंने किसी अज्ञात व्यक्ति के बजाय गांव के ही एक युवक पर चोरी का सीधा और नामजद आरोप लगाया है। तहरीर मिलने के बाद खन्ना थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच-पड़ताल जारी है। आरोपी से पूछताछ की जाएगी और चोरी हुए पीतल के घंटों को जल्द से जल्द बरामद कर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस घटना के बाद से गांव के लोगों में नाराजगी है।पुलिस मामले की जाँच में जुट गैई है गाँव के सीसीटीबी कैमरे खगाल रही है।

# चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में डीएम एसपी ने विद्यार्थियों से किया संवाद

**समृद्धि न्यूज़, राठ, हमीरपुर।**






संपूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी अभिषेक गोयल एवं पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर विकल्प, लक्ष्य निर्धारण व भविष्य की पढ़ाई से जुड़े सवाल पूछे। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों की रुचि, क्षमता और अभिरुचि के अनुरूप उचित मार्गदर्शन जरूरी है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को करियर काउंसलिंग एवं विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है। एसडीएम, सीओ सहित अधिकारी भी समय-समय पर विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने अनुशासन, सकारात्मक सोच, मेहनत और लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को अपनी क्षमता पहचानकर लक्ष्य निर्धारित करने तथा मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, शिक्षक, अधिकारी व मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# शल्लेश्वर मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, गूंजे हर-हर महादेव

**समृद्धि न्यूज़, सरीला, हमीरपुर।**



सावन के तृतीय सोमवार को ऐतिहासिक शल्लेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भोर चार बजे से ही मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे। करीब 20 किलोमीटर दूर चंडौत के पास बेतवा नदी से जल लेकर बड़ी संख्या में कांवरिये पैदल मंदिर पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। कई युवा कांवरिये 50 से 100 लीटर तक जल लेकर पहुंचे। विधायक मनीषा अनुरागी और नगर पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार अनुरागी ने भी मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंजता रहा। भीड़ को देखते हुए मंदिर से बेतवा नदी घाट तक पीएसी व पुलिस बल तैनात रहा। थानाध्यक्ष मनोज पांडेय सहित पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

# सुमेरपुर में धूमधाम से मनाया आजादी का जश्न

**समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर, हमीरपुर।**

कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 80 स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया, इस अवसर पर प्रभात फेरियां निकाली गई, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर वीर शहीदों को नमन किया गया। कस्बे के माँ गीता माहेश्वरी इण्टर कालेज और गायत्री बालिका इण्टर कालेज द्वारा संयुक्त प्रभात फेरी निकाली गई, जो नगर में आकर्षण की केंद्र रही, एमजीएम कालेज मे समाजसेवी अनिल पालीवाल ने ध्वजारोहण किया, प्रबंधक रणवीर जी सिंह, अजय पालीवाल एडवोकेट प्रिंसिपल अशोक शर्मा सहित अभिभावक छात्र छात्राएं मौजूद रही, गायत्री बालिका इण्टर कालेज में प्रिंसिपल दीपिका द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया, इस अवसर पर प्रबंधक डाक्टर पुनीत पालीवाल सहित अभिभावक और छात्राएं मौजूद रहीं, वहीं देवगाव रोड में संचालित लिटिल फ्लावर किड्स गार्डन स्कूल में प्रबंधक लक्ष्मीनरायन गुप्ता ने ध्वजारोहण किया, नन्हे मुन्ने बच्चों ने देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किये, संचालन छात्रा काजल, प्रांशी व इशिका ने किया, शिक्षक रामनरायन आर्य, प्रिया, सोनम, अरमान एवं डायरेक्टर आदर्श गुप्ता के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के संबंध में बच्चों को जानकारी दी गई। स्वामी शिवानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रबंधक रामशंकर यादव उप प्रबंधक प्रेम शंकर यादव एवं प्रिंसिपल विनीता यादव की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम आयोजित किये गये।

### परंपरागत ढंग से मनाया गया नाग पंचमी पर्व

**सुमेरपुर।** नाग पंचमी का पर्व कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने घरों के बाहर गाय के गोबर से नाग के संकेतक चिन्ह बनाकर विधि विधान के साथ पूजन करके घर परिवार के कल्याण की कामना की। वहीं गांव में चौकीदारों ने घर-घर जाकर नाग चित्रों को घरों के बाहर चस्पा किया। नाग पंचमी का पर्व कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह के साथ मनाया गया लोगों ने परंपरागत अनुसार घरों के बाहर गाय के गोबर से नाग चिन्ह बनाएं और घी गुड़ से पूजन किया वहीं गांवो के चौकीदारों ने घर-घर जाकर घरों के बाहर कागज के नाग चित्रो को चस्पा करके परंपरा का निर्वाहन किया शाम को महिलाओं ने घरों के बाहर बनाए गए नाग चिन्ह में गाय का दूध अर्पित करके घर परिवार के लिए मंगल कामना करके परंपरा का निर्वाहन किया।

# उचित दर विक्रेताओं का लाभांश बढ़ा राशन वितरण को मिलेगा प्रोत्साहन



**हमीरपुर।** उचित दर विक्रेताओं के हित में प्रदेश सरकार द्वारा लाभांश बढ़ाए जाने के क्रम में सोमवार को जनपद की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। हमीरपुर विधानसभा का कार्यक्रम कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार तथा राठ विधानसभा का कार्यक्रम तहसील सभागार में हुआ। हमीरपुर में विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में जिलाधिकारी अभिषेक गोयल, नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद सहित अधिकारी व उचित दर विक्रेता मौजूद रहे। राठ में जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। अधिकारियों ने बताया कि उचित दर विक्रेताओं का लाभांश 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया है। यानी 35 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि हुई है। कार्यक्रम में अन्नपूर्णा भवन, डोर-स्टेप डिलीवरी, ई-पॉस, आधार ऑथेंटिकेशन और पोर्टेबिलिटी व्यवस्था की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने पारदर्शिता के साथ पात्र लाभार्थियों को समय से खाद्यान्न उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर में कक्षा 11 की छात्रा ने सूना घर पाकर अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। कस्बे के वार्ड संख्या दो के निवासी रामनाथ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नातिन पुष्पा (17) ने सूना घर पाकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के समय मृतका की मां रानी देवी फैक्टरी में मजदूरी करने गई थी। पिता की 15 वर्ष पूर्व सर्पदंश से मौत हो चुकी है। मां के घर लौटने पर घटना की जानकारी हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका तीन बहनों में सबसे छोटी थी। बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। मंझली बहन की शादी कुछ माह बाद होनी है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

# समाधान दिवस से नदारद आधा दर्जन अफसरों का आयुक्त ने वेतन रोका

**अतर्रा में समाधान दिवस के दौरान मंडलायुक्त व डीआईजी ने सुनीं समस्याएं**

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



चित्रकूटधाम मंडलायुक्त ने डीआईजी के साथ अतर्रा तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान अनुपस्थित आधा दर्जन अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के बाद आयुक्त ने एफसीआई गोदाम सहित सहकारी क्रय-विक्रय समिति, एम-पैक्स और सीएचसी का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंडलायुक्त अजीत कुमार ने पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस के साथ सोमवार को अतर्रा तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। संबंधित अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी, विद्युत वितरण खंड उपखंड अधिकारी, खंड शिक्षाधिकारी अतर्रा, बिसंडा एवं नरैनी तथा बीडीओ महुआ के अनुपस्थित होने पर आयुक्त ने सख्त नाराजगी जताई। सभी गैरहाजिर अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि भविष्य में समाधान दिवस में बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। समाधान दिवस के बाद आयुक्त ने भारतीय खाद्य निगम के भंडार गृह सहित सहकारी क्रय-विक्रय समिति व एम-पैक्स का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहां सभी व्यवस्थाएं ठीक मिलीं निर्देश दिए कि किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। खाद वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता, कालाबाजारी और अधिक मूल्य वसूली न होने पाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं। नगर पालिका के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सुलभ शौचालय की तत्काल सफाई कराकर नियमित रूप से स्वच्छ और क्रियाशील रखा जाए।

# प्रदेश सरकार ने कोटेदारों की मार्जिन मनी ने 90 से बढ़ाकर 125 रुपये की



**बांदा।** कोटेदारों को जिले की चारों विधान सभा क्षेत्रों में तहसील सभागार में आयोजित समारोह के दौरान मार्जिन मनी बढ़ाने को लेकर मुख्यमंत्री का संबोधन सुनाया गया। 35 रुपये प्रति क्विंटल लाभांश बढ़ोत्तरी पर जहां कोटेदारों ने खुशी जताई वहीं, इसे बढ़ाकर 200 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने की पुरानी मांग भी दोहराई। अभी तक कोटेदारों को 90 रुपये प्रति क्विंटल का लाभांश मिल रहा है। कोटेदार लंबे समय से अन्य राज्यों की तरह 200 रुपये प्रति क्विंटल लाभांश किए जाने के साथ ही 30 हजार रुपये न्यूनतम आय की गारंटी योजना लागू किए जाने की मांग को लेकर आंदोलित थे। चालू माह अगस्त में कोटेदारों ने शुरुआत के दो दिन राशन वितरण बंद रखा था। इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कोटेदारों का लाभांश 90 से बढ़कर 125 रुपये प्रति कुंतल करने की घोषणा की है। जिले की चारों विधान सभा क्षेत्रों बांदा सदर, नरैनी, बबेरू व तिंदवारी में मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। तिंदवारी विधान सभा क्षेत्र के पैलानी तहसील सभागार में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद की अध्यक्षता में, सदर विधान सभा क्षेत्र का कार्यकम कलक्ट्रेट सभागार में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष मूलचंद्र सोनकर व प्रतिनिधि राकेश दीक्षित की अध्यक्षता मुख्यमंत्री के संबोधन का प्रसारण देखा।

# स्वतंत्रता दिवस पर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट व दुर्ग की प्राचीर पर फहराया तिरंगा

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कलेक्ट्रेट भवन पर ध्वजारोहण कर जनपदवासियों एवं कलेक्ट्रेट परिवार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और देश की रक्षा में बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में झांसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई सहित अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए अपना बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान से परिचित कराना हम सभी की जिम्मेदारी है।उन्होंने युवाओं से विकसित भारत-2047 के निर्माण में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि युवा शिक्षा, प्रतिभा और तकनीकी ज्ञान का उपयोग देश की उन्नति में करें। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को समय से पहले साकार करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।इसके बाद जिलाधिकारी ने झांसी दुर्ग की प्राचीर पर सपरिवार एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों के साथ ध्वजारोहण कर अमर सेनानियों को नमन किया। कलेक्ट्रेट में सफाई कर्मचारियों तथा सूरज प्रसाद बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्राओं ने राष्ट्रगान एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जेडीए हिमांशु गौतम, एडीएम वित्त एवं राजस्व पल्लवी मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी की मौजूदगी में समाधान दिवस में 55 शिकायतें प्राप्त, 16 का मौके पर निस्तारण

**समृद्धि न्यूज़, उरई।**

**अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतों का करें निस्तारणः डीएम**

माधौगढ़ तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी विनय कुमार सिंह ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान कुल 55 शिकायती प्राप्त हुई, जिनमें 16 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें विद्युत विभाग से संबंधित प्राप्त हुईं। इसके अतिरिक्त चकरोड, नाली, आवास व क्षतिपूर्ति से संबंधित प्रकरण भी सामने आए। डीएम ने सम्बंधित अधिकारियों की टीम बनाकर मौके पर पहुंचकर शिकायतों का वास्तविक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिकायतों के निस्तारण के लिए सात टीमें मौके पर भेजी गईं, जो स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी। चकरोड से संबंधित पांच प्रकरणों में मौके पर चकरोड खाली करा दिए गए थे, लेकिन मिट्टी डालने का कार्य शेष था। डीएम ने तत्काल मिट्टी डलवाने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी न हो और वे खाद, बीज सहित आवश्यक कृषि सामग्री आसानी से अपने खेतों तक ले जा सकें। डीएम ने राजस्व प्रशासन, पुलिस प्रशासन व संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को राहत मिलना ही शिकायत निस्तारण का वास्तविक उद्देश्य है। साथ ही निस्तारित शिकायतों के संबंध में शिकायतकर्ताओं से लगातार फोन के माध्यम से फीडबैक प्राप्त करने के भी निर्देश दिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शिकायतों का समाधान वास्तव में हुआ है और फरियादी संतुष्ट हैं।

# सैकड़ों कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

**महोबा के महोबकंठ से काशीपुरा तक निकली कावड़ यात्रा**

**समृद्धि न्यूज़, पनवाड़ी, (महोबा)।**



नाग पंचमी के अवसर पर जिले के पनवाड़ी विकासखंड के महोबकंठ में सावन के दौरान एक विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। भाजपा नेता पंकज तिवारी के नेतृत्व में लगभग 500 कांवड़ियों ने सिद्ध बाबा कुंड से पवित्र जल लेकर काशीपुरा स्थित शिव मंदिर तक यात्रा की और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। यात्रा की शुरुआत महोबकंठ के सिद्ध बाबा कुंड से हुई,जहां सुबह से ही कांवड़ियों का जमावड़ा शुरू हो गया था। कांवड़ियों के हाथों में कांवड़ थीं और वे हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए डीजे पर बज रहे शिव भक्ति के गीतों के साथ आगे बढ़ रहे थे, जिससे पूरा माहौल शिवमय हो गया। यह कांवड़ यात्रा कोयलारी धाम, तेईया, करपहाड़िया और बामौर होते हुए काशीपुरा पहुंची। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन पर पुष्पवर्षा की। यात्रा के दौरान बुलडोजर से की गई पुष्पवर्षा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। काशीपुरा पहुंचने के बाद, कांवड़ियों ने सिद्ध बाबा कुंड से लाए गए पवित्र जल से भगवान श्री काशी विश्वनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। महोबकंठ पुलिस का भारी बल यात्रा के साथ तैनात रहा।

### जनपद में विज्ञान के प्रति आएगी जागरूकताः जिलाधिकारी

**ललितपुर।** आई आई टी कानपुर द्वारा निर्मित एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में हो रहे विकास के प्रति विद्यार्थियों एवं आम जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सचल विज्ञान बस का संचालन 17 अगस्त से 31 अगस्त तक जनपद में 15 दिनों तक विभिन्न विद्यालयों में जनपद की सभी तहसीलों में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करेगी। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमबार को सचल विज्ञान प्रदर्शनी बस को अपने कैम्प कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की सचल विज्ञान बस से निश्चित ही ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि एवं जिज्ञासा - उत्पन्न होगी। विद्यार्थियों के लिए विज्ञान के सिद्धान्तों के साथ ही उनसे सम्बन्धित प्रयोगों की जानकारी बहुत ही अहम है। जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश ने कहा कि विज्ञान बस छात्र-छात्राओं के लिए बहुत ही शिक्षाप्रद है। जिसमें विज्ञान सम्बन्धी उच्च स्तर के मॉडल प्रस्तुत किये गये हैं। समन्वयक, जिला विज्ञान क्लब राहुल जैन ने बताया कि विज्ञान बस में उज्जवल भविष्य के लिए ऊर्जा बचाए विषय पर आधारित 20 स्वचलित व हस्त चलित लगे हुए हैं, जिसको विद्यार्थी स्वयं करके सीखेंगे।

# मदनपुर की आंडी नदी में डूबे दिव्यांग का शव दूसरे दिन एसडीआरएफ की टीम ने किया बरामद

**कल दोपहर में मछली पकड़ते समय पैर फिसलने से नदी में गिरा था ग्रामीण**

**समृद्धि न्यूज़, ललितपुर।**



थाना मदनपुर क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय कस्बे से बहने वाली ऑडी नदी में मछली पकड़ते समय पैर फिसल कर गिरे दिव्यांग मछुआरे का शव दो दिन बाद एसडीआरएफ की टीम ने खोजबीन के दौरान बरामद किया। जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि मछवारे के नदी में गिरने के बाद से स्थानीय गोताखोरों के साथ-साथ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उसे ढूंढने में लग रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद दूसरे दिन उसका शव बरामद किया गया। कस्बा मदनपुर निवासी 35 वर्षीय दिव्यांग हरचंदी उर्फ़ माखन पुत्र नत्थू कुशवाहा 15 अगस्त को अपने ही गांव के पास से निकली हुई ऑडी नदी में मछली पकड़ने के लिए गया हुआ था। बताया गया है कि इसी दौरान मछली पकड़ते समय करीब शाम 4 बजे उसका पर फिसला और वह नदी के पानी में गिर गया था। इस दौरान उसके साथ मौजूद उसके अन्य साथियों ने तत्काल इस घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। घटना की सूचना पर परिजनों ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दिव्यांग मछुआरे को ढूंढने का काफी प्रयास किया, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी थाना मदनपुर पुलिस को दी। मदनपुर पुलिस ने भी स्थानीय मछुआरों की मदद से ग्रामीण को ढूंढने का काफी प्रयास किया लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। इसके बाद उक्त घटना की जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई। घटना की सूचना पर एसडीएम के निर्देश पर तत्काल एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया और नदी में रविवार के दिन भर ग्रामीण की तलाश की गई लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला।

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में 10वें राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ समापन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल द्वारा विश्व आयुर्वेद परिषद उत्तर प्रदेश के सहयोग से आयोजित सबूत-आधारित आयुर्वेद- चुनौतियाँ और अवसर विषयक 10वें राष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं धन्वंतरि वंदना के साथ हुआ। चरक जयंती पर सभी अतिथियों एवं गणमान्यजनों ने आचार्य चरक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि एवं नमन किया। सेमिनार में सम्मिलित प्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शोध-पत्रों के सारांशों पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 सुश्रुत कन्नौजिया, अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ एथिक्स एंड रजिस्ट्रेशन, ने विद्यार्थियों एवं चिकित्सकों को चिकित्सा क्षेत्र में नैतिक एवं जिम्मेदार चिकित्सा पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अन्य राज्यों में चिकित्सा सेवा प्रदान करने वाले चिकित्सकों के लिए अस्थायी पंजीकरण अस्थायी पंजीकरण से संबंधित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ0 कन्नौजिया ने वर्तमान चिकित्सा परिदृश्य में चरक संहिता की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार चरक संहिता को साक्ष्य-आधारित आयुर्वेद के विकास का आधार बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बीएमएस पाठ्यक्रम में आवश्यक संशोधन किए जाने चाहिए तथा विद्यार्थियों को साक्ष्य-आधारित अनुसंधान की ओर अधिक केंद्रित किया जाना चाहिए। मुख्य अतिथि के संबोधन के पश्चात उन्हें सम्मान स्वरूप स्मृति-चिह्न, शॉल, पौधा एवं सेमिनार किट भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ0 किरण अरविंद तावरे का अतिथि व्याख्यान हुआ। उन्होंने साक्ष्य-आधारित अनुसंधान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न प्रकार के अनुसंधानों एवं उनके शैक्षणिक तथा चिकित्सकीय क्षेत्रों में उपयोग को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि बेहतर रोगी देखभाल के लिए आयुर्वेद के विद्यार्थियों एवं चिकित्सकों को अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर स्वयं को अपडेट करते रहना आवश्यक है। अपने व्याख्यान को प्रभावी एवं रोचक बनाने के लिए उन्होंने एक लघु नाटिका के माध्यम से अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर प्रगति एवं स्वयं को अद्यतन रखने के महत्व को समझाया। यह नाटिका 2024-25 बैच के विद्यार्थियों-श्वेता चौधरी, वरुण नरूका एवं सात्विक तिवारीद्वारा तैयार की गई थी। व्याख्यान के पश्चात डॉ0 किरण अरविंद तावरे को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

## वैज्ञानिक शोध-पत्र प्रस्तुतियां एवं पुरस्कार वितरण

सेमिनार के दौरान पीजी विद्यार्थियों द्वारा वैज्ञानिक शोध-पत्र प्रस्तुतियों का समानांतर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने शोध कार्य एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रभावी प्रदर्शन किया।

समापन एवं वैलेडिक्टरी समारोह के दौरान पीपीटी एवं वैज्ञानिक प्रस्तुति प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। पीजी वर्ग में डॉ0 दिव्यानी सिंह ने प्रथम, डॉ0 कविताबेन रमेशभाई परमार ने द्वितीय तथा डॉ0 अनल प्रभात चौधरी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं यूजी वर्ग में स्नेहा कुमारी ने प्रथम,श्रुति सिंह ने द्वितीय तथा स्नेहा चौरसिया ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। सभी विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। वैलेडिक्टरी समारोह में उप प्राचार्य डॉ0 नितुश्री ने मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथि वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने चेयरमैन सर एवं डायरेक्टर मैम के निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया। दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार सामूहिक प्रयास, उत्कृष्ट टीमवर्क एवं समर्पण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने शिक्षकों,



कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण व सम्मानित प्रशिक्षु चिकित्सक

चिकित्सकों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों को साक्ष्य-आधारित आयुर्वेद की चुनौतियों एवं संभावनाओं पर विचार-विमर्श करने तथा अनुसंधान एवं नवीन दृष्टिकोणों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया।

# दो महिलाओं के आभूषण चोरी, सुरक्षा पर उठे सवाल


घटना की जानकारी देती पीड़ित महिला

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

क्षेत्र के पुठरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को जलाभिषेक के दौरान दो अलग-अलग चोरी की घटनाएं सामने आईं। भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने एक महिला के कान से सोने के कुंडल नोच लिए, जबकि दूसरी महिला के गले से सोने की माला पार कर दी। इन घटनाओं से श्रद्धालुओं में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

नगला हीरा सिंह निवासी मिथलेश देवी पत्नी अजय सिंह भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने मंदिर पहुंची थीं। दर्शन के दौरान भारी भीड़ में बदमाशों ने जबरन उनके दोनों कानों से सोने के कुंडल नोच लिए। पीड़ित महिला के चीखने-पुकारने पर आसपास के लोग मौके पर जुटे, लेकिन तब तक आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर रफूचक्कर हो चुके थे। दूसरी घटना सिरौली निवासी दीपा पत्नी सुरेंद्र के साथ हुई। वह भी मंदिर में पूजा-अर्चना करने आई थीं। भीड़-भाड़ के बीच अज्ञात चोरों ने बेहद सफाई से उनके गले से सोने की माला पार कर दी। पूजा समाप्त होने के बाद जब दीपा ने ध्यान दिया, तब उन्हें माला चोरी होने की जानकारी हुई। सावन के महीने में मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। एक ही दिन में चोरी की दो वारदातें होने से मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। स्थानीय लोगों व श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने, पुलिस पिकेट तैनात करने और भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की मांग की है।

पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। अभी तक घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

# कांशीराम राजकीय महाविद्यालय में मनाया स्वतंत्रता दिवस


झण्डारोहण करती प्राचार्य कल्पना सिंह

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में 80वें स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य डा0 कल्पना सिंह ने ध्वजारोहण करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें प्रेषित की तथा समस्त छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों, कार्यालय अधीक्षक व समस्त कर्मचारियों के साथ राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। डॉ. अमित कुमार ने निदेशक उच्च शिक्षा, प्रयागराज के संदेश का वाचन सभी के सम्मुख किया, साथ ही विकसित भारत/2047 की संकल्पना को साकार करने हेतु युवा शक्ति का आवाह्न किया। प्राचार्य के उद्बोधन में स्वतंत्रता के असली मायनों पर प्रकाश डाला गया। डॉ. प्रियांशु गुप्ता ने विद्यार्थियों को आजादी की शौर्य गाथा से परिचित कराया।

# भाविप सहयोग शाखा ने मनाई हरियाली तीज

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** भारत विकास परिषद सहयोग शाखा के तत्वावधान में कादरी गेट स्थित एक वैंक्विट में हरियाली तीज का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। महिला सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने हरियाली तीज एवं सावन के गीत-संगीत के द्वारा कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। पुरुष सदस्यों ने मनमोहक भजन की प्रस्तुति दी। सहयोग शाखा अध्यक्ष रीता दुबे, कोषाध्यक्ष आशा वर्मा एवं महिला सहभागिता रचना वर्मा के संयोजन में कार्यक्रम में आए हुए सभी सदस्यों ने गेम में प्रतिभाग किया एवं पुरस्कार जीते। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश चन्द्र गुप्ता, प्रांतीय महिला सहभागिता अनीता पाठक, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. आरके गुप्ता, संगठन सचिव राजेश शुक्ला, वरिष्ठ सदस्य केके पाठक, डॉ. संतोष पाठक, संजय दुबे, आरके वर्मा, अजय शंकर तिवारी, रामजी बाजपेई, सुनीता पुरवार, डॉ. श्यामा वर्मा, निवेदिता अस्थाना, अवधेश दुबे, राकेश गंगवार, संजय कटियार, संजीव कुमार वर्मा, विमल वर्मा, आशीष शुक्ला, सुनील वर्मा आदि मौजूद रहे।

# 78 साल के बुजुर्ग को कागजों में मृत दिखाकर हड़पी जमीन

**फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर की विरासत, शिकायत पर दी जान से मारने की धमकी**

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** तहसील के पचरौली महादेवपुर गांव निवासी 78 वर्षीय मलिखान सिंह पुत्र बनबारी को कुछ लोगों ने कागजों में मृत दिखाकर उसकी जमीन अपने नाम करा ली। पीड़ित ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। मलिखान सिंह ने बताया कि चांदपुर कच्छ निवासी रामवेटी, प्रेमसिंह, अतरसिंह, विजय सिंह, इन्द्रपाल पुत्र मलिखान और पचरौली निवासी नन्हेलाल पुत्र गेंदाल, कल्याण सिंह पुत्र गौरी ने ग्राम विकास अधिकारी, उपरजिस्ट्रार नगर पालिका फर्रुखाबाद और राजस्व कर्मियों के साथ मिलकर साजिश रची। लोगों ने प्रार्थी का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र और परिवार रजिस्टर की प्रति बनवाकर 01 अप्रैल 2025 को नायब तहसीलदार न्यायालय कम्पिल में धारा 33(1) के तहत आवेदन किया। इसमें प्रार्थी को मृतक दर्शाकर ग्राम पचरौली महादेवपुर की गाटा संख्या 1079, 1125, 906ख, 907, 908, 1159, 279ख, 321, 566, 948 कुल लगभग 2.6 हेक्टेयर जमीन का वाद संख्या 2010/2025 दायर किया गया। फर्जी शपथ पत्र के आधार पर 19 मार्च 2026 को न्यायालय ने धारा 34 के तहत विरासत का आदेश भी पारित कर दिया। पीड़ित ने बताया कि 10 अगस्त को वह तहसील अपनी खतौनी निकलवाने गया तब उसे पता चला कि उसे मृत दिखाकर जमीन दूसरों के नाम हो चुकी है। जब उसने आरोपियों से शिकायत की तो उन्होंने धमकाते हुए कहा तुम्हें कागजों में मृत दिखा दिया है, शिकायत की तो जान से मार देंगे।

# भगवान शिव की सच्ची भक्ति से दूर होते हैं जीवन के सभी कष्ट: आचार्य

**महामृत्युंजय जाप के साथ भक्तों ने सुनी शिव महापुराण कथा**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

सावन माह में फतेहगढ़ स्थित गोपाल फंक्शन पैलेस में शिव महापुराण कथा का आयोजन हुआ। सुबह से ही महामृत्युंजय जाप हुआ। मुख्य रुप से सूरज ग्रुप के चेयरमैन व राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय सचिव डॉ0 राजीव पाठक व उनकी पत्नी विनीता पाठक ने पहुंचकर महामृत्युंजय जाप किया और शिव महापुराण कथा सुनी।

कथाव्यास प्रीतम शरण महाराज कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ बहुत ही दयालु और कृपालु हैं। वे मात्र एक लोटा जल, बेलपत्र और सच्चे मन से की गई प्रार्थना से ही अपने भक्तों के सारे कष्ट हर लेते हैं। उन्होंने समाज में बढ़ रहे तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का मनुष्य भौतिक सुखों की अंधी दौड़ में भाग रहा है और अपनी मानसिक शांति खो चुका है। ऐसे में शिव की आराधना और सत्संग ही वह मार्ग है जो मनुष्य को आत्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और अंततः मोक्ष की ओर ले जा सकता है। कथा के दौरान जब आचार्य जी ने शिव-पार्वती विवाह का सजीव और मार्मिक प्रसंग सुनाया, तो पंडाल में बैठे श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा के बीच-बीच में प्रस्तुत किए गए सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु अपनी जगह पर खड़े होकर झूमने और ताली बजाने लगे। आचार्य ने शिवलिंग पर जल चढ़ाने की सही विधि, रुद्राक्ष धारण करने के लाभ और सोमवार के व्रत के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के विश्राम पर भगवान शिव की भव्य महाआरती उतारी गई। इसके पश्चात आयोजक समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर सीमा दुबे, शिवम दुबे, दीपक मिश्रा, सुभाष तिवारी, अम्बिका त्रिवेदी, मुन्नालाल वैर्ष्णेय, आनंदराम मिश्रा, कृष्ण मुरारी, मुन्नी कटियार, रामवीर बाबू, सभासदपति रामवीर सिंह चौहान, व्यवस्थापक अनिल तिवारी, शीला तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।


कथाव्यास का पूजन करते भक्तगण

# करंट लगने से युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

**जनरेटर स्टार्ट करते समय हुआ हादसा**

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

कोतवाली क्षेत्र के नारायण आश्रम में जनरेटर स्टार्ट करते समय करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मूल नोनियमगंज हाल निवासी कूंचा गंगा दरवाजा निवासी गौरव उम्र 22 वर्ष पुत्र राकेश जाटव पिछले लगभग 2 वर्षो से आश्रम में रहकर कार्य करता था। सुबह गौरव जनरेटर स्टार्ट कर रहा था, तभी अचानक वह करंट की चपेट में आ गया। वहां मौजूद कर्मचारियों ने तत्काल उसे उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 अमरेश कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की बहन सुमन ने बताया कि उसने भाई के मोबाइल पर कॉल की तो किसी दूसरे व्यक्ति ने फोन उठाकर बताया कि तुम्हारे भाई को करंट लग गया है और उसे सीएचसी लाया गया है। परिजनों ने बताया कि परिवार में 3 भाई थे। 6 माह पहले बड़े भाई दीपू की मौत हो चुकी है। अब गौरव की भी मौत हो गई। घर में छोटे भाई सौरभ के अलावा 4 बहनें मधु, सुमन, नैना और मां छतवती हैं। मृतक के पिता राकेश जाटव सहित पूरा परिवार पिछले 5 वर्षो से नारायण आश्रम में नौकरी करता है।


मृतक का फाइल फोटो


रोते बिलखते परिजन

# गायत्री इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित होते कराटे खिलाड़ी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** गुरुगांव देवी मंदिर के पास स्थित गायत्री इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। खिलाड़ियों का यह सम्मान स्कूल के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा और प्रबंधक अनिल भदौरिया ने किया। सम्मानित होने वाले खिलाड़ी अर्पिता भारद्वाज, अर्णव कौशल, आदित्य चतुर्वेदी, वैभव भारद्वाज, संस्कार अग्रवाल, प्रबल भारद्वाज, आरुष मिश्रा के नाम शामिल रहे। स्कूल के डायरेक्टर प्राची अग्रवाल और देवांश अग्रवाल ने कहा यह हमारे स्कूल और जिले के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि हमारे बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। ये बच्चे आगे भी इसी तरह मेहनत करें और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का मान बढ़ाएं। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा व कराटे कोच पारस भारद्वाज ने सभी कराटे खिलाड़ी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# मंडलायुक्त ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर राहत कार्यों का लिया जायजा

**बाढ़ प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

के. विजयेंद्र पांडियन मंडलायुक्त कानपुर मंडल कानपुर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित ग्रामीणों के लिए किए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे राहत कार्यो की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि जनपद में गंगा नदी एवं राम गंगा नदी प्रवाहित है, दोनों नदियों का चेतावनी बिन्दु 136.60 मी0 एवं खतरे का निशान 137.10 मी0 है। सिचांई खण्ड की सूचना के अनुसार गंगा नदी का जल स्तर 136.90 मी0 एवं राम गंगा नदी का जल स्तर 134.00 मी0 है। उन्होंने कहा कि तहसील सदर के 12 गाँव, तहसील कायमगंज के 20 गाँव एवं तहसील अमृतपुर के 30 गाँव प्रभावित हैं इस प्रकार जनपद के कुल 62 गाँव प्रभावित हुये हैं। जनपद में 24 अस्थायी बाढ़ शरणालय मूलभूत सुविधाओं सहित स्थापित है। जिनमें 04 बाढ़ शरणालय मंडी समिति शमसाबाद, सहकारी समिति मंडी अर्रापहाड़पुर, रहमानिया कन्या इन्टर कालेज, रामनिवास डिग्री कॉलेज चित्रकोट राजेपुर को उपयोग में लाया गया, जिनमें अभी तक 630 व्यक्ति प्रवास कर चुके हैं। 52 अस्थायी बाढ़ चौकियां संचालित है, जिनमे कार्मिकों की तैनाती की गयी है। अब तक तहसील सदर में 12 गाँव में 19 नावें एवं 06 मोटर बोट, तहसील कायमगंज में 20 गाँव में 20 नावें एवं 05 मोटर बोट, एवं तहसील अमृतपुर में 30 गाँव में 28 नावें एवं 07 मोटर बोट लगायी गयी है। जनपद में कुल 67 नावें एवं 18 मोटर बोट लगायी गयी हैं। 01 टीम एन.डी.आर.एफ. एवं 01 कम्पनी फ्लड पी.ए.सी. मय मोटरवोट व उपकरण तैनात है। 53 स्वयं सेवी गोताखोरों की उपलब्धता है। बाढ़ से प्रभावित 21 परिवारों को पूर्ण क्षतिग्रस्त पक्का मकान के लिये 25 लाख 20 हजार की धनराशि का वितरण किया गया, साथ ही 25 प्रभावित परिवारों को 80 वर्ग मीटर का भूमि आवंटन एवं पट्टा कर दिया गया है। मंडलायुक्त ने सदर तहसील स्थित विकासखण्ड बढ़पुर के ग्राम बिलावलपुर के मजरा कटरी धर्मपुर पहुंचकर बाढ़ की स्थिति एवं ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही राहत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए की बाढ़ के पानी के कटाव के कारण क्षतिग्रस्त पुलिया, सड़क एवं संपर्क मार्गो का चिन्नांकन कर आख्या उपलब्ध कराएं, जिससे उनके मरम्मत कार्य हेतु कार्य योजना तैयार कर शासन को प्रेषित की जा सके। मंडलायुक्त ने बाढ़ चौकी धारानगरी का निरीक्षण कर वहां तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से बाढ़ की स्थिति, निगरानी व्यवस्था तथा प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे राहत कार्यो की जानकारी प्राप्त की। मंडलायुक्त ने रहमानिया कन्या इण्टर कॉलेज में बनाए गए बाढ़ शरणालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनन्द उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर संजय कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 धीरज कुमार सहित संबंधित प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



राहत सामग्री वितरित करते मंडलायुक्त

# कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसो. की जिला कार्यकारिणी गठित

**विनय रस्तोगी अध्यक्ष एवं अजय कटियार बने महामंत्री**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

कैमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।नगर के एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुए संगठन के चुनाव में सर्वसम्मति से विनय रस्तोगी को अध्यक्ष, अजय कटियार को महामंत्री, ब्रजकिशोर दुबे को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेश दीक्षित को कोषाध्यक्ष तथा निशीत सक्सेना को संगठन का मीडिया प्रभारी चुना गया। केमिस्ट एंड ड्रगिस्त एसोसिएशन की अभी तक नगर, तहसील एवं ब्लाक स्तर की ही इकाईयां गठित थी, परन्तु जिला स्तर पर संगठन में महसूस की जारी थी। कायमगंज के अध्यक्ष विनय रस्तोगी, फतेहगढ़ नगर के अध्यक्ष ब्रजकिशोर दुबे, फर्रुखाबाद अध्यक्ष राजेश दीक्षित एवं संरक्षक अजय को जिला स्तर पर गठन किया गया। जिसमें संगठन की तहसील, ब्लाक एवं नगर स्तर पर गठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग करके सर्वसम्मति से केमिस्ट एंड ड्रगिस्त एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का चुनाव किया।

जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की कार्यकारिणी में चुने गये पदाधिकारियों के नाम है। नरेश अग्रवाल संरक्षक, विनय रस्तोगी अध्यक्ष, अजय कटियार महामंत्री, ब्रजकिशोर दुबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष, स्वदेश राजपूत, अनिल गुप्ता, संजीव गुप्ता, अफताक अहमद, पंकज अग्रवाल सभी उपाध्यक्ष, ब्रजलेश कुमार, विक्रम सिंह, विवेक अग्रवाल, अर्पित, रजनीश गुप्ता, सुमित कनौजिया सभी मंत्री, राजेश दीक्षित कोषाध्यक्ष, निशीत सक्सेना, अशोक यादव, आदित्य कुमार मीडिया प्रभारी बनाये गये। जिलाध्यक्ष विनय रस्तोगी ने बताया कि संगठन के माध्यम से दवा व्यापारियों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। तथा संगठन की कार्यकारिणी तीन माह में एक बार बैठक आयोजित होगी।


गठन के दौरान मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

# तीसरे सोमवार पर पुठरी शिव मंदिर में उमड़ी भीड़

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

सावन के तीसरे सोमवार को नवाबगंज स्थित प्राचीन पुठरी शिव मंदिर में आस्था का विहंगम दृश्य देखने को मिला। भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए तड़के से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। संपूर्ण मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंजता रहा। सावन के इस पवित्र दिन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। मंदिर के पुजारी सुरेश भारती ने भोर में करीब चार बजे विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इसके बाद जैसे ही श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट खोले गए, भक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, पुष्प और प्रसाद अर्पित किया। कई भक्त अपने साथ पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचे थे, जिससे उन्होंने भगवान आशुतोष का अभिषेक किया और अपनी श्रद्धा निवेदित की। आसपास के गांवों से ही नहीं, बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे दर्शन के लिए पहुंचे। पूरे दिन मंदिर के आसपास खासी चहल-पहल रही और जलाभिषेक का सिलसिला अनवरत चलता रहा।


पुठरी मंदिर में पूजन करते भक्तगण

# सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज फरुखाबाद में स्वतंत्रता दिवस का पर्व अत्यंत उत्साह, उल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य रूप से तिरंगा ध्वज फहराकर किया गया। सभी ने राष्ट्रनायकों एवं महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न रंगारंग एवं देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई। विद्यार्थियों ने हिंदी एवं अंग्रेजी में प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के त्याग, बलिदान एवं राष्ट्रप्रेम को स्मरण किया। साथ ही शिक्षा निदेशक का संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ऐस्तर रोज़ दयाल ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविता प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि हमें निरंतर अपने देश के विकास एवं उन्नति के लिए कार्य करते रहना चाहिए तथा सामूहिक प्रयासों से भारत को शीघ्र ही विकसित देशों की श्रेणी में लाने के लिए अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक याद किया। विद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ देशभक्ति के नारे लगाए, जिससे सम्पूर्ण परिसर राष्ट्रप्रेम की भावना से गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता की। सभी ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे हर घर तिरंगा ऐप पर अपलोड किया तथा प्रमाण-पत्र प्राप्त किए। विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया तथा सभी विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को बूंदी वितरित की गई। सम्पूर्ण कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए राष्ट्रप्रेम, एकता, पर्यावरण संरक्षण एवं देश के प्रति अपने कर्तव्य का संदेश दिया। कार्यक्रम का वातावरण पूर्णतः देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना से ओत-प्रोत रहा।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम फरहत उल्ला था। जिसे बदलकर मैंने फरहत उल्ला किदवाई कर लिया है। भविष्य में मुझे फरहत उल्ला किदवाई नाम से जाना पहचाना जाए।

**फरहत उल्ला किदवाई पुत्र वकायत हुसैन किदवाई निवासी सी/118, नेहरू नगर निकट मस्जिद, नवाबगंज, जिला बाराबंकी।**

## सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या-UP76 2014 0009459 में मेरा नाम त्रुटिवश Venit Mishra व जन्मतिथि 01/01/1986 अंकित हो गयी है, जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम Vinit Mishra व जन्मतिथि 18/05/1986 दर्ज है, जो सही है। दोनों ही नाम व जन्मतिथि मेरे ही है। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा सही नाम व जन्मतिथि दर्ज की जाये।

**विनीत मिश्रा (Vinit Mishra) पुत्र रामवीर मिश्रा निवासी ग्राम बैरमपुर, पोस्ट नगला नान, जनपद-फर्रुखाबाद**

# कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 1037/न0पं0 कम्पिल/रा0वि0-न0नि0/ ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक 17/08/ 2026

## ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को राज्य वित्त आयोग/नगर निधि के अन्तर्गत नगर में हैण्डपंपों के रीबोर का कार्य काये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई टेण्डर की वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का कार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने का विवरण निम्न प्रकार है-

विस्तृत शर्तें विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | 1037 /न0पं0 कम्पिल/2026-27 |
|---|---|
| Publish Date And Time For E-Bids | 18.08.2026 10:00 A.M. |
| Start Date And Time For E-Bids | 18.08.2026 10:00 A.M. |
| Last Date & Time For Submission of E-Bids | 25.08.2026 02:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 25.08.2026 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Bid Opening Online at Executive Officer Office, Nagar Panchayat Kampil, Farrukhabad. |

**(अवनीश कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0**

**(राजवती यादव)**
**अध्यक्षा**
**नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0**

# लाला लालमणि की स्मृति एवं कपिल गुप्ता की याद में हुआ रक्तदान

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 लाला लालमणि गुप्ता और कर्तव्य संस्था के संस्थापक स्व0 कपिल गुप्ता की स्मृति में निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 125 लोगों ने रक्तदान कर पूर्व के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। जिसमे सारांश अग्रवाल, धीरेंद्र सारस्वत, प्रिंस शुक्ला, मयंक रस्तोगी, दीपक अग्रवाल, गणेश कनौजिया, आदित्य कटियार, जनार्दन दत्त राजपूत, होशियार सिंह, विजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विनय कटियार, गौरव कनौजिया, योगेश कनौजिया, सनी कनौजिया, मोहित गुप्ता, सुजीत गुप्ता, शिवम श्रीवास्तव, राजेश कुमार, शुभम गुप्ता, प्रवीण मिश्रा, विनय सिंह, योगेश कुमार, मनोज गुप्ता, सनी कनौजिया, अनुराग वर्मा, मनोज बाजपेई, विमलेश मिश्रा, आशीष पालीवाल, मनोज कुमार, सचिन कटियार सहित लगभग 125 लोगों ने रक्तदान किया। बड़ी संख्या में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल के साथ पहुंचीं कई महिलाओं ने भी रक्तदान किया।



रक्तदान का प्रमाण पत्र लेते आदित्य कटियार

संस्था के संरक्षक पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल के पुत्र सारांश अग्रवाल अपने साथियों के साथ सुबह से शाम तक शिविर में डटे रहे और मित्रों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल ने शिविर में पहुंचकर सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीएमएस जगमोहन शर्मा, सीनियर इंचार्ज गिरी, पंकज कटियार, सानू भदौरिया सहित राम मनोहर लोहिया अस्पताल के कई स्टाफ ने रक्तदान सिविल में सहयोग किया। वहीं संस्था के अध्यक्ष कुशाग्र गुप्ता, सचिव सभासद धर्मेंद्र कनौजिया, सभासद शक्ति सिंह कुशवाहा, प्रशांत कटियार, रितेश वर्मा, अमित वर्मा, अंकुर कटियार, मोना बाजपेई, श्याम सुंदर गुप्ता, अंकुर गुप्ता, मनु गंगवार आदि लोगों ने व्यवस्था देखी।

## युवा शक्ति ही देश को विकसित भारत बनाने में करेगा सहयोगः राजगौरव पाण्डेय

**समृद्धि न्यूज,फरुखाबाद।** वाणी विनायक संस्था की ओर से 80वें स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम कार्यालय बूरा वाली गली पर धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष की थीम युवा शक्ति भारत को अग्रणी रखते हुए मुख्य अतिथि पार्थिवी पांडेय एवं यश पांडेय को बनाया गया। जिनके हाथों ध्वजारोहण संपन्न कराया गया। संस्था के निदेशक राज गौरव पांडेय ने संचालन का दायित्व ग्रहण करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही देश को विकसित भारत बनाने में सहयोग और योगदान प्रदान कर सकती है। देश का युवा भारत के सम्मान को विश्व पटल तक पहुंचाने के लिए अपने को स्वावब्लमवी बनाये और भारत की संस्कृति व पहचान को जागृत रखने के लिए हुनरमंद बने एक सच्चा कलाकार ही चाहे वह व्यवसायी हो डॉक्टर, इंजीनियर, सिंगर थिएटर आर्टिस्ट क्रिकेटर, वकील अगर है तो भारत के सम्मान को वह पहचान देगा। संस्था के उपाध्यक्ष राकेशनंद ने कहा कि यदि हम परिवार में एक जुट रहेंगे तो हमारी आजादी की सच्ची परिकल्पना साकार होगी।

# कार्यालयः खण्ड विकास अधिकारी, वि0ख0-नवाबगंज, फर्रुखाबाद

पंत्राकः- पत्रांक 1354/लेखा0/क्षेत्र पंचायत/नीति आ0 निर्माण/2026-27 दिनांकः 14 अगस्त 2026

## ई-टेण्डरिंग सूचना

महामहिम श्री राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अन्तर्गत खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड नवाबगंज नीति आयोग द्वारा दिल्ली वर्ष 2025-26 में आकांक्षी विकास खण्ड के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि से क्षेत्र पंचायत नवाबगंज द्वारा निम्न कार्य सम्पादित कराये जाने है। प्रतिशत के आधार पर ऑनलाइन ई-निविदा **etender.up.nic.in** पोर्टल पर दिनांक 01/09/2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी तिथि को अपरान्ह 3 बजे गठित टेण्डर समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष निविदा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार को कार्य की लागत का 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि (अर्नेस्ट मनी) के रूप में अलग-अलग कार्यों की अलग-अलग राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ0डी0आर0 जो कि खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज के पक्ष में बन्धक हो, जमा करनी होगी। कार्य की निविदा मूल्य का भुगतान अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में किया जायेगा, जोकि खण्ड विकास अधिकारी नवाबगज फर्रुखाबाद के पक्ष में देय होगा तथा स्कैन कापी निविदा के साथ ई-टेण्डरिंग पोर्टल **http://e-tender.up.nic.in.** ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। बिना धरोहर धनराशि की निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर (टी-06) पर रू0 10.00 की रसीद टिकट हस्ताक्षर युक्त संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदादाता किसी एक या सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदा का विवरण एवं शर्तें **http://e-tender.up.nic.in.** पर उपलब्ध है, तथा टेण्डर फार्म शुल्क मूल्य रू0 1000/- नवाबगंज, फर्रुखाबाद के 15वां वित्त खाता, बैंक आफ इण्डिया शाखा गनीपुर जोगपुर के खाता संख्या 761410110016010. आई0एफ0एस0सी कोड **BKID0007614** में जमा कराना होगा। जिसकी जमा रसीद या ट्रांजेक्शन नम्बर स्कैन कर निविदा बिड के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | स्टीमेट के अनुसार लागत जी.एस.टी. सहित (रु0 में) | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) (रु0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | **Computer and Science lab** | **19,62,283.00** | **39.250.00** | **1,000.00** | **3 माह** |
| 2 | **Infrastructure Strengthening of Health Facilities** | **16,32,279.00** | **32,650.00** | **1,000.00** | **3 माह** |
| 3 | **NRLM Shed** | **24,30,000.00** | **48,600.00** | **1,000.00** | **3 माह** |
| 3 | **10 Smart Anganwadi Center** | **20,99,990.00** | **42,000.00** | **1,000.00** | **3 माह** |

**नियम व शर्तें**

1. निविदादाता का जी0एस0टी0 पंजीकरण होना अनिवार्य है, जिसकी स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। निविदादाता को विगत 2 वर्षो का आयकर विवरण, पैनकार्ड एवं आधार कार्ड संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त निविदाओं को उपलब्ध/उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष टेण्डर समिति द्वारा सर्वप्रथम तकनीकी निविदा खोली जायेगी।
3. सफल निविदाओं को जमानत धनराशि अनुबंध करते समय अलग से प्रतिशत घरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ0डी0आर0 के रूप में खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज, फर्रुखाबाद के पदनाम के पक्ष में बन्धक रखना होगा। 100/-रू0 के भारतीय गैर-व्यवसायिक स्टाम्प पेपर पर 3 दिन के अन्दर एग्रीमेण्ट कराना होगा। स्वीकृत टेण्डर दाता द्वारा निर्धारित अवधि में अनुबन्ध कराने में असफल रहने की दशा में अनिच्छुक मानते हुए अर्नेस्ट मनी की धनराशि जब्त करते हुए द्वितीय न्यूनतम दर पर अनुबन्ध हेतु विचार किया जा सकता है। अनुबन्ध पत्र का व्यय टेंडरदाता द्वारा स्वयं किया जायेगा। अन्तिम न्यूनतम 3 स्थान तक के टेंडर दाताओं की अर्नेस्ट मनी रोंकी जायेगी, जो अनुबन्ध होने के बाद वापस की जा सकेगी।
4. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
5. निविदादाता को स्वयं के हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उनकी फर्म किसी राजकीय विभाग अथवा अन्य संस्था से काली सूची में नहीं की गयी है।
6. निविदादाता को लेबर आफिस में पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता के आववादम से कम रू0 20,00,000.00/- (बीस लाख) का हैसियत प्रमाण पत्र जो कि जिलाधिकारी द्वारा निर्गत किया गया संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. निविदा में प्रतिभाग करने हेतु आवेदक द्वारा जिलाधिकारी द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. जी0एस0टी0 का भुगतान पृथक से किया जायेगा।
10. फर्म/ठेकेदार द्वारा 10/- रुपये के स्टाम्प पर किसी भी अधिकारी/कर्मचारी का विकास खण्ड में कार्यरत न होने का प्रस्तुत करना होगा एवं कोई भी कार्य पेटकार द्वारा नहीं कराया जायेगा।
11. ठेकेदार/फर्म द्वारा 10/- रुपये के स्टाम्प पर आवश्यक तकनीकी स्टाफएवं मशीनरी की उपलब्धता/लीज का प्रमाण पत्र करना अनिवार्य होगा।
12. निविदादाता को अपने पास पोकलेन/जे0सी0बी0ए कम्प्रेसिव रोलर एवं ट्रैक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी।
13. टी-6 100.00 रू0 के स्टाम्प पर सबमिट किया जायेगा।
14. समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
15. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लाज 9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल **etender.up.nic.in** पोर्टल पर निगरानी रखें।
16. उक्त निविदा शासन द्वारा निर्गत शासनादेश एवं क्षेत्र पंचायत से प्राप्त दिशा निर्देश के अधीन होगी।
17. निविदादाता प्रपत्र की वांछनीय समस्त आवश्यक प्रपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
18. कार्यादेश जारी होने के उपरान्त ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व खण्ड विकास अधिकारी/अवर अभियंता (आर0ई0डी0) विकास खण्ड नवाबगंज को सूचित किया जाना अनिवार्य होगा।
19. सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य के तीन चरणों में फोटोग्राफी प्रथम कार्य प्रारम्भ होने के पहले, द्वितीय कार्य चलते समय तथा तृतीय कार्य समाप्त होने की फोटोग्राफी तथा निर्माण कार्य का डिस्प्ले बोर्ड लगवाना अनिवार्य होगा। तत्पश्चात फोटोग्राफके साथ बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करेंगे।
20. ई-निविदा के तकनीकी एवं वित्तीय परीक्षणोपरान्त पायी गई निविदा को प्रस्तुत करने वाली संस्था यदि क्षेत्र पंचायत कार्यालय में पंजीकृत नहीं है, तो शासन के आदेश संख्या 419/2019/1264/69-12019/14(3) 2019 दिनांक 05 नवम्बर, 2019 व क्षेत्र पंचायत में निहित व्यवस्थानुसार संस्था को पंजीकृत करना अनिवार्य होगा।

**(बृजमोहन)**
**अवर अभियंता (आर0ई0डी0)**
**नवाबगंज-फर्रुखाबाद**

**(अमरेश सिंह चौहान)**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**नवाबगंज-फर्रुखाबाद**

# गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में उत्साह के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में देशभक्ति और उत्साह से ओत-प्रोत वातावरण में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रबंधक विनोद कुमार अग्रवाल, प्रमोद कुमार अग्रवाल, निदेशक राजीव मोहन पाण्डेय, प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला एवं उप-प्रधानाचार्य डॉ0 अंजू सिंह ने भारत माता, राष्ट्र पिता तथा नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण एवं झंडा रोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी ने झंडे को सलामी देते हुए राष्ट्रगान गाया। सभी ने एक स्वर में राष्ट्र गीत वंदे मातरम गाया।



स्वतंत्रता दिवस मनाते शिक्षक व छात्र

मुख्य आकर्षण विद्यालय के विभिन्न सदनों द्वारा प्रस्तुत की गई भव्य एवं अनुशासित परेड रही। चारों सदनों के विद्यार्थियों ने पूरे जोश, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ मार्च-पास्ट प्रस्तुत कर देश के प्रति अपने सम्मान और समर्पण की भावनाको व्यक्त करते हुए तिरंगे को सलामी दी। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण किया तथा राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। कक्षा-6 से 11वीं की छात्रा आर्या चौहान, काव्या अग्निहोत्री, आराधना सिंह, ओमप्रभी एवं छात्र शिव शुक्ला शौर्य बाबू आदि छात्र-छात्राओं ने वो मिट्टी के बेटे तथा तेरा हिमालय आकाश छूले गीतों पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों सक्षम पाल, रूद्र दुबे, आकाश पांडे, कनिष्क भदोरिया आदि बच्चों ने प्रस्तुत की गई आजादी कब मिलेगी तथा हर हाल में आजादी देखनी है लघु नाटिका ने एक बार फिर आजादी की कहानी को दोहराया। प्री-प्राइमरी के नन्हें-मुन्ने बच्चों अनन्या श्रीवास्तव, काशवी मिश्रा, सैयद हान्या अली आदि ने देश भक्ति के मिले जिंदगी गीतों पर जो सुंदर समूह नृत्य प्रस्तुत किया उसने सभी कामन मोह लिया।

छात्राओ हूर यादव, आयशा खान, शुभ्रा शुक्ला, इशिता वर्मा, स्वास्थी अग्निहोत्री, जया मिश्रा आदि ने समूह गीत प्रस्तुत किया। प्रबंधक ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। शीर्ष बालक उज्ज्वल शंखवार एवं शीर्ष बालिका अपूर्वा शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता और प्रगति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

# स्वामी विवेकानंद कालेज में मनाया आजादी का जश्न

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग में धूमधाम से 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफनर्सिंग में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। 15 अगस्त को भारत की आजादी के 79 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संस्थान परिसर को तिरंगे और देशभक्ति के रंग में सराबोर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों एवं संस्थान की प्रबंध समिति द्वारा मां सरस्वती, मां भारती और देश की महान विभूतियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। प्रबंधक अनुराग दुबे ने ध्वजारोहण किया। जिसके बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया। स्वतंत्रता के इस अमृत कालखंड में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य, नाटकों और गीतों के माध्यम से राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट भावनाएं प्रस्तुत कीं। इसके अलावा छात्र-छात्राओं ने भाषण और मनमोहक रंगोली जैसी प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डायरेक्टर डॉ0 सचिन दुबे ने कहा कि आज पूरा देश आजादी का जश्न मना रहा है। हमारे घरों, दफ्तरों, स्कूलों और कॉलेजों में लहराता तिरंगा इस बात का प्रतीक है कि 200 वर्षों के ब्रिटिश शासन के बाद हमें यह आजादी कितनी मुश्किलों से मिली है। यह दिन हमें उन अमर शहीदों की याद दिलाता है जिन्होंने देश की खातिर अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया।



झण्डा को सलमी देते कालेज के लोग

प्रबंधक अनुराग दुबे ने देश के सभी शहीदों को नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शिवस्वरूप पाठक, संतोष तिवारी, अभिषेक मिश्रा सहित संस्थान के प्राचार्य, शिक्षक और समस्त स्टाफ कर्मी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## सीपी विद्या निकेतन में मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर 15 अगस्त को सीपी विद्या निकेतन के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सत्य प्रकाश अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया। विद्यालय की निदेशिका मिथलेश अग्रवाल, प्रधानाचार्य योगेश चंद्र तिवारी एवं अन्य गणमान्य लोगों ने स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने बच्चों को राष्ट्रभक्ति एवं अनुशासन का मार्गदर्शन प्रदान किया। निदेशिका मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को भारत का इतिहास अवश्य पढ़ना चाहिए। शिक्षकों से मेरी अपील है कि वे समाज में भीड़ का हिस्सा न बनकर बच्चों को राष्ट्र के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य योगेश चंद्र तिवारी, उप प्रधानाचार्य डॉ0 मनोज तिवारी, मनोज श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य दीपक कुमार जैन एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# राजपूताना पब्लिक स्कूल में मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

जहानगंज रोड स्थित राजपूताना पब्लिक स्कूल में देश का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह, उल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम के गायन से हुआ। चेयरमैन वीरेंद्र सिंह राठौर, प्रबंधक संदीप सिंह राठौर एवं प्रधानाचार्य हृदेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से राष्ट्रध्वज फहराया। सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। पूरा विद्यालय परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। स्वतंत्रता दिवस समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावना को जीवंत कर दिया। विद्यार्थियों की शानदार एवं उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से नवनिर्वाचित विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को औपचारिक रूप से बैज एवं सैश प्रदान किए गए। नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं को नेतृत्व, अनुशासन, जिम्मेदारी और सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए शपथ दिलाकर प्रेरित किया गया।





स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में मौजूद प्रधानाचार्य, चेयरमैन व अन्य

एसओएफ-जीके प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय रैंक-3 प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही एसओएफ-जीके में जोनल रैंक-3 प्राप्त करने वाले अन्य गतिविधियों के विजेता विद्यार्थियों को भी मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने इन विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन वीरेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि स्वतंत्रता हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। हमें देश की एकता, अखंडता एवं सम्मान को बनाए रखते हुए एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। प्रबंधक संदीप सिंह राठौर एवं प्रधानाचार्य हृदेश कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रसेवा के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में रतिका मिश्रा, कोमल, देवेंद्र सिंह, महिमा सिंह, मोहम्मद अरशद व विद्यालय के विभिन्न शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

# जीडी गोयनका के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोहा




**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

नगर में फर्रूखाबाद रोड स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत, नृत्य एवं विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की स्वतंत्रता, वीरता और राष्ट्रीय एकता की भावना को अभिव्यक्त किया। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने अतिथियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को भावविभोर कर दिया। समारोह की मुख्य अतिथि गीता देवी को विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। सेंट्रल जेल फतेहगढ़ के पास निवासी गीता देवी के पति वीर शहीद मिलिटरी सिंह ने 1999 के कारगिल युद्ध में देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनके साथ घुसपैठियों का पता लगाने के अभियान में सेना का एक बहादुर डॉग 'लीला' भी शहीद हुआ था। अपनी जान देकर उन्होंने 40 अन्य सैनिकों की जान बचाई थी। इस वीरगाथा को स्मरण करते हुए विद्यालय ने गीता देवी का सम्मान कर देश के वीर जवानों एवं उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. रूबी यादव ने कहा कि स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से देश की एकता, अखंडता, शांति एवं सुरक्षा को बनाए रखने में अपना योगदान देने तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ही भारत के भविष्य का निर्माण करेगी। विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर सैनिकों के त्याग से प्रेरणा लेकर ईमानदारी, अनुशासन, परिश्रम और देशप्रेम को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।


सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

## गोपालजी पुरी

न्यू मार्डन सु कंपनी
लखीमपुर खीरी






सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

## जिला अध्यक्ष

व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान रजिस्टर्ड केयर ऑफ़ महिंद्रा पुस्तक भंडार में रोड लखीमपुर खीरी






# हरियाली तीज महोत्सव में कलाकारों ने बांधा समा



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

नगर के फर्रूखाबाद चौराहा स्थित किसान कोल्ड स्टोरेज में हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में कानपुर से आए कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। वहीं नगर के विभिन्न विद्यालयों से आए छोटे कलाकारों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं। महिलाओं ने भी उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लेकर हरियाली तीज का पर्व मनाया। इस दौरान अर्चना पांडेय के साथ सेल्फी खिंचाने की पूरे समय होड़ मची रही।

कार्यक्रम की संयोजक विधायक अर्चना पांडेय ने सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सावन का यह पर्व प्रकृति की हरियाली, उमंग, आस्था और प्रेम का प्रतीक है। सावन में जब पूरी प्रकृति हरी चादर ओढ़ लेती है तो महिलाओं के मन भी उमंग से भर उठते हैं और वृक्षों की शाखाओं पर झूले पड़ जाते हैं। शिव-पार्वती के पुनर्मिलन से जुड़ा यह पर्व महिलाओं के लिए आस्था और सौंदर्य का उत्सव है। महोत्सव के दौरान महिलाओं ने झूला झूलने, लोकगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, गुरसहायगंज पालिकाध्यक्ष मुन्नीदेवी गुप्ता सिकंदरपुर की, पूर्व चेयरमैन उर्वशी दुबे, संध्या त्रिपाठी, सावित्री पांडेय, रेखा त्रिपाठी, गंगा शर्मा, पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, जिला उपाध्यक्ष गौरव दुबे, सभासद पंकज दुबे, हिमांक त्रिपाठी, संजीव चौहान, राकेश मिश्रा, गौरव अमर त्रिपाठी, शशिकांत शुक्ला, राजीव ठाकुर, आनंद गुप्ता, दिलीप गुप्ता, आलोक गुप्ता टिल्लू, अंकित शर्मा, राहुल रतन पांडेय, राजीव दुबे व अजय चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

> ▸ विधायक अर्चना पांडेय के साथ सेल्फी खिंचाने की रही होड़




सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

## दिलीप कुमार त्रिपाठी

संवाददाता ( पत्रकार), लखीमपुर खीरी



सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

## राजेश शुक्ला

लेखपाल सदर तहसील लखीमपुर खीरी











प्रधान - राम किशुन
सचिव- पुष्पांजलि
ग्राम पंचायत- जारी

प्रधान - राजेश कुमार
सचिव- पुष्पांजलि
ग्राम पंचायत- फतपुरवा

प्रधान - नरेंद् सिंह
सचिव- पुष्पांजलि
ग्राम पंचायत- सैमरा

प्रधान - बंसगोपाल
सचिव- पुष्पांजलि
ग्राम पंचायत- बरगाहनी

प्रधान - श्रीमती प्रियंवदा
सचिव- पुष्पांजलि
ग्राम पंचायत-जमनी पुरवा

# नवोदय विद्यालय पहुंचे सुब्रत, छात्रों से जानी समस्याएं

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



- मेस में भोजन की गुणवत्ता परखी
- मानकों से नहीं होना चाहिए समझौता

जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी में भोजन की गुणवत्ता को लेकर हुए छात्रों के आंदोलन के बाद सोमवार को पूर्व सांसद सुब्रत पाठक नवोदय विद्यालय पहुंचे। उन्होंने मेस का निरीक्षण कर तैयार भोजन की गुणवत्ता परखी। मेस इंचार्ज से भोजन की व्यवस्था की जानकारी लेने के बाद छात्र-छात्राओं से बातचीत कर पूरे मामले की जानकारी ली।

बीते दिनों करीब 100 छात्रों ने भोजन की गुणवत्ता खराब होने और शिक्षकों के व्यवहार को लेकर हॉस्टल में खुद को बंद कर लिया था। छात्रों ने खाना-पीना छोड़कर कई घंटे आंदोलन किया। एडीएम देवेंद्र सिंह, एसडीएम वैभव गुप्ता और डीआईओएस पप्पू सरोज समेत प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्र डीएम को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। करीब 12 घंटे बाद जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री विद्यालय पहुंचे और छात्रों से संवाद कर समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। इसके बाद छात्रों ने आंदोलन समाप्त किया। सोमवार को सुब्रत पाठक ने छात्रों से कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना उनका अधिकार है। यदि अधिकारियों से खिलवाड़ हो तो उसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को भोजन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और छात्रों को मानक के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।राजनीतिक हलकों में भी दौरे को लेकर चर्चा रही। जिले में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण का दौरा होने के बावजूद उनका नवोदय विद्यालय न पहुंचना और पूर्व सांसद सुब्रत पाठक के साथ नयन दोहरे के विद्यालय पहुंचना चर्चा का विषय बना रहा। 14 अगस्त को रोमा गार्डन में बिजली विभाग में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर गोष्ठी आयोजित हुई थी। इस अवसर पर प्राचार्य संदेश कुमार पांडेय, भाजपा नेता जीतू तिवारी, नयन दोहरे, शरद कटियार और दिलीप पांडेय मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने खेरेश्वर मंदिर का किया निरीक्षण

**कानपुर।** नागपंचमी पर्व के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शिवराजपुर स्थित प्रसिद्ध खेरेश्वर मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग तथा सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भीड़ प्रबंधन के प्रभावी इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की सतत निगरानी रखने, भीड़ बढ़ने की स्थिति में तत्काल आवश्यक कदम उठाने तथा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ व्यवस्थाएं संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, पार्किंग, यातायात व्यवस्था तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा।

# स्वतंत्रता दिवस पर व्यापारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा




समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं किराना एसोसिएशन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुरानी गल्ला मंडी से तिरंगे तिराहे तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों पर व्यापारियों ने जमकर डांस किया। रास्ते में रोडवेज स्टेशन के पास कृष्णा स्वीट हाउस की ओर से सभी प्रतिभागियों को स्वल्पाहार कराया गया। तिरंगा तिराहा पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. एस. चंद्रा, कपड़ा कमेटी के अध्यक्ष सचिन वर्मा, सर्राफा कमेटी के अध्यक्ष अनुपम वर्मा, लकड़ी मंडी अध्यक्ष पंकज शर्मा, स्टील एवं लोहा कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश राठौर, युवा कमेटी अध्यक्ष सुशांत गुप्ता सोनू, रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीर गोयल, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, प्रभाकर गुप्ता, संजीव गुप्ता गांधी तथा अजयभान गुप्ता पिंटू सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# जन गण मन और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा सेंट पॉल स्कूल



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के प्रतिष्ठित सेंट पॉल्स विद्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य फादर संथोष सेलेस्टीन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, नृत्य तथा नाटक ने पूरा माहौल देशभक्ति से सराबोर कर दिया। मूक अभिनय ने उन वीर शहीदों की याद ताजा की जिनके बलिदान से आज हम स्वतंत्र हैं। बालिकाओं के नृत्य ने देश के विकास में महिलाओं के योगदान को सम्मान दिया। सत्र 2025-26 के मेधावी छात्रों को मेडल तथा शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। अंतर सदनीय समूह गायन प्रतियोगिता में देशभक्ति गीतों ने विद्यालय परिवार में जोश भर दिया। प्रधानाचार्य फादर संथोष सेलेस्टीन ने कहा स्वतंत्रता दिवस हमें याद दिलाता है कि आजादी का मूल्य समझते हुए हमें देश के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। शिक्षा, अनुशासन और एकता ही राष्ट्र की असली ताकत है। विद्यार्थियों को कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनकर भारत को और मजबूत बनाना चाहिए।

# जलभराव से परेशान महिलाओं ने घेरी नगर पालिका

- पालिकाध्यक्ष ने दिया जल्द समाधान का आश्वासन

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ कन्नौज।



नगर के मोहल्ला त्रिपाठी नगर में लंबे समय से जलभराव की समस्या से परेशान महिलाओं नर नगर पालिका घेर ली और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए समस्या का जल्द स्थायी समाधान कराने की मांग की।

महिलाओं ने बताया कि हल्की बारिश होते ही मोहल्ले की गलियां जलमग्न हो जाती हैं। जलभराव के कारण लोगों का आवागमन प्रभावित होता है। कई बार गंदा पानी घरों में घुसने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। लंबे समय तक पानी जमा रहने से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कत होती है। महिलाओं का कहना था कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका।

पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने महिलाओं की समस्याएं सुनीं। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों और तकनीकी टीम को मौके पर भेजकर स्थिति का निरीक्षण कराया जा चुका है। जल निकासी की बेहतर व्यवस्था के लिए खाका तैयार किया जा रहा है। उन्होंने जल्द ही जलभराव की समस्या का स्थायी निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। तब कहीं महिलाओं का आक्रोश शांत हुआ और वे वापस लौट गईं।

## बिजली संकट से ग्रामीण परेशान सपा नेता से लगाई गुहार

**तिर्वा/कन्नौज।** तिर्वा विद्युत उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में बिजली कटौती और बार-बार फाल्ट से उपभोक्ता परेशान हैं। सोमवार को तिर्वा तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत ड्योढ़ा के ग्रामीणों ने एकजुट होकर समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अंशू पाल के सामने बिजली समस्या रखी और समाधान की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि अनियमित बिजली आपूर्ति से किसान और अन्य ग्रामीण प्रभावित हैं। गांव में दो नई डीपी लगवाने, टूटे बिजली पोल को हटाकर नया पोल लगवाने तथा आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो प्रदर्शन किया जाएगा।
ग्रामीणों की शिकायत पर अंशू पाल ने उपखंड अधिकारी तिर्वा को पत्र भेजकर समस्या के जल्द समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेकर समय रहते निस्तारण करना चाहिए। वहीं, उपखंड अधिकारी अरविंद कुमार ने बिजली कटौती से इनकार करते हुए कहा कि फाल्ट होने पर उसे ठीक करने में समय लगता है।

# ग्लोबल एजुकेशन में जोश-खरोश से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**छिबरामऊ कन्नौज।** नगर के फर्रुखाबाद रोड स्थित ग्लोबल एजुकेशन में स्वतंत्रता दिवस बड़े जोश-खरोश के साथ मनाया गया। प्रबन्धक एहतिशामुद्दीन व प्राचार्य डॉ. राजीव कुमार ओझा ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के पश्चात छात्रों ने जोरदार नारे लगाए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजीव कुमार ओझा ने आजादी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि स्वतंत्रता हमारे पूर्वजों के बलिदान का फल है। हमें इसकी रक्षा करते हुए देश की प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए। शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की नींव है, इसलिए छात्रों को ज्ञान और नैतिक मूल्यों से युक्त बनना चाहिए। प्रबन्धक एहतिशामुद्दीन ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें याद दिलाता है कि एकता और अनुशासन से ही राष्ट्र मजबूत बनता है। विद्यालय परिवार को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में ग्लोबल एजुकेशन का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# खबरें एक नजर में

## देश के वीर सपूतों को किया नमन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कृष्णा फाउंडेशन के तत्वावधान में श्री संत गेस्ट हाउस में स्वतंत्रता दिवस और हरियाली तीज के पावन पर्व पर गांधी जी, भगत सिंह सहित उन अनगिनत वीर सपूतों को नमन किया गया जिन्होंने अंग्रेज़ों से आज़ादी दिलायी थी। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण व महिला सशक्तिकरण पर भी चर्चा हुई। मेहंदी प्रतियोगिता, राधाकृष्ण डांस, लोक गीत प्रतियोगिताओं की विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इसके साथ ही कुर्सी दौड़ सहित महिलाओं के लिए कई गेम भी हुए गए। इस अवसर पर कृष्णा फाउंडेशन की प्रबंधक रंजू सिंह लकी, निर्मला दीक्षित, संगीता मिश्रा, उर्मिला पाल, ममता यादव, गीता कुशवाह, विनीता द्विवेदी, हिमानी, ममतेश पाल, विमलेश, सुधा पाल, पूनम पाल, मनोरमा, विभा दीक्षित सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## राशन कोटेदारों का कमीशन बढ़कर 125 रुपये प्रति कुंतल

**कन्नौज।** राशन कोटेदारों के लिए योगी सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। अब कोटेदारों को 90 रुपये प्रति कुंतल की जगह 125 रुपये प्रति कुंतल कमीशन मिलेगा। सरकार के इस फैसले से कोटेदारों में खुशी की लहर है। कोटेदारों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए निर्णय का स्वागत किया।
कलेक्ट्रेट सभागार में कोटेदारों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य सहित जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कोटेदारों की समस्याओं, राशन वितरण व्यवस्था और सरकारी योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि जनपद में अब तक 140 अन्नपूर्णा भवन मनरेगा के तहत बनकर संचालित हो चुके हैं। विभाग की ओर से 28 और अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा रहा है, जिनमें 11 भवन बनकर तैयार हो चुके हैं। शेष भवनों का निर्माण भी एक माह के भीतर पूरा कर विभाग को सौंपने का लक्ष्य रखा गया है। इन भवनों के माध्यम से राशन वितरण व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। कमीशन बढ़ाए जाने के फैसले पर कोटेदारों ने खुशी जताते हुए कहा कि लंबे समय से कमीशन बढ़ाने की मांग की जा रही थी। सरकार के निर्णय से उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी और राशन वितरण व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित करने में भी मदद मिलेगी।

## पिछड़ा वर्ग आयोग आज कन्नौज में करेगा जनसुनवाई

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का चार सदस्यीय दल मंगलवार, 18 अगस्त को कन्नौज पहुंचेगा। आयोग अध्यक्ष न्यायमूर्ति रामऔतार सिंह के नेतृत्व में दल विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक जनसुनवाई करेगा। जनसुनवाई में प्रत्येक विकासखंड से पांच तत्कालीन ग्राम प्रधान/प्रशासक, तीन तत्कालीन क्षेत्र पंचायत सदस्य, सभी तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख, दो-दो जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष/प्रशासक, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, खंड विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी (पंचायत शामिल होंगे। आयोग स्थानीय ग्रामीण निकायों में पिछड़े वर्गों के आरक्षण एवं प्रतिनिधित्व से जुड़े विषयों पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से जानकारी लेगा। इसके बाद संबंधित विकासखंड और ग्राम पंचायतों का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। दल में सेवानिवृत्त जिला जज बृजेश कुमार, सेवानिवृत्त अपर जिला जज संतोष कुमार विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. अरविंद कुमार चौरसिया और सेवानिवृत्त आईएएस एसपी सिंह शामिल रहेंगे।

# लाभांश बढ़ने से राशन विक्रेता खुश



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में वृद्धि किए जाने के अवसर पर तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक अर्चना पांडे ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी।

विधायक ने कहा कि सरकार उचित दर विक्रेताओं के साथ ही आम जनता के हितों को ध्यान में रखकर लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि उचित दर विक्रेताओं का लाभांश 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया है। लाभांश बढ़ने से राशन विक्रेताओं में खुशी का माहौल है। विधायक ने कहा कि यह वृद्धि सरकार की उचित दर विक्रेताओं के हितों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, पूर्ति निरीक्षक सहित उचित दर विक्रेता और अन्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने राशन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया।

# कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करने में जुटे विकास उपाध्याय

- कार्यक्रम के तहत गांव-गांव किया जनसंपर्क
- जिलाध्यक्ष व नगर अध्यक्ष पद के दावेदारों पर भी चर्चा

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से पूर्व विधायक एवं पर्यवेक्षक विकास उपाध्याय ने सोमवार को जिले का व्यापक दौरा किया।

उन्होंने गांव-गांव पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर संगठन विस्तार की रणनीति पर चर्चा की।

इस दौरान उन्होंने ब्लॉक व मंडल अध्यक्षों समेत कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, जनता से लगातार संवाद बनाए रखने और पार्टी की नीतियों व विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

विकास उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस की ताकत उसका कार्यकर्ता है। गांव से लेकर बूथ और मंडल स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय और संगठित कर ही संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है। संगठन सृजन कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर पार्टी को और प्रभावी बनाना है। इसीक्रम में कन्नौज शहर अध्यक्ष के चयन को लेकर संभावित उम्मीदवारों से वन-टू-वन चर्चा की गई। वहीं, सोमवार को आशा होटल में कांग्रेस के पर्यवेक्षक दल ने पत्रकारों के साथ प्रेसवार्ता की। इसमें जिले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष और नगर अध्यक्ष पद के संभावित प्रत्याशियों को लेकर चर्चा की गई।

संगठन को सक्रिय बनाने और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

# दो ग्रा.पं. में पुस्तकालय व मॉडल शॉप का लोकार्पण

समृद्धि न्यूज, हरदोई।



विकासखंड भरावन की ग्राम पंचायत लौली में शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर ने पंचायत भवन में स्थापित पुस्तकालय का लोकार्पण किया।

इस दौरान ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। सरकार की ओर से विकासखंड की 35 ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय खोले जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अध्ययन के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना है। लोकार्पण के दौरान ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर ने कहा, ÷गांव के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो उन्हें बेहतर संसाधन और सही दिशा देने की। ग्राम पंचायतों में खोले जा रहे पुस्तकालय बच्चों के लिए ज्ञान का केंद्र बनेंगे। सभी अभिभावक अपने बच्चों को पुस्तकालय भेजें और उपलब्ध पुस्तकों का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। इसके बाद ग्राम पंचायत इटौंजा में ब्लॉक प्रमुख ने मॉडल शॉप एवं पुस्तकालय का लोकार्पण किया। उन्होंने मॉडल शॉप के कोटेदार को दुकान की चाबी भी सौंपी। ग्रामीणों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों का नियमित अध्ययन कर बच्चे अपनी शिक्षा को मजबूत बनाएं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी इसका लाभ उठाएं। कार्यक्रम के दौरान प्रधान योगेंद्र अर्कवंशी, प्रधान विनोद सिंह, अरविंद सिंह सहित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, छात्र एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी का वेतन रोका

समृद्धि न्यूज, कानपुर नगर।



जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सोमवार को सदर तहसील क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय लोधवा खेड़ा का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में तैनात पांच अध्यापकों में से चार विद्यालय में उपस्थित नहीं मिले और केवल शिक्षामित्र महेश प्रसाद मौजूद थे। वहीं, नामांकित 106 विद्यार्थियों के सापेक्ष मात्र तीन विद्यार्थी उपस्थित मिले।

विद्यालय में शिक्षक एवं विद्यार्थियों की अत्यंत कम उपस्थिति पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी का वेतन रोकने तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक रंजना गुप्ता और शिक्षिका क्षमा श्रीवास्तव आकस्मिक अवकाश पर थीं। साफिया खातून अंसारी बीआरसी में आयोजित प्रशिक्षण में गई थीं, जबकि सबीहा हसन जैदी चिकित्सकीय अवकाश पर थीं। विद्यालय में केवल शिक्षामित्र महेश प्रसाद उपस्थित मिले।

जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी का दायित्व था कि शिक्षकों के अवकाश एवं प्रशिक्षण के बावजूद विद्यालय में पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एक ही दिन अधिकांश शिक्षकों के विद्यालय में उपस्थित न रहने से शिक्षण कार्य प्रभावित होना गंभीर विषय है। उन्होंने भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न होने देने के निर्देश दिए। डीएम ने 106 के सापेक्ष केवल तीन विद्यार्थियों की उपस्थिति पर भी जवाबदेही तय करने और बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

# कांवड़ियों को माला पहनाकर पुलिस ने समझाए यातायात नियम

- प्रसाद खिलाकर किया स्वागत, बड़े वाहनों को कराया डायवर्ट

समृद्धि न्यूज़, समधन।



सावन में कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सराहनीय पहल की। रविवार रात रामाश्रम स्थित चौकी प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह ने गंगाजल भरने के लिए श्रृंगीरामपुर घाट जा रहे कांवड़ियों के जत्थे को रोककर फूलमाला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में हलवा वितरित किया गया। चौकी प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह ने कांवड़ियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय गति नियंत्रित रखें और जल्दबाजी न करें। उन्होंने कहा कि सावधानी से वाहन चलाने पर न केवल स्वयं दुर्घटना से बचा जा सकता है, बल्कि अन्य राहगीरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है। पुलिस की इस पहल से कांवड़ियों में भी उत्साह देखने को मिला। वहीं मलिकपुर स्थित तेराजाकेट जाने वाले तिराहे पर गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी के निर्देश पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

कांवड़ियों के सुगम आवागमन के लिए कानपुर की ओर से आने वाले बड़े वाहनों को डायवर्ट किया गया, जिससे कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात बाधित न हो।

पूरी रात कांवड़ियों के जत्थे दोपहिया और चारपहिया वाहनों से 'बम भोले' के जयकारे लगाते हुए गुजरते रहे। पुलिस की सतर्कता और यातायात व्यवस्था के चलते कांवड़ियों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने सुनीं फरियाद

**कन्नौज।** तहसील सदर में सोमवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। डीएम ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 77 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 17 का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। इस दौरान किसान दरोगा सिंह की खतौनी में नाम दर्ज होने संबंधी समस्या सामने आई। डीएम के निर्देश पर तत्काल खतौनी दुरुस्त कर किसान को उपलब्ध कराई गई। त्वरित कार्रवाई पर किसान ने अधिकारियों का आभार जताया।
डीएम ने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और अन्य शिकायत पोर्टलों पर लंबित मामलों की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं होगी।

# विजेता को सांसद अशोक रावत ने किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज, भरावन हरदोई।



पीएम श्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज खसरौल में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

प्रधानाचार्या राजेश्वरी ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अंडर-14 में सिद्धार्थ, आदित्य शर्मा सहित अन्य खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की। अंडर-17 में सुभाष, रोहित शर्मा, हिमांशु, अमित, संदीप वर्मा चौधरी, शिवा तिवारी और आयुष श्रीवास्तव अपने-अपने भार वर्ग में विजेता रहे। सब-जूनियर बालिका वर्ग के 39 किलोग्राम में काजिनी विजेता रहीं। विद्यालयवार परिणाम में सब-जूनियर बालक वर्ग में आईआर इंटर कॉलेज संडीला प्रथम, दुर्गा प्रसाद इंटर कॉलेज खसौरा द्वितीय रहा। जूनियर बालक वर्ग में दुर्गा प्रसाद इंटर कॉलेज खसौरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सांसद अशोक रावत ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा नेता प्रमोद सिंह, मंडल अध्यक्ष सूरज चौहान, प्रतिनिधि नरेंद्र बाजपेई, अवधेश त्रिपाठी, प्रेम प्रकाश मिश्र, प्रवेश तिवारी, आशीष अवस्थी, विक्रम सिंह, राकेश पांडे बुद्धी, शोभित शुक्ल मौजूद रहे।

# जिलाध्यक्ष ने अद्विका एस्थेटिक, लेजर क्लीनिक का किया उद्घाटन

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**

शहर के आईटीआई रोड स्थित अद्विका एस्थेटिक एण्ड लेजर क्लिनिक का उद्घाटन भाजपा के जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। इस दौरान क्लिनिक की संचालिका डॉ0 किरण सिंह व डॉ0 रवि आनंद ने बताया कि उनके इस क्लिनिक में त्वचा (स्किन), बाल एवं दाँतों से संबंधित विभिन्न समस्याओं का आधुनिक मशीनों द्वारा समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह फतेहपुर का पहला ऐसा एस्थेटिक एण्ड लेजर क्लिनिक है, जहाँ एक ही स्थान पर लोग अत्याधुनिक तकनीक से अपना इलाज करा सकते हैं। क्लिनिक में



मुँहासे, चेहरे के काले दाग, झुर्रियां, सफेद दाग, सोरायसिस, खुजली, लेजर द्वारा गालों के गड्ढों का इलाज तथा अनचाहे बालों को हटाने की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा आरसीटी, क्राउन कैपिंग, दाँतों व टूटे जबड़े का फ्रैक्चर, दाँतों को सफेद व चमकदार बनाने के लिए लेजर ब्लीचिंग, बालों का झड़ना, गंजापन और हेयर ट्रांसप्लांट की आधुनिक सुविधाएँ भी मिलेंगी। साथ ही पेट दर्द, जुकाम, बुखार, बच्चेदानी में गांठ, गुर्दे में गांठ, हर्निया और पित्त की गांठ का भी उपचार किया जाएगा। इसके साथ ही अद्विका कॉस्मेटिक एण्ड मेकअप स्टूडियो की शुरुआत भी की गई है, जहाँ दुल्हन का मेकअप, वाटर रेसिस्टेंट मेकअप, दूल्हा मेकअप, हेयर कट, हेयर स्टाइल व हेयर कलर की सुविधाएँ मिलेंगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक विक्रम सिंह, पूर्व विधायक करण सिंह पटेल, समाजसेवी अशोक तपस्वी, सरोज मौर्या, नीरा बहन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रवीण, सरोज मौर्या, दयाशंकर गुप्ता, सुनीता गुप्ता, वंदना द्विवेदी, अभिषेक शुक्ला, बच्चा तिवारी, डॉ0 अलका गुप्ता, डॉ0 अभय पटेल, डॉ0 अभिषेक शर्मा, डॉ0 पी.के. गुप्ता, डॉ0 संतोष कुमार, डॉ0 के.पी. सिंह, डॉ0 वृंदावन, डॉ0 एम. हसन, डॉ0 तबस्सुम फातिमा, डॉ0 के.के. चौधरी एवं डॉ0 अमित मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिकायतों का समय सीमा में करें निस्तारण

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**

शासन की मंशा है कि आम जन मानस की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो, के क्रम में माह अगस्त के तृतीय शनिवार को स्वतंत्रता दिवस होने के कारण आज दिन सोमवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के सयुंक्त तत्वाधान में तहसील बिन्दकी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने अथवा सम्बंधित अधिकारी/ कर्मचारी द्वारा समय संज्ञान न लेने पर जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शासकीय कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये। उन्होंने कहा कि वादों ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराया जाये।






**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम फरहत उल्ला था। जिसे बदलकर मैंने फरहत उल्ला किदवाई कर लिया है। भविष्य में मुझे फरहत उल्ला किदवाई नाम से जाना पहचाना जाए। फरहत उल्ला किदवाई पुत्र वकायत हुसैन किदवाई **निवासी सी/118, नेहरू नगर निकट मस्जिद, नवाबगंज, जिला बाराबंकी।**


सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



**योगेश कुमार**
**लेखपाल**
राजस्व विभाग
मरौदा मझवारा, मरौदा सूचित, मरौदा कटरी

स्वतन्त्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**NEHA HOSPITAL**
ICU, NICU, PBU, BURN UNIT
DIGITAL X-RAY, PATHOLOGY
ULTRASOUND, AMBULANCE
Subba Kheda, Pariyar, Chakalwanshi Road, Unnao-209871
Mobile : 6392002811, 8429000980

नगर पालिका परिषद छिबरामऊ, जनपद-कन्नौज।
स्वच्छ सर्वेक्षण
पत्रांक-199/DA-01/विज्ञापन/2026-27 दिनांक 14, अगस्त 2026

स्वतन्त्रता दिवस एवं रक्षाबन्धन व जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनायें

**नागरिकों से अपील**

1. स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 आरम्भ हो रहा है, जिसमें अपने शहर छिबरामऊ को नं0 1 बनाने में सहयोग करें।
2. आपका शहर छिबरामऊ ओ0डी0एफ0 ++ घोषित हो चुका है।
3. सार्वजनिक मार्गों पर पशुओं को न बांधे, पालन न करने पर चालानी कार्यवाही की जायेगी।
4. आप सभी सफाई सम्बन्धित शिकायत 1533/14420 व सुझाव Swachhata Mohua App के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं।
5. प्रतिबन्धित पॉलीथीन/थर्माकोल/सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें। नगर के सभी गेस्ट हाउस, होटल, धर्मशाला संचालकों से अपील है कि अपने यहां सम्पन्न होने वाले वैवाहिक एवं अन्य किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रमों में प्रतिबन्धित पॉलीथीन/थर्माकोल/सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न होने दें।
6. रोड पटरी पर निर्माण/विध्वंस सामग्री एकत्रित न करें, पालन न करने पर चालानी कार्यवाही की जायेगी।
7. अपने दरवाजे पर आने वाले ई-रिक्शा/कूड़ा गाड़ी में गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक डालें एवं घरेलू खतरनाक कचरे को अलग से सौंपे।
8. 03 वर्ष के अन्दर सेप्टिक टैंक की सफाई अवश्य करायें एवं केवल पंजीकृत ऑपरेटर से ही सफाई करवायें।
9. घर से उत्पन्न गीले कूड़े (प्राकृतिक कूड़ा) का निपटान अपने घर पर होम कम्पोस्टिंग द्वारा करें।
10. आप सभी नागरिकों से अनुरोध है कि RRR (Reuse, Recycle, Reduce) सिद्धांतों को अपनी जीवन शैली में अपनाएं।
11. गौवंशों को आवारा न छोड़ें एवं नाला/नाली, फुटपाथ, सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करें।
12. नगर पालिका के करों का भुगतान समय से करें एवं भवन निर्माण करवाने से पूर्व भवन मानचित्र अवश्य स्वीकृत करवायें।

समस्त सम्मानित सभासदगण
नगर पालिका परिषद
छिबरामऊ-कन्नौज

(मनोज दुबे)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
छिबरामऊ-कन्नौज।

